RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 124
नई दिल्ली, शनिवार, 11 मार्च, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर



अब काफी बेहतर महसूस करते हुए नींद आएगी
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# मोदी ने आस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हमले का मुद्दा उठाया

**मोदी-अल्बनीज वार्ता**

- खालिस्तानी समर्थक गतिविधियों को लेकर अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष को भारत की चिंताओं से अवगत कराया
- दोनों नेताओं के बीच वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज अपने बच्चों के संग नंगे पांव राजघाट पहुंचे और महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हमलों की हालिया घटनाओं और वहां खालिस्तानी समर्थक गतिविधियों को लेकर शुक्रवार को अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बनीज को भारत की चिंताओं से अवगत कराया। दोनों नेता रक्षा संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के साथ ही भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) को जल्द से जल्द पूरा करने पर सहमत हुए।

पहली भारत-ऑस्ट्रेलिया शिखर वार्ता के बाद, अल्बनीज ने कहा कि दोनों पक्ष वर्ष 2023 तक सीईसीए को मजबूत करने पर विचार कर रहे हैं और प्रवासन और गतिशीलता समझौते पर प्रगति हुई है जो छात्रों और पेशेवरों को लाभान्वित करेगी। मोदी ने अल्बनीज की मौजूदगी में मीडिया को दिए बयान में ऑस्ट्रेलिया में भारतीय समुदाय के योगदान का जिक्र किया और पिछले कुछ हफ्तों में ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हमलों की खबरों को खेद का विषय बताया। मोदी ने कहा, भारतीय प्रवासी अब आस्ट्रेलिया में दूसरा सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है। यह भारतीय समुदाय ऑस्ट्रेलिया के समाज और अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय योगदान दे रहा है, लेकिन यह खेद का विषय है कि पिछले कुछ सप्ताह से ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हमलों की खबरें नियमित रूप से आ रही हैं। उन्होंने कहा, स्वाभाविक है कि ऐसे समाचार भारत में सभी लोगों को चिंतित करते हैं, हमारे मन को व्यथित करते हैं।

मोदी ने कहा कि उन्होंने इन भावनाओं और चिंताओं को प्रधानमंत्री अल्बनीज के समक्ष रखा। भारतीय प्रधानमंत्री ने कहा, उन्होंने मुझे आश्वस्त किया है कि भारतीय समुदाय की सुरक्षा उनके लिए विशेष प्राथमिकता है और इस विषय पर हमारे दल नियमित संपर्क में रहेंगे और यथासंभव सहयोग करेंगे। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ऑस्ट्रेलिया में भी खालिस्तानी समर्थक संगठनों द्वारा पैदा की गई गड़बड़ी पर चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने उस देश में भारतीय समुदाय और मंदिरों को निशाना बनाने वाली तोड़फोड़ और हिंसा की घटनाओं पर कड़ी चिंता व्यक्त की। क्वात्रा ने कहा कि अल्बनीज ने मोदी को आश्वासन दिया कि उनकी सरकार को भारत की चिंताओं की गहरी समझ है और यह सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जाएंगे कि समाज में शांति और सद्भाव बना रहे। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों में तोड़फोड़ और खालिस्तानी समर्थक गतिविधियों की घटनाओं से संबंधित हमारी चिंताओं (शेष पेज 8)

## भारत बगैर जलवायु चुनौतियों का हल नहीं निकल सकता: अल्बनीज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- आस्ट्रेलियाई पीएम ने आईआईटी, दिल्ली में एक कार्यक्रम को किया संबोधित

**ऑस्ट्रेलिया** के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने शुक्रवार को यहां कहा कि भारत ग्लोबल साउथ में नेतृत्व प्रदान करने की बेहतर स्थिति में है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत को केंद्र में रखे बिना जलवायु चुनौतियों का समाधान नहीं हो सकता है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अल्बनीज ने कहा कि शिक्षा अर्थव्यवस्था को विकसित करने और अवसर पैदा करने के लिए है क्योंकि यह उत्पादकता, नए विचारों और अधिक दक्षता की कुंजी है।

उन्होंने कहा, भारत ग्लोबल साउथ में नेतृत्व प्रदान करने के लिए एक बेहतर स्थिति में है। भारत को केंद्र में रखे बिना जलवायु चुनौतियों का समाधान नहीं हो सकता है। ऑस्ट्रेलिया अपने स्थान को देखते हुए एक नवीकरणीय ऊर्जा महाशक्ति बन जाएगा। भारत भी बनेगा, और इसलिए सहयोग करने और एक साथ काम करने के लिए बहुत अच्छे अवसर हैं। अल्बनीज ने कहा, ऑस्ट्रेलिया प्राकृतिक संसाधनों, महत्वपूर्ण पृथ्वी खनिजों से समृद्ध है जो अक्षय ऊर्जा के उत्पादन में मदद कर सकते हैं। इसलिए, यह साझेदारी भारत को बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने में मदद करेगी।

उन्होंने कहा, दुनिया में (आज) भारत के बारे में नजरिया 1991 की तुलना में बहुत अलग है, जब मैंने पहली बार देश का दौरा किया था। अल्बनीज ने कहा कि भारत हिंद महासागर क्षेत्र में एक स्वाभाविक अगुआ है और दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा, भारत और ऑस्ट्रेलिया स्वाभाविक साझेदार हैं। बेहतर भविष्य (शेष पेज 8)

# बीएसएफ की रिक्तियों में पूर्व अग्निवीरों को 10% आरक्षण



प्रतीकात्मक चित्र

**भाषा।** नई दिल्ली

- गृह मंत्रालय ने किया ऐलान, ऊपरी आयु सीमा में दी जाएगी छूट

**केंद्रीय** गृह मंत्रालय ने अपनी महत्वाकांक्षी अग्निपथ योजना को बढ़ावा देने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में रिक्तियों में पूर्व अग्निवीरों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट के साथ ही 10 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा की है। सीमा सुरक्षा बल, जनरल ड्यूटी कैडर (अराजपत्रित) भर्ती नियम, 2015 में संशोधन के बाद यह घोषणा एक अधिसूचना के जरिए की गई और यह नौ मार्च से प्रभावी होगी।

अधिसूचना में कहा गया है, दस प्रतिशत रिक्तियां पूर्व-अग्निवीरों के लिए आरक्षित होंगी। मंत्रालय ने कहा कि हालांकि पूर्व अग्निवीरों के पहले बैच के उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में पांच साल तक की छूट होगी, अन्य बैच के उम्मीदवारों के वास्ते यह सीमा तीन साल तक की छूट होगी। अधिसूचना में कहा गया है कि पूर्व अग्निवीरों को भी शारीरिक दक्षता परीक्षा से छूट मिलेगी। गौरतलब है कि सरकार ने पिछले साल 14 जून को दशकों पुरानी रक्षा भर्ती प्रक्रिया में आमूलचूल परिवर्तन करते हुए, थलसेना, नौसेना और वायुसेना में सैनिकों की भर्ती संबंधी अग्निपथ नामक योजना की घोषणा की थी, जिसके तहत सैनिकों की भर्ती चार साल की लघु अवधि के लिए संविदा आधार पर की जाएगी।

योजना के तहत भर्ती होने वालों को अग्निवीरों के नाम से जाना जाएगा। चार साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद योजना में नियमित सेवा के लिए हर बैच से 25 प्रतिशत सैनिकों को (शेष पेज 8)

# पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट को यूपी कैबिनेट ने दी मंजूरी

**नगर निकाय चुनाव**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- रिपोर्ट को सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत करेगी राज्य सरकार 11 अप्रैल को होगी सुनवाई
- सरकार शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 27 फीसदी आरक्षण सुनिश्चित करने को प्रतिबद्ध

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को लोकभवन में हुई कैबिनेट बैठक में 21 प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में शहरी स्थानीय निकाय चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को आरक्षण प्रदान करने के लिए गठित पांच सदस्यीय आयोग की रिपोर्ट को कैबनिेट ने मंजूरी दे दी है।

नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार इस रिपोर्ट को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करेगी। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में अगली सुनवाई 11 अप्रैल को होगी। सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश-निर्देश के अनुसार सरकार कार्यवाही करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग को समुचित 27 फीसदी आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है। ओबीसी आरक्षण के संबंध में आयोग की रिपोर्ट बीते बृहस्पतिवार शाम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपी गई थी। कैबिनेट की बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने बताया, आयोग ने अपनी रिपोर्ट तीन महीने के भीतर सौंप दी।

कैबिनेट की बैठक में इसे स्वीकार्य कर लिया गया। रिपोर्ट अब उच्चतम न्यायालय के समक्ष पेश की जाएगी, जहां यह मामला विचाराधीन है। हालांकि, मंत्री ने रिपोर्ट की सामग्री साझा करने से इंकार कर दिया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊपीठ (शेष पेज 8)

## सिसोदिया 17 मार्च तक ईडी की हिरासत में

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अदालत** ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को शुक्रवार को 17 मार्च तक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया है। संघीय जांच एजेंसी ने उस साजिश का पर्दाफाश करने के लिए सिसोदिया की हिरासत मांगी थी, जिसके जरिए उन्होंने 290 करोड़ रुपए कथित तौर पर अपराध से अर्जित किए हैं। ईडी ने दिल्ली की आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के एक मामले में एक दिन पहले ही सिसोदिया को गिरफ्तार किया था। विशेष न्यायाधीश एम. के. नागपाल ने धनशोधन रोधी जांच एजेंसी को आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता सिसोदिया को हिरासत में लेकर पूछताछ करने की अनुमति दी। ईडी ने सिसोदिया की 10 दिन की हिरासत मांगी थी। राउज एवेन्यू अदालत में चल रही सुनवाई के दौरान जांच एजेंसी के वकील ने आरोप लगाया कि सिसोदिया ने घोटाले के बारे में गलत बयान दिया और एजेंसी आरोपियों की कार्यप्रणाली का पता लगाना चाहती (शेष पेज 8)

# महिला बिल के बहाने तीसरे मोर्चे को फिर हवा

- बीआरएस नेता कविता के आह्वन पर जंतर-मंतर पर जुटे गैर-कांग्रेसी-गैर भाजपा मोर्चे की वकालत करने वाले विपक्षी दल

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली



महिला आरक्षण विधेयक के लिए नई दिल्ली स्थित जंतर मंतर पर एक दिन की भूख हड़ताल पर बैठीं बीआरएस नेता के. कविता। फोटो : रंजन डिमरी

**महिला** आरक्षण विधेयक के मुद्दे पर विपक्षी दलों के एक धड़े के एकजुट होकर दिल्ली में प्रदर्शन से गैर-कांग्रेसी गैर-भाजपा राजनीतिक तीसरा मोर्चा बनने की संभावनाओं को फिर बल मिला।

संसद सत्र के सोमवार से शुरू हो रहे दूसरे चरण से पहले महिला आरक्षण का मुद्दा उठाते हुए भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता के आह्वान पर कांग्रेस और टीएमसी को छोड़कर ज्यादातर विपक्षी दल जंतर-मंतर पर जुटे। तेलंगाना के मुख्यमंत्री और बीआरएस प्रमुख के चंद्रशेखर राव द्वारा बिहार में अपने समकक्ष नीतीश कुमार सहित कई नेताओं के साथ बैठक शुरू करने के बाद तीसरे मोर्चे के लिए यह उनका दूसरा प्रयास है।

नीतीश से मिलने से पहले केसीआर महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, पश्चिम बंगाल में (शेष पेज 8)

**नौकरी के बदले जमीन घोटाला**

## लालू परिवार, राजद नेताओं के परिसरों पर ईडी की छापेमारी

**भाषा।** नई दिल्ली/पटना

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में धनशोधन की जांच के सिलसिले में शुक्रवार को बिहार के कई शहरों एवं कई अन्य जगहों पर छापेमारी की। छापेमारी बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद की तीन पुत्रियों और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेताओं के परिसरों में की गई। अधिकारियों ने कहा कि छापे पटना, फुलवारी शरीफ, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), रांची और मुंबई में लालू प्रसाद की बेटियों रागिनी यादव, चंदा यादव और हेमा यादव और राजद के पूर्व विधायक अबू दोजाना से जुड़े परिसरों में मारे जा रहे हैं। केंद्रीय सुरक्षा बलों के सुरक्षा घेरे के साथ करीब दो दर्जन ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रसाद के बेटे और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के दक्षिण दिल्ली स्थित एक (शेष पेज 8)

# 465 करोड़ से चमकाएंगे अयोध्या को

- मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मंत्रिमंडल ने दी प्रस्ताव को मंजूरी, विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे का विकास किया जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शुक्रवार को हुई उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में अयोध्या में 465 करोड़ रुपए की विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के विकास के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, अयोध्या में राष्ट्रीय राजमार्ग-27 से नया घाट पुराने पुल तक धर्म पथ के दो किलोमीटर के हिस्से को अब 65 करोड़ रुपए की लागत से चौड़ा और विस्तारित किया जाएगा।

इसमें कहा गया कि अयोध्या में 9.02 किमी. लंबी पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के विकास और 23.94 किलोमीटर चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग को चार लेन में बदलने के लिए भी 200-200 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। अयोध्या में भगवान राम के भव्य दिव्य मंदिर लोकार्पण जनवरी 2024 में प्रस्तावित हैं और इसके बाद (शेष पेज 8)

### शाहजहांपुर, आगरा बिजनौर समेत चार स्थानों पर खुलेंगे निजी विवि

**लखनऊ।** मंत्रिमंडल की बैठक में चार नए निजी विश्वविद्यालयों को आशय पत्र जारी करने का भी निर्णय लिया गया है। इन विश्वविद्यालयों में वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय शाहजहांपुर, टीएस मिश्रा विश्वविद्यालय लखनऊ फारुख हुसैन विश्वविद्यालय आगरा और विवेक राष्ट्रीय विश्वविद्यालय बिजनौर शामिल हैं। बयान में कहा गया, नए निजी विश्वविद्यालयों को आशय पत्र जारी करने का उद्देश्य शिक्षा के स्तर को सुधारना और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। बयान के मुताबिक, आशय पत्र जारी होने के बाद दो साल के अंदर इन विश्वविद्यालयों को सभी औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी। औपचारिकताएं पूरी नहीं करने पर आशय पत्र निरस्त हो जाएगा।

### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,135 | ↓ | 671 | |
| निफ्टी | 17,412 | ↓ | 176 | |
| सोना | 55,540 | ↑ | 395 | /10g |
| चांदी | 62,095 | ↓ | 115 | /kg |

### क्विक न्यूज

**सीयूईटी के लिए आवदेन की तारीख 30 तक बढ़ी**

**नई दिल्ली।** समान विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) के दूसरे संस्करण के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख बढ़ाकर 30 मार्च कर दी गई है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष एम जगदीश कुमार ने शुक्रवार को यह घोषणा की। उल्लेखनीय है कि पूर्व मे आवेदन करने की अंतिम तारीख 12 मार्च थी और परीक्षा 21 मई से 31 मई निर्धारित की गई है। यूजीसी ने पिछले साल मार्च मे घोषणा की थी कि सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों के स्नातक पाठ्यक्रम मे प्रवेश समान परीक्षा के आधार पर होगा न कि 12वीं कक्षा मे मिले अंकों के आधार पर। स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया जुलाई तक संपन्न होगी और नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत एक अगस्त से होगी।

# इंफ्लूएंजा पर केंद्र ने राज्यों को चेताया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- हरियाणा और कर्नाटक में एक-एक मौत, दोनों लोग सह रोग से भी थे पीड़ित

**मौसमी** इंफ्लूएंजा के चलते भारत में पहली दो मौतें होने पर केंद्र सरकार ने राज्यों को सतर्क रहने और बढ़ते मामलों पर करीब से निगाह रखने के निर्देश दिए हैं। इस वायरस संक्रमण के चलते शुक्रवार को कर्नाटक और हरियाणा में एक-एक व्यक्ति की मौत होने की पुष्टि हुई है।

हालांकि दोनों ही मरीज अन्य बीमारियों से भी जूझ रहे थे। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, इसी साल दो जनवरी से पांच मार्च तक देश में एच3एन2 के 451 मामले सामने आए हैं और दो मौतें हुई हैं। कर्नाटक में हीरे गौड़ा (82) नाम के व्यक्ति की एच3एन2 वायरस से एक मार्च को मौत हो गई। राज्य के हासन जिले के स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि वह मधुमेह से भी पीड़ित थे और उन्हें उच्च रक्तचाप की भी समस्या थी। दूसरी ओर, हरियाणा में स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि राज्य के जींद जिले में 56 वर्षीय व्यक्ति की इस वायरस से आठ फरवरी को मौत हुई। वह जनवरी में संक्रमित हुए थे और फेफड़े के कैंसर से भी पीड़ित थे। उन्हें रोहतक के पीजीआईएमएस अस्पताल में 17 जनवरी में एच3एन2 से उनके संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को राज्यों को सतर्क रहने की हिदायत देते हुए कहा कि देश में एच3एन2 इंफ्लूएंजा वायरस के बढ़ते मामलों पर करीबी निगरानी करें। इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार स्थिति से निपटने के लिए राज्यों के साथ मिलकर काम कर रही है और सभी स्वास्थ्य उपायों के लिए तत्पर है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि यह देखा जा सकता है कि इस साल की शुरुआत से एच3एन2 जांच में इंफ्लूएंजा की पुष्टि वाले नमूनों में इसका सबसे प्रमुख उप-स्वरूप है।

छोटे बच्चों और पहले से रोगों से पीड़ित वृद्ध व्यक्तियों को इस बीमारी से सबसे ज्यादा खतरा है। मौसमी इंफ्लूएंजा श्वसन तंत्र में होने वाल एक गंभीर (शेष पेज 8)

### मास्क पहनें, भीड़भाड़ वाले स्थानों से भी बचें

**भारतीय** आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा जारी परामर्श में लोगों से साबुन से हाथ धोने और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचने, मास्क पहनने तथा छींकते एवं खांसते समय मुंह और नाक ढंकने का आग्रह किया गया है। संस्थान ने लोगों को बुखार और शरीर में दर्द होने पर पैरासिटामोल दवा लेने की भी सलाह दी है।

# ऐसा तंत्र विकसित करें ताकि आपदा से क्षति कम हो: मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- कहा- दो स्तरों पर काम करना होगा, पहला-आपदा प्रबंधन विशेषज्ञों को स्थानीय भागीदारी पर ज्यादा ध्यान देना होगा और दूसरा, हमें आपदाओं से जुड़ें खतरों से लोगों को जागरूक करना होगा



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए प्रतिक्रियात्मक के बजाय सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने और भविष्य की प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर जोर दिया ताकि नुकसान को कम किया जा सके। आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए राष्ट्रीय मंच (एनपीडीआरआर) के तीसरे सत्र का उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री ने कहा, हम प्राकृतिक आपदाओं को रोक नहीं सकते, लेकिन हम उनसे होने वाले नुकसान को कम करने के लिए प्रणाली बना सकते हैं।

उन्होंने कहा, हमें प्रतिक्रियात्मक होने के बजाय सक्रिय होना होगा। सक्रिय होने के लिए देश में (पहले) क्या स्थिति थी और अब क्या स्थिति है? आजादी के पांच दशक बाद भी आपदाओं से निपटने के लिए देश में कोई कानून नहीं था। उन्होंने कहा कि कच्छ में वर्ष 2001 में आए भूकंप के बाद गुजरात आपदा प्रबंधन कानून लाने वाला पहला राज्य था। उन्होंने कहा कि इस कानून के आधार पर केंद्र ने वर्ष 2005 में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन कानून बनाया था। इसके बाद राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की स्थापना की गई। प्रधानमंत्री ने कहा कि आपदा योजना के बेहतर प्रबंधन के लिए पारंपरिक आवास और नगर नियोजन प्रक्रिया को भविष्य की प्रौद्योगिकी से समृद्ध किया जाना चाहिए और स्थानीय बुनियादी ढांचे की प्रतिरोध शक्ति का वास्तविक समय पर आधारित मूल्यांकन समय की मांग है। उन्होंने कहा कि यह हर भारतीय के लिए गर्व की बात होनी चाहिए कि तुर्की और सीरिया में आए भीषण भूकंप के बाद पूरी दुनिया ने देश के आपदा राहत कार्यों की सराहना की है।

मोदी ने आपदा प्रबंधन में स्थानीय भागीदारी बढ़ाने और आपदाओं से जुड़ें खतरों से लोगों को जागरूक करने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा, आपदा प्रबंधन को मजबूत करने के लिए पहचान (रिक्गनिशन) और सुधार (रिफॉर्म) बहुत जरूरी है। उन्होंने विस्तार से बताया कि पहचान का मतलब ये समझना है कि आपदा की आशंका कहां है और वह भविष्य में कैसे घटित हो सकती है तथा सुधार का मतलब है कि ऐसा तंत्र विकसित किया जाए, ताकि आपदा से कम से कम नुकसान हो। प्रधानमंत्री ने आपदा प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए नए दिशा-निर्देश तय करने पर भी बल दिया।

उन्होंने कहा, इसके लिए हमें दो स्तर पर काम करना होगा। पहला, आपदा प्रबंधन विशेषज्ञों को स्थानीय भागीदारी पर सबसे ज्यादा ध्यान देना चाहिए और दूसरा, हमें आपदाओं से जुड़ें खतरों से लोगों को जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि आपदा नियोजन के बेहतर प्रबंधन के लिए पारंपरिक आवास और नगर नियोजन प्रक्रिया को भविष्य की प्रौद्योगिकी से समृद्ध किया जाना चाहिए। आपदा प्रबंधन में प्रौद्योगिकी नवाचार पर ध्यान देने पर बल देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि स्थानीय अवसंरचना की प्रतिरोधक क्षमताओं का आकलन वक्त की मांग है। प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम के दौरान सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन (शेष पेज 8)

# लड़कियों को मिलेंगे लड़कों जैसे हक

**जेवर एयरपोर्ट भूमि अधिग्रहण**

## रोजगार के बदले एकमुश्त भुगतान और आवासीय भूखंडों का आवंटन होगा

- भूमि अधिग्रहण समिति की बैठक में लिया गया बड़ा फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए दूसरे चरण की भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू हो गई है। भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसानों के लिए रिहैबिलिटेशन एंड रिसेटेलमेंट आएंड आर पॉलिसी पर शुक्रवार को बैठक हुई। अपर जिलाधिकारी भूमि अध्याप्ति के कार्यालय में निगरानी समिति की बैठक में जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। इस दौरान निर्णय लिया गया है कि भूमि अधिग्रहण से प्रभावित होने वाले किसान परिवारों में लड़कियों को भी लड़कों की बराबर फायदे दिए जाएंगे।

किसान परिवारों की अविवाहित और बालिग लड़कियों को पृथक परिवार की तरह माना जाएगा। उन्हें रोजगार के बदले एकमुश्त भुगतान और आवासीय भूखंडों का आवंटन किया जाएगा। विधायक धीरेंद्र सिंह ने बताया पहले चरण के दौरान रिहैबिलिटेशन एंड रिसेटेलमेंट के तहत बालिग लड़कों को अलग परिवार का दर्जा दिया गया था। उन्हें न्यूनतम 120 वर्ग मीटर का आवासीय भूखंड टाउनशिप में दिया गया। पहले चरण में किसान परिवारों की लड़कियों को यह लाभ नहीं मिल पाया। अब किसानों ने यह मांग की है।

इस मांग को निगरानी समिति ने जायज माना है। लिहाजा, दूसरे चरण में प्रभावित होने वाले किसान परिवारों की बालिग और अविवाहित लड़कियों को पृथक परिवार माना जाएगा। उन्हें न्यूनतम आवासीय भूखंड का आवंटन किया जाएगा। धीरेंद्र सिंह ने आगे कहा, प्रत्येक बालिग युवक को नौकरी या एकमुश्त साढ़े पांच लाख रुपये का भुगतान किया गया है। अब लड़कियों को भी यह सुविधा दी जाएगी। दूसरे चरण में 3 गांवों का विस्थापन किया जा रहा है। विस्थापित परिवारों के लिए दो टाउनशिप में बसाई जाएंगी। गांव में जो लोग अभी दुकान कर रहे हैं या किसी दूसरी व्यवसायिक गतिविधि के जरिए रोजगार अर्जित करते हैं, उन्हें टाउनशिप में भी इस तरह की गतिविधियां संचालित करने का अवसर मिलेगा। टाउनशिप में कमर्शियल कियोस्क बनाए जाएंगे। ऐसे दुकानदारों, दस्तकारों और कारीगरों को टाउनशिप कियोस्क आवंटित किए जाएंगे।



भूमि अधिग्रहण समिति की बैठक में विधायक धीरेंद्र सिंह व अन्य अधिकारी।

### 1670 किसानों ने जमीन देने के लिए सहमति दी

*जेवर एयरपोर्ट के दूसरे चरण में रनहेरा गांव में 462, कुरैब गांव में 306, करौली बांगर गांव में 157, दयानतपुर गांव में 148, बीरमपुर गांव में 57 और मुढ़हर गांव में 48 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण होगा। दूसरे चरण में अभी तक 1670 किसान जमीन देने के लिए अपनी सहमति दे चुके हैं। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के दूसरे चरण में 1365 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण होगा। इसमें केवल 1181 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण होना है। बाकी जमीन सरकारी है। किसानों से लगातार बातचीत की जा रही है। काफी किसानों ने अपनी जमीन देने के लिए हामी भर दी है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के दूसरे चरण में किसानों को 4000 करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जाएगा। यह पैसा उत्तर प्रदेश सरकार और तीनों प्राधिकरण मिलकर देंगे। आपको बता दें कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट में तीनों प्राधिकरण की भी हिस्सेदारी है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के दूसरे चरण के लिए यमुना विकास प्राधिकरण अपने हिस्से का 400 करोड़ रुपए जिला प्रशासन को दे दिया है। जिनका मुआवजा बांटा जाएगा।*

## संक्षिप्त समाचार



स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के बारे में बताते पुलिसकर्मी।

### तेज रफ्तार कार तालाब में गिरी, चालक की मौत

**गाजियाबाद।** गदाना गढ़ी मार्ग पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर तालाब में पलट गई, जिस कारण कार सवार युवक की मौत हो गई। गांव गदाना निवासी अनिल कुमार अपनी पत्नी सरोज देवी के अलावा पुत्र राहुल कुमार व मोनू के साथ रहते है। उनका बड़ा पुत्र राहुल कुमार 32 वर्ष ऑटो चलाकर परिवार की गुजर बसर कर रहा था। बताया जा रहा है कि शुक्रवार सुबह दस बजे के आसपास राहुल कुमार कार से मोदीनगर से अपने गांव गदाना जा रहा था। जब वह गदाना गढ़ी मार्ग पर पहुंचा तो अचानक कार अनियंत्रित हो गई। कार अनियंत्रित होकर तालाब में जा गिरी। लोगों ने किसी तरह राहुल को कार से बाहर निकाला और स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने राहुल को मृत घोषित कर दिया गया।

### 13 को राजभवन घेरेंगे कांग्रेसी

**गाजियाबाद।** भाजपा सरकार की क्रोनी कैपिटलिज्म नीति के विरोध में कांग्रेस आंदोलन की राह पर है। इसी क्रम में 13 मार्च को प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी एवं वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में लखनऊ राजभवन घेराव की तैयारी है।गाजियाबाद से भी दर्जनों कांग्रेसी राजभवन घेराव के लिए लखनऊ पहुंचने के लिए कमर कस चुके हैं। जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र यादव ने बताया कि भ्रष्ट यार.बचाए सरकार के खिलाफ कांग्रेसी मोदी सरकार के खिलाफ लगातार आंदोलन कर रही है। इसी क्रम में 13 मार्च को प्रदेश की राजनधानी लखनऊ में विशाल पर्दाफाश रैली के जरिए राजभवन घेराव किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में होने वाले इस प्रदर्शन में प्रदेश के सभी एआईसीसी एवं पीसीसी सदस्यों को लखनऊ पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं।

### मौज मस्ती करने के लिए लूटते थे मोबाइल

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने दो शातिर मोबाइल स्नेचरों को गिरफ्तार किया है। ये लूटे गए मोबाइल को सस्ते दामों पर बेचकर मौज मस्ती करते थे। पैसा खत्म होने पर दोबारा किसी का मोबाइल लूटते थे। अब तक नोएडा में 10 से ज्यादा घटना को अंजाम दे चुके है। पकड़े गए बदमाश बाइक के पीछे टेप लगाकर वारदात को अंजाम देते थे। जिससे बाइक का नंबर सीसीटीवी में या कोई देख न सके। पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के बाद दोनों को एफएनजी रोड की सर्विस लेन से गिरफ्तार किया है। ये दोनों यहां भी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। इनकी पहचान अमन यादव उर्फ शिवम पुत्र अजय और ललित उर्फ विशाल पुत्र ब्रजेश हुई है। इनके पास से एक नाजायज चाकू व एक तमंचा 315 बोर, जिन्दा कारतूस 315 बोर, छीने गए तीन मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि थाना सेक्टर.63, थाना फेज.3 और थाना सेक्टर.58 के अलावा नोएडा के बिसरख में दोनों को मिलाकर 13 मुकदमे दर्ज है।

### गवाह को जान से मारने की धमकी दे रहा बदमाश

**गाजियाबाद।** सिहानी गेट थाने में दर्ज हुए रंगदारी के मुकदमे के मुख्य गवाह को मुरादनगर थाने के हिस्ट्रीशीटर बदमाश द्वारा वीडियो कॉल करके जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। डर के कारण पीड़ित घर से बाहर तक नहीं निकल रहा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर धमकी देने वाले बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। बता दें कि सितम्बर 2022 को सिहानी गेट थाने में बीस लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मुकदमा लोहिया नगर गाजियाबाद निवासी रोहिन ऑबराय ने लिखवाया था। जिसमें चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इस मामले में मुरादनगर की मेट्रो होम सोयाइटी निवासी संजीव त्यागी मुख्य गवाह है। संजीव त्यागी द्वारा गुरुवार को मुरादनगर थाने में तहरीर दी गई। उनका कहना है कि मुरादनगर थाने का हिस्ट्रीशीटर बदमाश गवाही ना देने का दबाव बना रहा है। गवाही देने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है।

# सीएम योगी आदित्यनाथ 17 को आएंगे नोएडा परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण-शिलान्यास

- नोएडा प्रशासन तैयरियों में जुटा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

17 मार्च को सूबे के सीएम योगी आदित्यनाथ नोएडा आ सकते है। इसको लेकर प्राधिकरण में तैयारियां शुरू हो गई है। प्राधिकरण की कई परियोजनाओं का वे लोकार्पण और शिलान्यास कर सकते है। ग्रेटर नोएडा में वे एक औद्योगिक इकाई का शुभारंभ कर सकते है।

इसके अलावा नोएडा ग्रेटर नोएडा और यमुना के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करेंगे। ये उनका एक दिवसीय दौरा होगा। इससे पहले योगी आदित्यनाथ एक नवंबर को नोएडा में हीरानंदानी ग्रुप के योटा-1 डाटा सेंटर का शुभारंभ करने आए थे।

इसके बाद उन्होंने ग्रेटर नोएडा में जनसभा की थी। ऐसे में योगी का ये दौरा काफी मायने रखता है। जब ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट में कुल निवेश का 28 प्रतिशत हिस्सा नोएडा ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण को हो। सेक्टर-78 में



वेदवन पार्क बनाया गया है। ये पार्क हमारे प्राचीन ऋषि यों व उनके द्वारा लिखे वेदों के ज्ञान पर आधारित है। पूरे पार्क को सात योग यानी सात ऋ षि यों के नाम पर बांटा गया है। इसमें भारद्वाज, गौतम, ओत्र, विश्वामित्र और अगस्त शामिल है।

प्रत्येक योग को सुंदर चित्रकारी कहानियों को लेजर शो और झरनों के रूप में दिखाया जाएगा। पार्क का निर्माण 12 एकड़ में किया जा रहा है। इसके निर्माण में करीब 24 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है। पार्क में प्रवेश के लिए तीन गेट बनाए गए है। इसमें वाटर बॉडी, जोगिंग ट्रेक, आउट डोर प्ले एरिया, वन को जंगल इसमें एक ग्रीन शीट वन भी तैयार होगा। यहां आने वाले लोगों के लिए पार्किंग और साइक्लिंग करने के लिए ट्रेक बनाया जा रहा है।

### कबाड़ से बनाया जा रहा है जू पार्क

एनसीआर का पहला नेचुरल ट्रेल ऑफ आर्टिफि शियल जू थीम पार्क दिल्ली के एकदम पास नोएडा में बनने जा रहा है। इसके निर्माण के लिए कंपनी का चयन किया जा चुका है। ये पार्क अपने आप में अनोखा होगा, जिसका कॉन्सेप्ट 4डी पर आधारित होगा। इसे सेक्टर-94 के पास बनाया जाएगा। ताकि दिल्ली, ग्रेटरनोएडा और फ रीदाबाद के लोग तक यहां आ सके। पार्क को मास्टर प्लान.2031 में रिकियेशनल ग्रीन के तहत 25 एकड़ में बनाया जाएगा।

### *अप्रैल से मिलेगा 37.50 क्यूसेक गंगाजल*

*गंगाजल परियोजना का भी शुभारंभ किया जा सकता है। इसका काम अंतिम चरण में है। हालांकि इसकी डेड लाइन 31 मार्च तय की गई है। कुल लागत करीब 304.18 करोड़ है। इसमें नोएडा 228.14 करोड़ खर्च कर रहा है। योजना से करीब 6 लाख लोगों को गंगाजल की सप्लाई की जा सकेगी।*

### नगर आयुक्त ने बुलाई पूर्व पार्षदों की बैठक, आशा शर्मा नहीं हुई शामिल

**गाजियाबाद।** नेहरूनगर स्थित नगर निगम ऑडिटोरियम में आज निवर्तमान पार्षदों की बैठक बुलाई गई। इस बैठक में बड़ी संख्या में निवर्तमान पार्षदों ने हिस्सा लिया, लेकिन पूर्व मेयर आशा शर्मा बैठक में शामिल नहीं हुईं।

मंचासीन लोगों में नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़, बीजेपी के वरिष्ठ नेता व निवर्तमान पार्षद राजेन्द्र त्यागी और तत्कालीन कार्यकारिणी उपाध्यक्ष एवं निवर्तमान पार्षद अभिषेक सिंह उपस्थित रहे। आचानक नगर निगम द्वारा बुलाई गई यह बैठक काफ ी अहम मानी जा रही है। 23 जनवरी को नगर निगम बोर्ड का कार्यकाल समाप्त हो गया था।

## पति ने गैस सिलेंडर में लगा दी आग, 3 बच्चों सहित 10 झुलसे

- पत्नी से विवाद के बाद की वारदात

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

बीती रात लगभग सवा बारह बजे लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के मोहल्ला तिलकराम कॉलोनी में तीन बच्चों सहित एक लगभग एक दर्जन लोगों के सिर पर उस समय मौत के बादल मंडराते हुए दिखाई दिया जब किसी महिला को लेकर उपजे विवाद के बीच सुरेश नामक व्यक्ति ने घरेलू गैस के सिलेंडर की नोजिल खोलकर घर में आग लगा दी। आग लगने के बाद तीन बच्चों सहित दस लोग बुरी तरह झुलस गए। पुलिस ने आग में फंसे लोगों को किसी प्रकार सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन वहां मौजूद सुरेश, पत्नी ऋतु, पुत्र डुग्गू व प्रियांक और पुत्री प्रियांशी के अलावा ब्रजपाल उर्फ पप्पू, पूजा पत्नी जॉनी आदि बुरी तरह से झुलस गये।

इसके अलावा सुरेश के परिवार को बचाने के फेर में उसके पड़ोसी नरेश, योगेश पुत्र श्रीप्रकाश व दीपक पुत्र कन्हैया भी झुलस गये। एसीपी लोनी रजनीश उपाध्याय ने बताया कि जो लोग आग की चपेट में आने से झुलसे हैं उनका उपचार दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में हो रहा है।

## ग्रेनो में सभी तरह की संपत्तियों की योजनाएं जल्द आएंगी

- युवाओं को मिलेगे रोजगार के अवसर

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने उद्योग, वाणिज्यिक, संस्थागत और आवासीय संपत्ति विभाग की भी समीक्षा की। सीईओ ने इन सभी विभागों को भूखंड योजनाएं शीघ्र लाने के निर्देश दिए हैं।

औद्योगिक भूखंड, दुकानें, डाटा सेंटर, शिक्षण संस्थान, वेयर हाउसिंग के भूखंड आदि की स्कीमें लाने को कहा है। सीईओ ने कहा कि बकाया भुगतान न देने वाले जिन आवंटियों के आवंटन निरस्त किए गए हैं, उन भूखंडों को भी इन स्कीमों में शामिल कर जल्द लांच करें। सीईओ ने कहा है कि जिन निवेशकों ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट में निवेश के लिए करार किए हैं उनसे संपर्क कर निवेश के लिए प्रेरित करें। उनकी जरूरत के हिसाब से भूखंडों को इन स्कीमों में शामिल करें, ताकि उनको मिल सके और वे यहां अपनी इकाई लगा सकें।

यहां के युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। सीईओ ने इसी माह ये सभी स्कीमें लाने के निर्देश दिए। सीईओ ने विभिन्न कोर्ट व फोरम में लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। इन प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। माहेश्वरी ने जनस्वास्थ्य विभाग की परियोजनाओं की भी समीक्षा की। सीईओ ने कहा है कि सभी सेक्टरों व गांवों के हर घर से कूड़ा उठाने के लिए कंपनी का चयन निर्धारित समयावधि में कर लें। इसी माह कंपनी का चयन कर 01 अप्रैल से हर घर से कूड़ा उठवाने की प्राधिकरण की योजना है।

### मार्च में ही बोर्ड से पास होगा जीडीए का नया बजट

गाजियाबाद। कई विभाग ऐसे हैं जो नए वित्तीय वर्ष के बजट को लेकर तैयारी में जुटे हुए हैं जिनमें जीडीए भी शामिल है। जीडीए वीसी आरके सिंह की कोशिश है कि इसी महीने जीडीए का बजट बोर्ड की बैठक बुलाकर पास करा लिया जाए।

इसी के चलते ही जीडीए वीसी ने विभाग के एकाउंट विभाग को बजट तैयार करने के लिए कहा है। माना जा रहा है कि अगले सप्ताह ही जीडीए का नए वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट तैयार हो जाएगा।

## डीएम कार्यालय पर 5 करोड़ का टैक्स, पैमाइश शुरू

**गाजियाबाद।** डीएम कार्यालय पर बकाया पांच करोड़ रुपये के सर्विस टैक्स को लेकर नगर निगम ने पैमाइश शुरू कर दी है। इसके लिए जिला प्रशासन और नगर निगम की संयुक्त टीम कार्य कर रही हैं। पैमाइश का कार्य पूरा होने के बाद ही नए सिरे से नगर निगम के कविनगर जोन की टीम डीएम कार्यालय पर बकाया टैक्स को लेकर अपना नया डिमांड बिल जारी करेगा।

गौरतलब है कि यह विवाद तब बढ़ा जब नगर निगम ने करीब पांच करोड़ रुपये के बकाया टैक्स का बिल जिला प्रशासन को थमा दिया। जिला प्रशासन का कहना है कि नगर निगम ने वर्ष 2013 से बिल्डिंग पर सर्विस टैक्स लगाया है। सर्विस टैक्स के इस बकाया में से जिला प्रशासन करीब 35 लाख रुपये पहले ही नगर निगम को अदा कर चुका है।

इसके बाद भी करीब पांच करोड़ रुपये हाउस टैक्स निकाला गया है। जिला प्रशासन का मानना है कि जो बिल नगर निगम की ओर से जारी किया गया है वह गलत हैए इतना टैक्स का बिल नहीं आना चाहिए।

## गाजियाबाद में लालू के समधी के घर तलाशी

**गाजियाबाद।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के समधी जितेंद्र यादव के गाजियाबाद स्थित आवास पर प्रवर्तन निदेशालय ने छापा मारा है। ये कार्रवाई लालू यादव से जुड़े लैंड फॉर जॉब स्कैम में चल रही है।

जितेंद्र यादव सपा के पूर्व एमएलसी हैं और गाजियाबाद के आरडीसी राजनगर इलाके में रहते हैं। टीम सुबह 8 बजे से जितेंद्र यादव के आवास पर जांच कर रही है। सबसे पहले सुबह के वक्त दो गाड़ियों में ईडी के 7.8 मेंबर आए थे। इसके बाद दोपहर करीब 12 बजे एक और गाड़ी आई है, जिसमें ईडी के 3 सदस्य और आए हैं।

घर का मुख्य गेट बंद करके ये सभी टीमें अंदर जांच कर रही हैं। किसी भी बाहरी व्यक्ति को अंदर आने या घर के सदस्य को बाहर जाने पर पाबंदी है।

सूत्रों ने बताया, परिवार के सभी सदस्यों के फोन बंद करा दिए गए हैं। बता दें कि लालू यादव के चौथे नंबर की बेटी रागिनी की शादी साल-2012 में जितेंद्र यादव के बेटे राहुल यादव से हुई थी।

# आवारा कुत्तों को मिला आशियाना

- सेक्टर-50 में नोएडा का पहला डॉग शेल्टर शुरू, ऋतु माहेश्वरी ने किया उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



स्ट्रीट और आक्रामक डॉग के लिए नोएडा प्राधिकरण ने डॉग पालिसी के तहत डॉग शैल्टर बना रही है।

पहला डॉग शेल्टर नोएडा के सेक्टर-50 में शुरू किया गया। इस दौरान सेक्टर और प्राधिकरण के बीच एमओयू भी साइन किया गया। जिसके तहत यहां रखे जाने वाले डॉग के भोजन से लेकर उनकी चिकित्सीय मदद की जाएगी। इस मौके पर सीईओ ऋतु माहेश्वरी एसीईओ प्रभाषद्व ओएसडी इंदू प्रकाश सिंह, अविनाश त्रिपाठी, डीजीएम एसपी सिंह, परियोजना अभियंता विजय रावल के साथ आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी मौजूद रहे।

शैल्टर में करीब 50 डॉग रखे जा सकते है। इसे सेक्टर-50 की ग्रीन बेल्ट में बनाया गया है। इस शैल्टर को चारो ओर कवर किया गया है ताकि कोई भी डॉग बाहर नहीं निकल सके। यहां सेक्टर में आवारा और बीमार डॉग को रखा जाएगा। जिससे उनका इलाज किया जा सके। इसके अलावा इन शैल्टर में डॉग के व्यवहार को भी नॉर्मल किया जाएगा। इसकी ट्रेनिंग दी जाएगी।

इसके अलावा सेक्टर.135 में भी एक डॉग शैल्टर का शुभारंभ किया गया। नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने कहा कि पॉलिसी के तहत शहर में चार स्थानों पर डॉग शैल्टर बनाए जाने है। जिसमें दो स्थानों पर शैल्टर बना दिए गए है।

**भौतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | परविंदर सिंह बतार/ नम्रता बतार/ दे रिगी टूर्स/ LBDEL00002386817 | यूनिट नंबर 203, पहली मंज़िल, पारस ट्रेड सेंटर, सेक्टर-2, ग्वाल पहाड़ी, गुड़गाँव/ मार्च 06, 2023 | जून 19, 2021 रु. 27,25,118/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : मार्च 10, 2023**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा अचल आस्तियों की बिक्री हेतु यह ई-नीलामी बिक्री सूचना (दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित अधोवर्णित समूह के संबंध में) डीएचएफएल तथा निम्नलिखित कर्ज़दार(रों) के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत जारी की जा रही है। एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्ज़दार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल संपत्ति जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, 'जैसी है जहाँ है', 'जैसी है जो भी है' तथा 'जो भी है वहाँ है' आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी :

| क्र. सं. | कर्ज़दार (रों)/ सह-कर्ज़दारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्री गौरव मदान (कर्ज़दार), सुश्री पल्लवी मदान (सह-कर्ज़दार) QZDEL00005017511 | प्लॉट नंबर 24ए, पुराना प्लॉट नंबर 24, पहली मंज़िल, रियर साइड (अधिकार के बिना छत), ब्लॉक बी 1, गली नंबर 5, खसरा नंबर 104/13, गाँव-पालम, राजापुरी, नई दिल्ली-110059। क्षेत्रफल 50 वर्ग यार्ड | रु. 20,87,383/- (मार्च 03, 2023 तक) | रु. 17,10,000/- / रु. 1,71,000/- | मार्च 24, 2023 को दो. 02:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक | अप्रैल 21, 2023 को दो. 12:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट (URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी । बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **अप्रैल 20, 2023 को शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस संरक्षित संपत्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में **अप्रैल 20, 2023** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज सहित **अप्रैल 20, 2023** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **अप्रैल 20, 2023** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं । बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9599281817/ 8584874809** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओगीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, 3. हेक्टा प्रॉपटेक प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति के बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें ।

**तिथि : मार्च 10, 2023**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**

**PUBLIC NOTICE**

Be it known that my Clients Smt. Munni, W/o Late Pancham R/0 S-146/12, Adarsh Basti, Mohammadpur, New Delhi-110066 has severed all connections and relations with her Daughter-in-Law Kusum, Grand-daughter Komal, Kashish & Grand-son Vansh for their malicious activities, disrespect, abuses and disobedience towards my client. My client shall not be liable for any acts, deeds or things done by Daughter in Law Kusum, Granddaughter Komal, Kashish & Grandson Vansh and they shall not be entitle or inherit any right, title or interest in any of the movable and/or immovable assets of my client.

**Ombir Sangwan (Advocate)**
Enrl No. D/894/95
Patiala House Courts, New Delhi-110001

**PUBLIC NOTICE**

Be it inform to the General public at large that the following documents ie. (1) Possession Letter of Flat (2) Allocation Letter of Flat (3) NOC Letter of Electric & water of Flat(4) Allotment letter of Scooter Garage no.209 in respect of Flat no. 374 on First Floor SFS Flats Shiekh Sarai phase - 1 New Delhi 110017 vide DDA file no. F-10(97) 80 LAB (H) SFS issued by DDA Have been Lost at Malviya Nagar Main Market New Delhi 110017 Whoever Find the above said documents may kindly return to Deputy Director LAB (H) SFS on 3rd Floor D-Block DDA Office INA New Delhi 110023 or Mr. D Srinivas S/o Shri D.S. Prakash Rao R/o C-374 on first floor SFS Flats Shiekh Sarai phase I New Delhi 110017.

**सार्वजनिक सूचना**

**सभी संबंधित जन, कृपया नोट करें** कि मैसर्स अदानी ब्रह्मा सिनर्जी प्रा. लिमिटेड ने 2.756 एकड़ में बने हुए 34 आवासीय प्लॉट खरीदे हैं, जिनके नं. जे56, जे57, जे58, जे59, जे60, जे61, जे62, जे63, जे64, जे65, जे66, जे67, जे68, जे69, जे70, जे71, जे72, जे73, जे74, जे76, जे77, जे78, जे79, जे80, जे81, जे82, जे83, जे84, जे85, जे86, जे87, जे88, जे89, जे90 है जोकि ब्रह्मा सिटी, ब्लॉक-जे सेक्टर 63, ग्राम मैदावास और कादरपुर, सेक्टर-63, गुरुग्राम, हरियाणा में स्थित है, लाइसेंसी/प्रमोटर ब्रह्मा सिटी प्रा.लि. ने लाइसेंसड कॉलोनी "ब्रह्मा सिटी" में सेल डीड संख्या 8039 दिनांक 08.10.2018 के माध्यम से **"समसारा (एबीएसपीएल) प्लॉट्स"** नाम के तहत उसी को पुनःविक्रय करना चाहता है।

यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त सभी 34 आवासीय प्लॉट्स [समसारा (एबीएसपीएल) प्लॉट्स] को रेरा रजिस्टर्ड प्रोजेक्ट – "ब्रह्मा सिटी- फेज V" के अंतर्गत (53.5840 एकड़) के अंतर्गत समाहित हैं, जिसके लिए रेरा-गुरूग्राम आथोरिटी द्वारा जारी पंजीकरण प्रमाणपत्र संख्या **RC/REP/HRERA/GGM/640/372/2022/115 दिनांक 05.12.2022** को रेफर किया जा रहा है, और जिसके संदर्भ में यहाँ यह स्पष्टीकरण किया जाता है कि उक्त "ब्रह्मा सिटी- फेज V" प्रोजेक्ट में (या इससे संबंधित) सर्विस इन्फ्रास्ट्रक्चर नामतः एसटीपी, स्टॉर्म वाटर सिस्टम, ड्रेनेज, रोड, इलेक्ट्रिक लाइन, वाटर लाइन इत्यादि के, लाइसेंस शर्तों के अनुसार, विकास के सभी दायित्व, ब्रह्मा सिटी प्रा. लि. में निहित होंगे।

यदि लाइसेंसधारी कंपनी यानी मैसर्स ब्रह्मा सिटी प्रा. लिमिटेड "समसारा (एबीएसपीएल) प्लॉट्स" के रूप में ज्ञात उपरोक्त 34 आवासीय प्लॉट्स के संबंध में आवश्यक सेवा विकसित करने में विफल रहता है, तो उसका विकास मैसर्स अदानी ब्रह्मा सिनर्जी प्राइवेट लिमिटेड करेगी।

हस्ता./-
**मैसर्स अडानी ब्रह्मा सिनर्जी प्राइवेट लिमिटेड**
**ब्लॉक-सी, फ्लैट नंबर 53, फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स, झंडेवालान, नई दिल्ली-110055**

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# सरकार व एलजी में बिजली सब्सिडी पर रार

## सरकार ने नहीं मानी डीईआरसी की सलाह, उपराज्यपाल ने नियमों का उल्लंघन मानते हुए मांगा जवाब

- दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग ने पांच किलोवाट तक के उपभोक्ताओं को छूट देने का दिया गया था प्रस्ताव




पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

बिजली उपभोक्ताओं को सब्सिडी देने के मामले में दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग की सलाह नहीं मानने पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने गंभीरता से लिया है।

उन्होंने केजरीवाल सरकार से इसे 15 दिनों के अंदर इस संबंध में उचित निर्णय लेने को कहा है। डीईआरसी ने वर्ष 2020 में दिल्ली सरकार को एक से पांच किलोवाट बिजली कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को बिजली सब्सिडी देने का सुझाव दिया था। इससे राजधानी के लगभग 95 प्रतिशत उपभोक्ता सब्सिडी के दायरे में आते और सरकार को हर साल करीब 316 करोड़ रुपये की बचत होती।

मुख्य सचिव ने इस संबंध में अपनी जांच रिपोर्ट उपराज्यपाल वीके सक्सेना और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सौंपी है। उपराज्यपाल सचिवालय के सूत्रों का कहना है कि मुख्य सचिव की रिपोर्ट के अनुसार बिजली विभाग ने ट्रांजेक्शन आफ बिजनेस रूल्स का पूरी तरह से उल्लंघन करते हुए डीईआरसी की वैधानिक सलाह को नजरअंदाज कर मौजूदा बिजली सब्सिडी योजना को बिना कैबिनेट की मंजूरी और वित्तीय मंजूरी के जारी रखा गया है। इससे पहले वर्ष 2018 में डीईआरसी ने उपभोक्ताओं के बैंक खातों में सीधे बिजली सब्सिडी स्थानांतरित करने प्रस्ताव दिया था लेकिन दिल्ली सरकार ने उसे भी नहीं माना था। निजी डिस्काम को सब्सिडी का भुगतान जारी रखा गया है। उपराज्यपाल ने मुख्य सचिव से कहा है कि वह बिजली विभाग को डीईआरसी की वैधानिक सलाह मंत्रिपरिषद के समक्ष रखने और 15 दिनों के भीतर इस पर निर्णय लेने का निर्देश दें। इसकी जानकारी मुख्यमंत्री को देकर उनसे दिल्ली सरकार के सभी मंत्रियों को टीओबीआर के प्रविधानों का सख्ती से पाल करने का निर्देश देने का अनुरोध करने के लिए भी कहा है।

### निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया: रिपोर्ट

फाइल के रिकार्ड से पता चलता है कि ऊर्जा विभाग ने उचित कार्रवाई के लिए तत्कालीन ऊर्जा मंत्री के समक्ष डीईआरसी की उपरोक्त वैधानिक सलाह रखा था लेकिन, मंत्री ने मौजूदा नीति को जारी रखने का फैसला किया। उनके अनुसार मंत्री यह फैसला लेने में सक्षम नहीं हैं, क्योंकि मौजूदा नीति को मंत्रिपरिषद ने मंजूरी दी थी इसलिए इसकी समीक्षा करने से संबंधित डीईआरसी के प्रस्ताव को भी विचार और निर्णय के लिए उसके समक्ष रखा जाना चाहिए था। इस मामले में टीओबीआर में निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऊर्जा विभाग डीईआरसी की सलाह को उपराज्यपाल के विचारार्थ रखने में न केवल विफल रहा बल्कि इसे विचारार्थ मंत्रिपरिषद के सामने रखा गया और न वित्त विभाग की मंजूरी नहीं ली गई। कानून विभाग ने भी इस मामले में नियमों के उल्लंघन की बात कही है।

**सिसोदिया की गिरफ्तारी को लेकर आप और भाजपा में जुबानी जंग**

# केजरीवाल ने पूर्व डिप्टी सीएम की तुलना भक्त प्रह्लाद से की, संजय का भी केंद्र पर हमला

- भाजपा सासंद प्रवेश ने एक फिल्मी पोस्टर जारी कर कहा अरविंद द्वारा निर्माण की गई, अब तिहाड़ थिएटर में।


पोस्टर में सिसोदिया को जेल में दिखाते भाजपा कार्यकर्ता। फोटो: रंजन डिमरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पूर्व मंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी को लेकर आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी जुबानी जंग तेज हो गई है। दोनों पार्टियों ने एक दूसरे के खिलाफ राजनीतिक तीर दागने के लिए बॉलीवुड और भारतीय महाकाव्यों के उद्धरणों का सहारा लिया। भ्रष्टाचार और धनशोधन जैसे आरोपों में गिरफ्तार मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को लेकर दोनों प्रमुख दलों के बीच दिनभर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी रहा।

इस समय सिसोदिया और जैन तिहाड़ जेल में कैद हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को ट्विट कर कहा कि आज भी कुछ लोग अपने आपको भगवान मान बैठे हैं। देश और बच्चों की सेवा करने वाले प्रह्लाद को कारागार में डाल दिया। हिरण्यकश्यप अपने आपको भगवान मान बैठा था। उसने प्रह्लाद को ईश्वर की राह से रोकने के अनेक प्रयत्न किए, जुल्म किए। पर न प्रहलाद को वो तब रोक पाए थे, न अब रोक पाएंगे।

इसके जवाब में दिल्ली भाजपा ने वर्ष 2001 में प्रदर्शित और गोविंदा व संजय दत्त अभिनीत फिल्म जोडी नंबर-एक पर आधारित एक पोस्टर साझा किया जिसमें जैन और सिसोदिया की तस्वीर है। इस पोस्टर को भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा ने साझा किया जिस पर लिखा है अरविंद केजरीवाल द्वारा निर्माण की गई, अब तिहाड़ थिएटर में।

वर्मा ने पोस्टर के साथ ट्वीट किया, आप के शराब मंत्री और हवाला मंत्री तो अभी झांकी है, असली मास्टरमाइंड केजरीवाल का जेल जाना अभी बाकी है। इस बीच संवाददाता सम्मेलन में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने आरोप लगाया कि अगर कोई नेता भाजपा में शामिल हो जाते हैं तो वे राजा हरिश्चंद्र बन जाते हैं जबकि बाकी के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। जो जितना बड़ा भ्रष्टाचारी, वो उतना बड़ा पदाधिकारी। भाजपा का एक नया नारा है। अगर आप भाजपा के नेता हैं, तो आप राजा हरिश्चंद्र हैं। सिंह ने 26 फरवरी को सिसोदिया को गिरफ्तार करने से पहले केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा उनके आवास पर की गई छापेमारी का हवाला दिया।

उन्होंने दावा किया, सिसोदिया के आवास, गांव या बैंक में कुछ नहीं मिला। सीबीआई ने हार मान ली। जब सीबीआई के मामले में जमानत की तारीख आई तो ईडी जगा और उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

सिसोदिया को सीबीआई ने दिल्ली की आबकारी नीति (जिसे अब वापस ले लिया गया है) में कथित अनियमितताओं के मामले में गिरफ्तार किया था।

### केजरीवाल की जानकारी में आबकारी के फैसले : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी पर दिल्ली और पंजाब में भ्रष्टाचार को प्रश्रय देने का आरोप लगाया। साथ ही यह दावा भी किया कि राष्ट्रीय राजधानी में आम आदमी पार्टी सरकार की आबकारी नीति से जुड़े फैसले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जानकारी में हुए थे। पार्टी नेता अलका लांबा ने यह भी कहा कि पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ज्यादा समय तक चुप्प नहीं रह पाएंगे और जिस दिन उन्होंने चुप्पी तोड़ दी उस दिन केजरीवाल भी इस मामले के जद में आ जाएंगे और बात उनकी कुर्सी तक पहुंच जाएगी।

# एमसीडी स्कूलों में भी लागू होगा शिक्षा मॉडल

- महापौर शैली ओबरॉय ने दिए निर्माणधीन एमसीडी विद्यालय का कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

एमसीडी स्कूलों में भी लागू होगा दिल्ली सरकार का शिक्षा मॉडल। महापौर शैली ओबरॉय ने कहा कि केजरीवाल सरकार के शिक्षा मॉडल की तर्ज पर ही दिल्ली नगर निगम द्वारा भी नये स्कूलों का निर्माण किया जा रहा है। विद्यालय में बच्चों के लिए कम्प्यूटर रूम ,लाइब्रेरी रूम, साइंस रूम, मेडिकल रूम, स्पोर्ट्स रूम आदि की सुविधा होगी। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनीं और अधिकारियों को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

शैली ओबरॉय ने प्रेम नगर क्षेत्र के निर्माणधीन एमसीडी विद्यालय का शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया। इसदौरान उनके साथ निगम के अधिकारी मौजूद थे।

उन्होंने अधिकारियों को स्कूलों का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। ओबरॉय ने कहा कि केजरीवाल सरकार के शिक्षा मॉडल को एमसीडी में लागू करने की शुरुआत हो चुकी है। आप सरकार के शिक्षा मॉडल की तर्ज ही एमसीडी द्वारा भी नये स्कूलों का निर्माण किया जा रहा है। शैली ने दावा किया कि वह इसी प्रकार निर्माणाधीन विद्यालयों का दौरा कर, निर्माण कार्यों का जायजा लेंगी। उन्हें जल्द पूरा कराएंगी। ताकि बच्चों को नये स्कूल समर्पित किए जा सके।


निर्माणधीन एमसीडी विद्यालय का औचक निरीक्षण करती मेयर शैली

### नगर निगम स्कूलों के साथ तालमेल बनाना प्राथमिकता : आतिशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की नवनियुक्त शिक्षा मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और दिल्ली सरकार के स्कूलों के बीच तालमेल बैठाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना से लोगों के हित में अरविंद केजरीवाल सरकार के साथ सहयोग करने का भी आग्रह किया। आम आदमी पार्टी (आप) नेता आतिशी ने बृहस्पतिवार को शिक्षा मंत्री के रूप में शपथ ली थी और उन्होंने शुक्रवार को पदभार संभाल लिया।

उन्होंने कहा कि उनका ध्यान आंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस पर भी होगा। आतिशी ने एजेंसी को दिए साक्षात्कार में कहा कि नगर निगम के स्कूलों और दिल्ली सरकार के स्कूलों के बीच तालमेल बैठाना शिक्षा विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

उन्होंने कहा कि अभी तक हमारा ध्यान कक्षा छह से 12वीं तक रहा है। अब हम यह सुनिश्चित करेंगे कि प्राथमिक शिक्षा को भी इस व्यवस्था में लाया जाए। हम आंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस पर ध्यान केंद्रित करेंगे, जहां छात्र कक्षा नौ से अपने रुचि के विशेषीकृत संकाय पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं और ठीक यही शिक्षा मॉडल है जो सिंगापुर जैसे देशों में मौजूद है।

# सौरभ और आतिशी ने संभाला अपने विभागों का कार्यभार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



केजरीवाल सरकार में बनाए गए नए मंत्री सौरभ भारद्वाज और आतिशी ने शुक्रवार को अपने-अपने विभागों का कार्यभार संभाला। आतिशी को शिक्षा, लोकनिर्माण विभाग, विद्युत और पर्यटन विभाग का कार्यभार दिया जाएगा, जबकि भारद्वाज स्वास्थ्य, शहरी विकास, जल और उद्योग विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे। उपराज्यपाल वी. के.सक्सेना ने बृहस्पतिवार को दोनों को मंत्री पद की शपथ दिलाई थी।

मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के इस्तीफे के बाद मंत्रिमंडल में दो पद खाली हो गए थे। सिसोदिया को सीबीआई ने आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं के मामले में 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था।

वहीं पिछले साल 30 मई को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित धन शोधन के एक मामले में सत्येंद्र जैन को गिरफ्तार किया था। दोनों ने हाल ही में मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

# भारत की सांस्कृतिक एकता का केंद्र है जेएनयू : राष्ट्रपति मुर्मू

- दीक्षांत समारोह में 900 से अधिक छात्रों को दी गईं डिग्रियां

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली






राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय भारत की सांस्कृतिक एकता का जीवंत प्रतिबिंब प्रस्तुत करता है।

विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह में मुर्मू ने कहा कि महिला शोधार्थियों की संख्या इस समय संस्थान में पुरुषों से अधिक है। उन्होंने इसे सामाजिक परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण संकेतक बताया। राष्ट्रपति ने कहा, पूरे भारत के छात्र विश्वविद्यालय में पढ़ते हैं और परिसर में एक साथ रहते हैं जो भारत और दुनिया के बारे में उनके दृष्टिकोण को व्यापक बनाने में मदद करता है। विश्वविद्यालय विविधता के बीच भारत की सांस्कृतिक एकता को प्रदर्शित करता है। राष्ट्रपति ने विश्वविद्यालय समुदाय से इन मूलभूत सिद्धांतों के पालन में दृढ़ बने रहने का आग्रह किया। जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, युद्ध और अशांति, आतंकवाद, महिलाओं की असुरक्षा और असमानता जैसे अनेक मुद्दे मानवता के सामने चुनौतियां पेश कर रहे हैं। दीक्षांत समारोह में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार ए. के. सूद और जेएनयू के कुलाधिपति विजय कुमार सारस्वत भी मौजूद थे। प्रधान ने जेएनयू को सर्वाधिक बहु-विविधता वाला संस्थान करार दिया, जहां देश के सभी हिस्सों से छात्र आते हैं।

जेएनयू की कुलपति शांतिश्री धूलिपुड़ी पंडित ने इस तथ्य पर जोर दिया कि विश्वविद्यालय में 52 प्रतिशत छात्र आरक्षित श्रेणियों- अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से हैं। यह हमारा छठा दीक्षांत समारोह है। इस बार कुल 948 शोधार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गई हैं। महिला शोधार्थियों की संख्या पुरुषों से अधिक है और 52 प्रतिशत छात्र एससी, एसटी और ओबीसी जैसे आरक्षित वर्गों से हैं।

# कल्याणपुरी में झोपड़ी में आग लगने से बुजुर्ग की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- शार्ट सर्किट की वजह से फैली आग

पूर्वी दिल्ली के कल्याणपुरी इलाके में बृहस्पतिवार को देर रात एक झोपड़ी में आग लगने से 70 वर्षीय एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान नीलोठीलाल भाटी के रूप में की गई है। भाटी की पत्नी उनसे अलग रहती है। पुलिस को आशंका है कि आग शार्ट सर्किट की वजह से लगी थी।

पुलिस के अनुसार, बृहस्पतिवार देर रात कल्याणपुरी इलाके में देर रात आग लगने की जानकारी मिली थी। जिसके बाद दमकल की चार गाड़ियों को मौके पर रवाना किया गया। दमकल विभाग के कर्मिचारियों ने दो बजकर 25 मिनट पर आग को काबू किया। बाद में झोपड़ी से एक बुजुर्ग व्यक्ति का जला हुआ शव बरामद किया गया।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि उनकी गश्त कर रही टीम को कल्याणपुरी इलाके में एक झोपड़ी में आग लगी हुई दिखी, जिसके बाद उसने पीसीआर को फोन कर इसकी सूचना दी। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि झोपड़ी में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी।

### तस्करी करने वाले तीन विदेशी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** स्पेशल सेल ने प्रतिबंधित नशीले पदार्थ की तस्करी करने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों के कब्जे से 60 करोड़ रुपये कीमत का 14.5 किलोग्राम मेथाक्वालोन भी बरामद किया है। तस्कर ग्रेटर नोएडा की एक पॉश कॉलोनी में एक घर में ड्रग्स रखते थे। ये लोग अपने वाहन से दिल्ली एनसीआर में ड्रग्स भेजते थे। गिरोह के सदस्य ड्रग्स सप्लाई करने के दौरान कभी भी ट्रेन या हवाई जहाज से यात्रा नहीं करते हैं। खेप पहुंचाने के बाद वे हवाई जहाज से दिल्ली लौटते थे। आरोपी की पहचान नमानी , फ्रैंक , चिनजी के रूप में हुई है।

# हथियार तस्कर गिरफ्तार, 15 पिस्टल जब्त



- दिल्ली-एनसीआर के गैंगस्टर नंदू गिरोह के बदमाशों को करता था सप्लाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल ने अवैध हथियारों की आपूर्ति करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का भंड़ाफोड़ करते हुए एक तश्तर को गिरफ्तार किया है। आरोपी दिल्ली एनसीआर के बदमाशों समेत गैंगस्टर नंदू ज्योति बाबा गैंग के बदमाशों को हथियार सप्लाई करता था।

पकड़े गए आरोपी की पहचान मध्यप्रदेश देवास निवासी दाऊद के रूप में हुई है। पुलिस ने दाउद के कब्जे से 8 सेमी आटो पिस्टल, 7 कट्टा और 8 कारतूस बरामद किए है। दाउद कुख्यात हथियार आपूर्तिकर्ता मलखान सिंह के लिए काम करता था। इस गिरोह के सदस्य देश में फैले हुए है। पुलिस उपायुक्त इंगित प्रताप सिंह ने बताया कि स्पेशल सेल के एसीपी संजय दत्त की टीम को आरोपी के ढासा बॉर्डर नजफगढ़ के नजदीक आने की सूचना मिली थी जिसके बाद टीम ने जाल बिछाकर आरोपी दाऊद को को एमपी नंबर की बाइक पर आता देख दबोच तो उसे पूछताछ के रोका गया। आरोपी दाऊद ने पूछताछ में खुलासा किया को वो मध्यप्रदेश से मलखान सिंह नाम के तस्कर से सस्ते दाम पर हथियार खरीद कर दिल्ली एनसीआर समेत नंदू ज्योति बाबा गैंग के बदमाशों को बेचता था। स्पेशल सेल ने आरोपी के खिलाफ आर्म एक्ट का मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

## संक्षिप्त समाचार


फूड फेस्टिवल का उद्घाटन करती पर्यटन मंत्री आतिशी।

### भारतीय व्यंजनों के साथ विदेशी व्यंजनों का आकर्षण

**नई दिल्ली।** मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में तीन दिवसीय फूड फेस्टिवल के पहले दिन भारतीय व्यंजनों के साथ-साथ लोगों ने अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों का भी आनन्द लिया। शुक्रवार को दिल्ली की पर्यटन मंत्री आतिशी ने मेले का उद्घाटन किया। फूड फेस्टिवल के उद्घाटन के मौके पर पर्यटन मंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली टूरिज्म फूड फेस्टिवल राजधानी में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण पहलों का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि खाना और त्यौहार सभी को साथ लाने का काम करते है। ये फूड फेस्टिवल भी इसी साझी संस्कृति और एकता का परिचायक है।

### सेवानिवृत्त जवान ने गोली मारकर की खुदकुशी

**नई दिल्ली।** भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) से सेवानिवृत्त एक जवान ने दक्षिण पश्चिम दिल्ली के पालम गांव में अपने घर में अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से कथित रूप से खुद को गोली मारकर जान दे दी।पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान 48 वर्षीय सुधीर कुमार के तौर पर हुई है। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बागपत के रहने वाला कुमार दो महीने पहले ही बल में हेड कांस्टेबल पद से सेवानिवृत्त हुआ था। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, कुमार की पत्नी ने अपने बयान में कहा कि उसका पति शराब का आदी था और उसके साथ हुए झगड़े के बाद वह अपने माता-पिता के घर चली गई थी। पुलिस के मुताबिक, महिला ने यह भी बताया कि उसके पति के पास लाइसेंसी रिवॉल्वर थी।

### तिब्बतयों का चीनी दूतावास के नजदीक प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** तिब्बती युवा कांग्रेस के सदस्यों ने शुक्रवार को 64वें तिब्बती राष्ट्रीय विद्रोह दिवस के अवसर पर नई दिल्ली स्थित चीनी दूतावास के समीप प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी चीन सरकार की कठोर नीतियों और तिब्बत पर अवैध कब्जे के खिलाफ नारेबाजी की। पुलिस ने बताया कि दूतावास की ओर जाने की कोशिश कर रहे कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर मंदिर मार्ग पुलिस थाने ले जाया गया। तिब्बती युवा कांग्रेस के 60 से अधिक सदस्यों ने दूतावास से कुछ किलोमीटर दूर लगाए गए अवरोधक के समीप संक्षिप्त प्रदर्शन किया।

# फरवरी तक कुल 31462.62 करोड़ रुपए टैक्स वसूला

## वित्त मंत्री कैलाश गहलोत ने बजट तैयारियों को लेकर व्यापार एवं कर विभाग के साथ की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


बजट को लेकर अधिकारियों संग बैठक करते कैलाश गहलौत।

करों से राजस्व बढ़ाने के लिए दिल्ली सरकार कर बकाएदारों की पहचान कर उनके खिलाफ नियमित कार्रवाई कर रही है। फरवरी 2023 तक राष्ट्रीय राजधानी में कुल 31462.62 करोड़ रुपए करों में एकत्र किए गए हैं। जिसमें जीएसटी का योगदान 26096.79 रुपए और वैट का योगदान 5365.83 रुपए था। वित्त वर्ष 2022-2023 में पेट्रोलियम उत्पादों से एकत्र किया गया कुल कर 4169.18 करोड़ रुपए था, जबकि वर्ष 2021-2022 में यह 3739.41 करोड़ रुपए था। वित्त मंत्री कैलाश गहलोत ने शुक्रवार को व्यापार और कर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर बजट की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने व्यापार को बढ़ावा देने के उपायों पर भी चर्चा की और कर संग्रह से राजस्व बढ़ाने के प्रयासों का भी विश्लेषण किया।

गहलोत ने कहा, व्यापार और कर विभाग सरकार में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वित्त वर्ष 2021-22 में जीएसटी और वैट का संयुक्त राजस्व संग्रह 27,000 करोड़ रुपये से अधिक था, जबकि इस वर्ष इसमें उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद है।

किसी भी राज्य में टैक्स डिफॉल्टर्स के अलावा टैक्स चोरी एक बड़ी समस्या है। सरकार एक पारदर्शी व्यवस्था चाहती है और डिफॉल्टरों की पहचान करने के लिए लगातार काम कर रही है। ऐसी समस्याओं को कम करने के लिए आउटरीच कैंपों के माध्यम से बाजार और व्यापार संघ के साथ नियमित बैठकें की जा रही हैं। गहलोत के मुताबिक दिल्ली में करों से राजस्व बढ़ाने के लिए, कर बकाएदारों की पहचान कर उनके खिलाफ नियमित कार्रवाई कर रही है।

### करों के लिए डीआईएन लागू करने वाला दिल्ली पहला राज्य

अप्रत्यक्ष कर प्रशासन में डॉक्यूमेंट आइडेंटिफिकेशन नंबर (डीआईएन) को लागू करने वाला दिल्ली देश का तीसरा राज्य है। विभाग ने मंत्री को सूचित किया कि वे 2005 से लंबित वसूली मामलों के सभी डेटा (ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों) को एकत्रित कर रहे हैं। वे करदाताओं को कर जमा करने के लिए अनुस्मारक के रूप में एसएमएस भी भेज रहे हैं। विभाग अंचल स्तर पर वसूली प्रकरणों के निस्तारण की नियमित मॉनीटरिंग कर रहा है। डिफॉल्टरों पर प्रभावी कार्रवाई के लिए विभाग की परफॉरमेंस इंडिकेटर (केपीआई) विकसित करने की प्रक्रिया में भी है। एक बार लागू होने के बाद, इससे कर चोरी को रोकने में मदद मिलेगी और राजस्व संग्रह में वृद्धि होगी। इससे रिटर्न भरने के लिए बढ़ावा मिलेगा और कर बकाएदारों पर कार्रवाई सुनिश्चित हो सकेगी।

### जल बोर्ड के उपाध्यक्ष बने सोमनाथ भारती

**नई दिल्ली।** विधानसभा के अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के विधायक सोमनाथ भारती को जल बोर्ड का उपाध्यक्ष नामित किया। दिल्ली के पूर्व कानून मंत्री भारती मालवीय नगर से विधायक हैं। वर्ष 2013 में वह पहली बार इस सीट से विधायक निर्वाचित हुए थे। विधानसभा सचिवालय ने एक बयान में कहा कि दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष ने सौरभ भारद्वाज के स्थान पर सदस्य सोमनाथ भारती को दिल्ली जल बोर्ड का उपाध्यक्ष नामित किया है। भारती ने कहा, मुख्यमंत्री ने मुझे जल बोर्ड के उपाध्यक्ष के रूप में इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लायक समझा इसके लिए आभारी है। उन्होंने कहा, जल बोर्ड को लेकर मुख्यमंत्री के कई सपने हैं। जिन्हें पूरा करने के लिए हमें कड़ी मेहनत करनी होगी।

# शिक्षण संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू उत्पाद बेचे तो खैर नहीं

**एडीसी ने तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की कमेटी की बैठक में दिए निर्देश**

**स्कूल-कॉलेज क्षेत्र में धूम्रपान पदार्थ बेचने पर प्राचार्य को भी हैं चालान करने की शक्तियां**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की कमेटी की बैठक लेते एडीसी विश्राम कुमार मीणा।

**जिला** के किसी भी शिक्षण संस्थान के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू उत्पाद की दुकान नहीं होनी चाहिए। संबंधित संस्थान के प्राचार्य इस विषय में अंडरटेकिंग भी देंगे। नगर निगम व पुलिस की टीम भी शिक्षण संस्थानों के आस-पास तंबाकू उत्पाद बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए विशेष अभियान चलाएं। यह बात शुक्रवार को एडीसी विश्राम कुमार मीणा ने जिला स्तरीय को-ऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक में कही।

इस बैठक में मलेरिया वर्किंग कमेटी व मीजल-रूबेला कार्यक्रम से जुड़ी गतिविधियों की समीक्षा की गई है। सिविल सर्जन डा. वीरेंद्र यादव ने एडीसी व बैठक में उपस्थित अधिकारियों को स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एडीसी ने तंबाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा), 2003 के प्रावधानों को लेकर बताया कि युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए इस अधिनियम के सेक्शन 6-बी में स्पष्ट प्रावधान है कि शिक्षण संस्थानों के 100 मीटर दायरे में तंबाकू उत्पाद की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित है। इस नियम का जो भी उल्लंघन करें तो उसके खिलाफ अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत चालान व अन्य कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। स्कूल-कॉलेज के प्राचार्य को भी ऐसे तत्वों के खिलाफ चालान करने की शक्तियां दी गई है। डीसी निशांत कुमार यादव ने बीते दिनों इस एक्ट को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए जिला स्तरीय कोआर्डिनेशन कमेटी भी गठित की थी। जिला के सार्वजनिक स्थलों पर तंबाकू उत्पादों का इस्तेमाल पूरी तरह प्रतिबंधित है। इस कमेटी के सदस्य सार्वजनिक स्थलों पर तंबाकू उत्पादों का इस्तेमाल करने वालों का चालान करेंगे।

**मच्छरों के नियंत्रण के लिए गतिविधि करें तेज :** एडीसी ने मलेरिया वर्किंग कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि इन दिनों मच्छरों की ब्रीडिंग आरंभ हो जाती है। ऐसे में नियंत्रण संबंधी गतिविधियां अभी से शुरू की जाए। सिविल सर्जन डा. वीरेंद्र यादव ने कहा कि गुरुग्राम में मच्छरों पर नियंत्रण के लिए सभी पंचायतों को फॉगिंग मशीन उपलब्ध कराई जा चुकी है। एडीसी ने नगर निगम व विकास एवं पंचायत विभाग से संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि फॉगिंग का कार्य अभी से शुरू कर दिया जाए।

**मीजल रूबेला के लिए 13 से 18 तक विशेष प्रतिरक्षण सप्ताह :** एडीसी ने जिला में मीजल-रूबेला एलिमिनेशन के संबंधित गतिविधियों की भी समीक्षा की। सिविल सर्जन ने बताया कि जिला में 13 से 18 मार्च तक विशेष प्रतिरक्षण सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। एडीसी ने मीजल-रूबेला एलिमिनेशन कार्यक्रम की बिंदुवार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर सोहना के एसडीएम प्रदीप सिंह, एसीपी अभिलक्ष जोशी, एडिशनल लेबर कमिश्नर कुशल कटारिया, गुरुग्राम नॉर्थ के एसडीएम रविंद्र यादव, एसडीएम बादशाहपुर सतीश यादव, डिप्टी सिविल सर्जन डा. केशव शर्मा व जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. जेपी राजलीवाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रेम-सौहार्द की भावनाओं को दिखती है होली: जीएल शर्मा



**गुरुग्राम।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं हरियाणा डेयरी सहकारी प्रसंघ के पूर्व चेयरमैन जीएल शर्मा ने कहा कि होली का त्योहार प्रेम और सौहार्दकी भावनाओं को विविध रंगों में अभिव्यक्त करने वाला महापर्व है। यह प्रम-सौहार्द की भावनाओं को दर्शाती है। यह बात उन्होंने आर्य केंद्रीय सभा व आर्य समाज मॉडल टाउन की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में कही।

आर्य केंद्रीय सभा के पदाधिकारियों ने जीएल शर्मा का स्वागत किया। तत्पश्चात होली मिलन कार्यक्रम का विधिवत आगाज हुआ और भजनों, गीतों पर लोगों ने फूलों की होली कर उत्सव का आनंद मनाया। जीएल शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रदेश में महापुरुषों की जयंती मनाने की नई परंपरा शुरू की है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी का ऐसा मानना है कि किसी भी समाज के विकास के लिए केवल आधारभूत विकास ही जरूरी नहीं है, बल्कि समाज का वैचारिक और बौद्धिक विकास भी होना चाहिए। इसी सोच को आत्मसात करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश में महापुरुषों की जयंती मनाने की परंपरा शुरू की। इससे नई पीढ़ी में महापुरुषों के जीवन दर्शन और विचारों का संचार हो रहा है।

# बार एसोसिएशन और विधायक का थाने के बाहर धरना समाप्त, पुलिस ने मांग मानी

**एसीपी ने कहा, दो सगे भाई वकीलों से हुई मारपीट में आरोपियों के खिलाफ जान से मारने के इरादे में रिपोर्ट होगी**

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


शहर थाना के बाहर दो सगे भाई वकीलों पर हुए हमले में आरोपियों के खिलाफ धारा 307 लगाने की मांग को धरने पर बैठे सोहना विधायक संजय सिंह व बार एसोसिएशन के पदाधिकारी व वकील।

**शहर** के दो सगे भाई वकीलों के साथ हुई मारपीट मामले में सोहना बार एसोसिएशन ने सिटी थाना के बाहर धरना देते हुए आरोपियों के खिलाफ जान से मारने का इरादे के तहत मामला दर्ज करने के लिए दिया जा रहा धरना समाप्त हो गया। बार एसोसिएशन के साथ सोहना विधायक संजय सिंह ने भी बार एसोसिएशन की मांग को सही ठहराते हुए आरोपियों के जान से मारने के इरादे से मामला दर्ज करने की मांग कर रहे हैं। वहीं शहर थाना प्रभारी ने उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया है।

बुधवार को शहर के वार्ड-5 की शिव कॉलोनी में दो पक्षों के बीच आम रास्ते में गाड़ी निकालने को लेकर हुआ विवाद तूल पकड़ता जा रहा है। इस झगड़े में शहर थाना पुलिस ने पहले पुनीत कौशिश की शिकायत पर अधिवक्ता नवीन व नीरज के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया था, लेकिन अधिवक्ता नीरज व नवीन ने आरोपी पुनीत सहित आकाश, मोहित, हैप्पी और 3-4 अन्य के खिलाफ घर में घुसकर तथा बाद में अस्पताल में उपचार के दौरान जान से मारने के इरादे से हमला करने का आरोप लगाते हुए अपनी शिकायत पुलिस को दी थी। नीरज ने पुलिस को बताया कि आरोपी पुनीत व उसके सहयोगियों ने पहले तो उसने घर में घुसकर दिन के समय दो-ढाई बजे हमला किया था। पुनीत रात्रि 9 बजे शहर के निजी अस्पताल में लेकर आ गया। उस समय वे लोग अस्पताल के बाहर खडे थे। नीरज ने पुनीत पर 3-4 राउंड हवा में फायरिंग करने तथा लाठी, डंडा, सरिया और फरसा से जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। जिसके आधार पर शहर थाना पुलिस ने नीरज व नवीन की अलग-अलग शिकायतों के आधार आरोपियों के खिलाफ दो मामले दर्ज कर किए।

दो सगे भाई सोहना निवासी नीरज व नवीन पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों के खिलाफ धारा 307 के तहत मामला दर्ज करने की मांग को लेकर बार एसोसिएशन के प्रधान ललित राघव की अध्यक्षता में थाना के बाहर दरियां बिछाकर धरना पर बैठ गए।

**जब** तक पुलिस आरोपियों के खिलाफ दर्ज मामले में धारा 307 शामिल नहीं करती है। उनका धरना जारी रहेगा।

**ललित राघव**
**( बार एसोसिएशन प्रधान सोहना )**

**पुलिस** मामले की सही से जांच करते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। जिससे अपराध करने वालों को सबक मिल सके।

**संजय सिंह**
**( विधायक सोहना )**

**पुलिस** मामले की जांच कर रही है। बार एसोसिएशन और विधायक संजय सिंह द्वारा की जा रही मांग को स्वीकार कर लिया गया है। आरोपियों पर जान से मारने के इरादे के तहत प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग स्वीकार कर ली है।

**नवीन सिंधू**
**( एसीपी सोहना )**

# भोंडसी व सोहना में जुआ और सट्टे बाजारों पर दर्ज हुए मुकदमे

**पुलिस ने 50हजार रुपये नकदी समेत चार लैपटॉप, एलईडी बरामद की**

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**भोंडसी** व सोहना थाना क्षेत्र में पुलिस के तावड़तोड़ छापेमारी 20 आरोपियों को जुआ व ऑनलाइन सट्टा खेलते हुए गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों से करीब 50 हजार रुपये की नकदी समेत चार लैपटॉप तथा एक एलईडी बरामद की है। मंगलवार की शाम को बादशाहपुर अपराध शाखा मानेसर पुलिस की टीम गश्त कर रही थी।

टीम को सूचना मिली कि भोंडसी थाना क्षेत्र में रियान पब्लिक स्कूल के निकट बने खन्ना फार्म हाउस में 14 युवक जुआ खेल रहे हैं। जिन्होंने हजारों रुपये की नकदी दांव पर लगाई हुई। अपराध शाखा पुलिस की टीम ने फार्म हाउस पर छापा मारते हुए सभी 14 युवकों को दबोच लिया। दबोचे गए जुआ खेलने के आरोपियों में दिल्ली के नजफ गढ़, महिपालपुर, द्वारका व हरियाणा के सोनीपत व झज्जर जिले के रहने वाले लोग शामिल थे। जिनकी पहचान दीपक, विनोद, प्रदीप, महकराज, हिम्मत, संदीप, कुलदीप उर्फ चिकू, नवीन, अजय, मनीष, संगीत, रोहित, जगसबीर उर्फ जस्सू और बलजीत के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से तीन पेटी गोटी तथा सभी आरोपियों द्वारा जुआ में दाव पर लगाई हुई 33 हजार रुपये की नकदी बरामद कर ली है। भोंडसी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अजय कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ अपराध शाखा मानेसर में तैनात हवलदार अनिल की शिकायत पर मामला दर्ज करने के बाद कानूनी प्रक्रिया शुरु कर दी है।



## सोहना के दो स्थानों पर छह गिरफ्तार

**सोहना** शहर थाना पुलिस ने शहर के दो अलग-अलग स्थानों पर बैठकर ऑनलाइन सट्टा खिलाने के आरोप में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 4 लैपटॉप, एलईडी समेत अन्य सामग्री बरामद की है। सभी आरोपियों से पुलिस ने 20 हजार 180 रुपये की नकदी बरामद की है।

शहर थाना में तैनात एएसआई शीश राम की टीम ने गश्त के दौरान अंबेडकर चौक से तावडू जाने वाले मार्ग पर बीडीपीओ कार्यालय के सामने बनी चाय की दुकान में बैठकर तीन युवक ऑनलाइन सट्टा खिला रहे थे। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच तीनों आरोपियों को दबोच लिया। जिनकी पहचान दीपक शर्मा व गौरव निवासी वार्ड-12 नियर वीटा डेरी और जुगल किशोर निवासी वार्ड-12 आईटीआई कॉलोनी सोहना के रुप में हुई है। जबकि शहर थाना में तैनात एएसआई प्रवीन की टीम ने बस स्टैंड के सामने कैलाश की दुकान में बैठकर कैलाश समेत कृष्ण न्यू फैंड्स कॉलोनी व अनिल मिश्रा निवासी वार्ड-5 की शिव कॉलोनी एक साथ बैठकर ऑनलाइन सट्टा खिला रहे है। पुलिस टीम ने सभी तीनों आरोपियों से एक-एक लैपटॉप समेत नकदी बरादम की। जिनके पास से 7660 रुपये की नकदी मिली।

# नशा मुक्त गांव हुआ सिरसा का शाह सतनामजी पुरा, मिला सम्मान

पायनियर समाचार सेवा। सिरसा

**नशे** के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम का यह असर ही है कि जिले का गांव शाह सतनाम जी पुरा पूरी तरह से नशा मुक्त हो गया है। अब गांव में कोई व्यक्ति किसी भी तरह का नशा नहीं कर रहा। इस उपलब्धि पर शुक्रवार को सीडीएलयू में एक जागरुकता अभियान कार्यक्रम में पूर्ण नशा मुक्त गांव, लोगों का नशा छुड़ाने और नशा मुक्त अभियान में सराहनीय योगदान के लिए जिला प्रशासन की ओर से शाह सतनाम जी पुरा ग्राम पंचायत को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

शाह सतनाम जी पुरा के सरपंच चरणजीत सिंह इन्सां को उपायुक्त पार्थुसा व पुलिस अधीक्षक डा. अर्पिजैन ने सम्मानित किया। इसके अलावा कार्यक्रम में गांव की आशा वर्कर धीरज बाला व पंच मीना इन्सां को भी जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त डा. आनंद शर्मा, सहायक आयुक्त (प्रशिक्षणाधीन) यश जालुका, एएसपी दीप्ति गर्ग, जिला समाज कल्याण अधिकारी नरेश बतरा, जिला बाल कल्याण अधिकारी पूनम नागपाल सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।


सिरसा जिले के गांव शाह सतनाम जी पुरा को नशा मुक्त बनाने पर सरपंच चरणजीत सिंह इंसा को सम्मानित करते डीसी, एसपी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि हमारे जवान सरहद पर देश की रक्षा के लिए पूरी सजगता से तैनात रहते हैं। ठीक उसी प्रकार समाज में नशा रुपी दुश्मन के खिलाफ हर नागरिक को सैनिक बनकर लड़ना होगा। नशा हमारी नस्ल को बर्बाद कर रहा है। हर व्यक्ति प्रण लें कि वो न तो नशा करेंगे व न ही करने देंगे। पुलिस अधीक्षक डा. अर्पित जैन ने अपने संबोधन में कहा कि नशा के खिलाफ एकजुटता जरुरी है, इस लड़ाई में नागरिक जिला एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। प्रशासन जिला को नशा मुक्त करने के लिए पूरी तरह से कटिबद्ध है। जो लोग नशा छोड़ चुके हैं, वे आगे आकर अपने अनुभव समाज में सांझा करें, ताकि दूसरे लोग जो नशा करते हैं।

# सरकारी डिपो पर सीएम उड़नदस्ता ने पकड़ा 28 क्विंटल गेहूं, चीनी और बाजरा

## खाद्य आपूर्ति विभाग की शिकायत पर पुलिस ने डिपोधारक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया

**छापे में 28 क्विंटल गेहूं, साढ़े तीन क्विटल चीनी और साढ़े पांच क्विंटल बाजरा क्षमता से अधिक मिला**

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


गुरुवार को गांव खाईका में डिपोधारक की दुकान में से गेहूं की तोल कराते सीएम उड़नदस्ता की टीम।

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता टीम को गांव खाईका में सरकारी राशन की दुकान में छापा मारते हुए 28 क्विंटल गेहूं कम पाया गया। जबकि साढ़े तीन क्विंटल चीनी व साढ़े पांच क्विंटल बाजरा अधिक पाया। खाद्य आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर की शिकायत पर शहर थाना पुलिस ने डिपोधारक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

गुरुवार को सीएम उड़नदस्ता की टीम ने नगर परिषद के वार्ड-3 के गांव खाईका में डिपोधारक योगेश की सरकारी दुकान पर छापा मारा। छापे के दौरान दुकान में 28 क्विंटल गेंहू क्षमता से कम पाया गया। जबकि साढे तीन क्विटल चीनी और साढ़े पांच क्विंटल बाजरा क्षमता से अधिक मिला। खाद्य आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर विनय यादव ने बताया कि डिपोधारक योगेश ने उपभोक्ताओं का 66 क्विंटल गेंहू विभाग से बरामद कर लिया था। लेकिन इस गेंहू को उपभोक्ताओं को वितरण नहीं किया। उपभोक्ताओं को वितरण करने से पहले ही करीब 28 क्विंटल गेहूं को डिपोधारक ने बेच दिया है। इससे पहले वितरण की गई चीनी और बाजरा अतिरिक्त पाया गया। जिसके ऐवज में डिपोधारक ने उपभोक्ताओं के अंगूठा तो मशीन में लगवा लिए। लेकिन उपभोक्ताओं को उनका राशन नहीं दिया। मौके पर पहुंचे शहर थाना से जांच अधिकारी एएसआई कृष्ण कुमार ने बताया कि खाद्य आपूर्ति विभाग इंस्पेक्टर द्वारा डिपोधारक के खिलाफ दी गई शिकायत के अनुसार मामला दर्ज कर लिया है। मौके पर बरामद गेहूं, चीनी और बाजरा को अपने कब्जे में ले लिया है।

# खराब स्ट्रीट लाइटों ने खोली नप की पोल, धुल्हैंडी को अंधेरे में डूबी रहीं सड़कें


बालूदा मार्ग पर धुल्हैंडी की रात स्ट्रीट लाइट खराब होने के कारण छाया अंधकार।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर परिषद के एजेंसी को दूसरी बार दिए नोटिस का फॉरचून एजेंसी मालिक ने अभी जबाव नहीं दिया**

धुल्हैंडी की रात शहर के आधा दर्जन मार्गों पर स्ट्रीट लाइट खराब होने से अंधकार में डूब गई। जिससे नगर परिषद द्वारा खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने की पोल खोल दी। नगर परिषद द्वारा शहर की सड़कों से लेकर आम रास्ते व बाजारों में लगी स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने का अभियान जनवरी माह के दूसरे सप्ताह से शुरु किया। लेकिन यह अभियान फेल होता नजर आने लगा है। स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने का ठेका लेने वाली एजेंसी को बीतें दो माह में नगर परिषद की तरफ से दो बार कार्य में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी किए जा चुके है। दूसरी बार दिया एजेंसी को नोटिस का फॉरचून एजेंसी मालिक ने अभी जबाव नहीं दिया। उससे पहले धुल्हैंडी की रात शहर की आधा दर्जन सड़कों पर स्ट्रीट लाइट खराब हो जाने से अंधकार छा गया। आधा दर्जन सड़कें पूरी रात अंधेरे में डूबी रही।

**कहां-कहां हुई खराब स्ट्रीट लाइटें:** **शहर** का मुख्य मार्ग नागरिक अस्पताल, पुराना बस स्टैंड से चुंगी नंबर एक तक, बालूदा मार्ग राष्ट्रीय मार्ग 248 से अंबेडकर कॉलोनी और सिंह राम विहार से बालूदा तक। सांप की नंगली मार्ग, दमदमा मार्ग, तावडू जाने वाले मार्ग के घाटी क्षेत्र आदि सड़कों पर अंधेरा छाया रहा।

**रात में नहीं होती है जांच:** **शहरवासियों** का आरोप है परिषद सीमा क्षेत्र में लगी स्ट्रीट लाइटों की रात के समय में जांच नहीं होती। शहरवासी धनीराम का कहना है कि आम नागरिक ही स्ट्रीट लाइटों को अंधेरा होने पर जलाते है और सुबह के समय बंद करते है। जबकि 80 फीसदी ठीक की गई लाइटें 24 घंटा जल रही है। राजेश का कहना है कि 24 घंटा स्ट्रीट लाइट जलने से एक तो परिषद पर बिजली की बरबादी हो रही है। दूसरा बिजली निगम का परिषद पर बिल बढ़ता है। जिसकी वसूली परिषद टैक्स के रुप में आम नागरिकों से वसूल कर रही है। जिसका सीधा सीधा असर आम नागरिकों की जेब पर पड़ रहा है।

# एडब्लूएस, लाइटस्पीड ने महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन देने के लिए एक्सेलरेटहर 2023 लॉन्च किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**आज** से 6-सप्ताह के एक्सेलरेशन प्रोग्राम के लिए आवेदन शुरू, इससे महिला उद्यमियों को पूंजी जुटाने, संपर्क विकसित करने और सुरक्षित टेक्नॉलॉजी प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

एमेजॉन वेब सर्विसेज़ (एडब्लूएस) और अग्रणी वेंचर कैपिटल फर्म लाईटस्पीड ने आज एक्सेलरेटहर 2023 प्रोग्राम की घोषणा की। यह प्रोग्राम अरली स्टेज के भारतीय स्टार्टअप्स की संस्थापक महिलाओं को सफल टेक्नॉलॉजी व्यवसायों का निर्माण, विकास और विस्तार करने में समर्थ बनाने पर केंद्रित है।

यह प्रोग्राम चयनित महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स को उद्योगों के नेतृत्वकर्ताओं से मेंटरिंग के अवसर प्रदान करता है। उन्हें अरली स्टेज के स्टार्टअप्स के लिए एडब्लूएस द्वारा संकलित किए गए टेक्निकल संसाधनों और महिला संस्थापकों के सक्रिय समुदाय के साथ जुड़कर काम करने का भी लाभ मिलेगा। इस कार्यक्रम का समापन एक डेमो डे के साथ होगा। इस दिन चयनित समूह के समाधान प्रमुख निवेशकों के एक पैनल के सामने रखे जाएंगे, और उन्हें फंडरेजिंग का अवसर भी मिल सकेगा। एक्सेलरेटहर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2023 के लिए संयुक्त राष्ट्र की थीम ''डिजिटॉल: इनोवेशन एंड टेक्नॉलॉजी फॉर जेंडर इक्वलिटी'' के अनुरूप है।

**एक विविध और समावेशी टेक कम्यूनिटी का निर्माण करना :** एडब्लूएस इंडिया (एमेजॉन वेब सर्विसेज़ इंडिया प्राईवेट लिमिटेड) में हेड ऑफ स्टार्टअप ईकोसिस्टम, अमिताभ नागपाल ने कहा, ''आज एक्सेलरेटहर का लॉन्च एक ऐसे भविष्य की ओर कार्रवाई का आह्वान करता है, जिसमें टेक उद्यमी समुदाय विविध, समावेशी और सभी को उपलब्ध हो।'' नागपाल ने कहा, ''एक्सेलरेटहर भारत सरकार के स्टार्टअप इंडिया के उद्देश्य के अनुरूप है, जो देश में संतुलित विकास के लिए महिला उद्यमियों के सस्टेनेबल विकास को बढ़ावा देता है। एडब्लूएस में, हम स्टार्टअप्स को सुरक्षित, विस्तारयोग्य और किफायती क्लाउड सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस कार्यक्रम द्वारा शॉर्टलिस्ट किए गए प्रतिभागियों को एडब्लूएस के तकनीकी संसाधन, पूंजी जुटाने का अद्वितीय अवसर, और एक संकलित औद्योगिक पैनल के साथ संपर्क स्थापित करने के अवसर मिलेंगे, जिससे उन्हें उद्यमशीलता के सफर में लैंगिक बाधाओं को दूर कर अपने व्यवसाय की वृद्धि करने में मदद मिलेगी।''

# दयानतपुर में हुआ 104 साल पुरानी परम्परा में कुश्ती दंगल


पहलवानों के हाथ मिलवाते ठाकुर धीरज सिंह और भाजपा नेता ठाकुर मनजीत सिंह।

**नोएडा।** जेवर विधानसभा क्षेत्र के गांव दयानतपुर में 104 साल से चले आ रहे कुश्ती दंगल का इस बार भी भव्य आयोजन हुआ। आसपास के जिलों के कई बड़े पहलवानों ने इस दंगल में शिरकत की। यहां छोटी से बड़ी कुश्ती का आयोजन हुआ।

अंतिम दंगल में नोएडा और पलवल के पहलवानों के बीच केसरी कुश्ती बराबरी पर छूटी। अंतिम कुश्ती ठाकुर धीरज सिंह समाजसेवी दयानतपुर के सौजन्य से हुई, जोकि 21000 के इनाम की कुश्ती थी। सेकेंड लास्ट कुश्ती आरएस धर्म कांटा के चेयरमैन गौरव ठाकुर के सौजन्य से हुई। मेले में हजारों की तादाद में लोग इकट्टे हुए, जिसका समस्त ग्राम वासियों ने हार्दिक स्वागत किया।

# ब्रह्माकुमारीज दिल्ली हस्तसाल में शांति, खुशी और जीवन में सफलता विषय पर बीके सिस्टर शिवानी ने की प्रेरक वार्ता

पायनियर समाचार सेवा। गुरूग्राम




**प्रजापिता** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, हस्तसाल सेंटर, दिल्ली के सेंट्रल स्कूल, विकासपुरी में शांति, खुशी और जीवन में सफलता विषय पर बीके सिस्टर शिवानी के साथ एक प्रेरक वार्ता का आयोजन किया गया।

सत्र की अध्यक्षता करोलबाग जोन की निर्देशिका राजयोगिनी सिस्टर बीके पुष्पा, राजयोग ध्यान की जानी-मानी शिक्षिका सिस्टर बीके शिवानी, ब्रह्माकुमारीज हस्तसाल सेंटर की निर्देशिका राजयोगिनी बीके भावना, द्वारका सेक्टर-12 की निर्देशिका बीके निशा ने की। कार्यक्रम में डॉ. समीर भाटी, निदेशक, स्टार इमेजिंग एंड पैथ लैब, देवेंद्र कुमार, प्रधानाचार्य, केंद्रीय विद्यालय, राजस्थान पुलिस कमांडेंट सुरेंद्र सिंह, आईपीएस, क्षेत्र के विधायक महेन्दर यादव सहित कई अन्य विशिष्ट अतिथि, बिजनेसमैन, इंडस्ट्रियलिस्ट्स, डॉक्टरों, अधिवक्ताओं, पुलिस कर्मियों, राजनीतिक प्रतिनिधियों, छात्रों, शिक्षकों, गृहिणियों, युवाओं और गैर सरकारी संगठनों के कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न क्षेत्रों के 3000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। हस्तसाल सेंटर की निदेशक बीके सिस्टर भावना ने कहा कि यह दिव्य कार्यक्रम हमें स्वयं के महत्व को महसूस करने में मदद करेगा और हमें मार्गदर्शन करेगा कि हमें इसकी देखभाल कैसे करनी चाहिए ताकि अपने जीवन में खुशियों को शामिल किया जा सके। बीके सिस्टर पुष्पा ने कहा कि हम सभी को आज के जीवन में शांति और खुशी की आवश्यकता है, लेकिन हम कई चीजों से विचलित हो जाते हैं और यह सत्र निश्चित रूप से लोगों को सिखाएगा कि कैसे अपने जीवन में शांति और खुशी को निरंतर बनाए रखें ,जिससे जीवन में सफलता भी प्राप्त हो सके। प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर सिस्टर बीके शिवानी ने एक प्रेरक सत्र का संचालन किया जहां उन्होंने साझा किया कि खुशी हमारा वास्तविक स्वभाव है। जब हमारा मन शांत और स्थिर होता है, तब वह स्वस्थ अवस्था में होता है और मन का स्वास्थ्य ही सुख है। मन की उस स्वस्थ अवस्था में रहना ,हमारे हाथ में है।

# लोगों ने खोली निगम के खुले में शौच मुक्त कार्यक्रम की पोल

कविता। फरीदाबाद

**अंतरराष्ट्रीय** महिला दिवस पर मजदूर तबके की महिलाएं शुक्रवार को अक्रोशित होकर खुले में शौच मुक्त भारत बनाने का वादा पूरा करवाने के लिए निगमायुक्त के दफ्तर पर पहुंच गई। उनका कहना था कि अगर उनकी बात नहीं सुनी तो वे भूख हड़ताल पर बैठेंगी। निगम अधिकारियों को जनता से बातचीत करने के लिए बाहर बुलवा लिया। जब पब्लिक गेट से नहीं उठी तो एमसीएफ के चीफ इंजीनियर ओमवीर सिंह ने उन्हें आगामी 30 अप्रैल से काम शुरू कराने का आश्वासन दिया।

**यह था प्रदर्शन का कारण :** सेक्टर-24 स्थित आजाद नगर बस्ती में 11-12 अगस्त 2022 की रात को शौच के लिए गई 11 वर्षीय मासूम बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी। 15 अगस्त को सामुदायिक केन्द्र में विशाल सभा हुई, 16 अगस्त को विरोध सभा के संग बच्ची को न्याय दिलवाने के प्रयास शुरू हुए।

## महिला दिवस पर मजदूरों ने याद दिलाया खुले में शौच मुक्त भारत बनाने का वायदा

उपायुक्त ने पहुंच कर दो लाख रुपये का चेक देकर अपराधियों को सजा दिलवाने का आश्वासन बच्ची की मां को दिया। 19 अगस्त को क्रांतिकारी मजदूर मोर्चा की टीम ने उपायुक्त को बताया कि शौचालय सुचारू रूप से चलता तो बच्ची जिंदा होती। जिस पर कार्यवाही का आश्वासन डीसी ने दिया था। 28 सितम्बर को उपायुक्त के माध्यम से पीएम को ज्ञापन भेजा गया। 20 अक्टूबर को सीएम को ज्ञापन भेजा गया। जिसमें बिजली, पानी और शौचालय की समस्या दर्शाई गई। उस समय उपायुक्त ने उन्हें बताया कि निगम कमिश्नर को उन्होंने पत्र लिखकर पुराने शौचालय को ठीक कराने, नए शौचालय का निर्माण और सामुदायिक केन्द्र की मरम्मत के बारे में बताया है। वे निगम आयुक्त से मिले तो उन्होंने टेंडर प्रक्रिया तुरंत शुरू करने के निर्देश दिए। लेकिन आज तक कोई काम नहीं हुआ। जिसे देखते हुए शुक्रवार को निगम कमिश्नर के दफ्तर पर महिलाओं ने प्रदर्शन किया।



निगम कमिश्नर के दफ्तर के बाहर प्रदर्शन करते लोग।


मजदूरों को आश्वासन देते चीफ इंजीनियर ओमवीर सिंह।

**स्वच्छता का मजाक:** प्रदर्शनकारी महिलाओं ने बताया बस्ती कई महीनों से कचरा उठाने वाली गाड़ी नहीं आ रही है। शौचालय की हालत इतनी खस्ता है कि कोई हादसा हो सकता है। सामुदायिक केन्द्र की हालत भी खराब है।

**मिला आश्वासन :** निगम के चीफ इंजीनियर ओमवीर सिंह ने प्रदर्शनकारियों कहा कि समस्याओं का समाधान जल्द किया जाएगा। टॉयलेट का 14 मार्च को टेंडर खुलेगा। करीब 30 दिन में टॉयलेट का काम शुरू हो जाएगा। अन्य काम भी जल्द पूरे हो जाएंगे।

# छिपी खेल प्रतिभाओं को मंच देने का जरिया है सांसद खेल महोत्सव : गुर्जर

## सांसद खेल महोत्सव-टू फरीदाबाद का शुक्रवार को हुआ रंगारंग आगाज

## खेल परिसर सेक्टर-12 में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने किया गर्मजोशी से उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सांसद** खेल महोत्सव-टू फरीदाबाद का शुक्रवार को रंगारंग आगाज हुआ। वहीं सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने सांसद खेल महोत्सव-टू का विधिवत शुभारंभ किया। सांसद खेल महोत्सव-टू में जूनियर और सीनियर विंग के लड़के व लड़कियों के वर्ग के लगभग छह हजार खिलाड़ी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं।

उद्घाटन अवसर पर 15 सौ मीटर की दौड़ भी आयोजित की गई।


दौड़ से खेलों की शुरूआत करते केन्द्रीय मंत्री व अन्य अधिकारीगण।

इसमें प्रथम स्थान पर यशवीर, दूसरे स्थान पर चीकू व तीसरे स्थान शिखर रहे। विजेता खिलाड़ियों को केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने 5100, 3100 व 2100 रुपये की नकद धनराशि से पुरुस्कृत किया। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और अन्य अतिथियों को भी शाल ओढ़ा कर और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने सर्कल कबड्डी के गांव मच्छगर और अलीपुर के खिलाड़ियों का परिचय लेकर उनकी हौसला अफजाई भी की। वहीं नैशनल कबड्डी की जूनियर विंग की करमल कोनवैक्ट स्कूल सेक्टर-7 व केएम कोनवैक्ट स्कूल जीवन नगर शेरखान चौक की लड़कियों का परिचय लेकर उनका मैच देखकर हौसला अफजाई भी की।

इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने उपस्थित सभी खिलाड़ियों स्वागत करके उन्हें बधाई दी। कहा कि संसद खेल महोत्सव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस सोच का परिणाम है, जिसमें वे चाहते हैं कि छिपी हुई खेल प्रतिभाएं आगे आएं और राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलों के भागीदार बनें। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा में सर्वोपरि खेल निति की बदौलत ही देश में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ओलम्पिक खेलों के गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल और ब्रोन्ज मेडल आधे से ज्यादा हरियाणा के खिलाड़ी जीत कर ला रहे हैं। इस बार पिछले सालों की अपेक्षा दोगुने खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इस बार खेलों की संख्या 13 कर दी गई है और इनमें प्रतियोगिताएं भी बढ़ा दी गई हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में 10 से 12 मार्च तक आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव टू में 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 1500 मीटर, 5000 मीटर, लोंग जंग, ट्रिपल जंप, हाई जंप, रिले रेस (4 गुणा 100 व 4 गुणा 400 मीटर) शामिल हैं। वहीं थ्रो में शॉट पुट व जैवलिन थ्रो की प्रतियोगिता रहेगी। इसके अलावा फुटबॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, हॉकी, खो-खो, कबड्डी नेशनल, कबड्डी सर्कल, बैडमिंटन, रस्साकस्सी, पैरा बैडमिंटन, बॉक्सिंग, कुश्ती, टेबल टेनिस, बास्केटबॉल, हॉकी, टग ऑफ वार, एथलेटिक्स में 13 इवेंट है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पृथला के विधायक नयन पाल रावत, बीजेपी के फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, कृभको के चेयरमैन हुकम सिंह भाटी, एडीसी अपराजिता समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

# जिला परिषद की बैठक में ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्यों की हुई चर्चा


बैठक को संबोधित करते जिला परिषद के चेयरमैन विजय लोहिया।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिला** परिषद के नवनिर्वाचित चेयर पर्सन विजय लोहिया ने प्रथम बैठक में जिला परिषद के नवनिर्वाचित सभी सदस्यों और तमाम विभागों के जिला अधिकारियों का बैठक में पहुंचने पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जिला परिषद के सभी पार्षदों के कार्य सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार पूर्ण रूप से सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्बाध रूप से उनके क्षेत्र में विकास कामों के क्रियान्वित करना सुनिश्चित करें।

जिला परिषद की सीईओ सुमन भान्कर ने नवनिर्वाचित जिला पार्षदों व विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों का जिला परिषद की पहली बैठक में पहुंचने पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में सर्वांगीण विकास के लिए जिला परिषद के सदस्यों की अहम भूमिका होती है। इसलिए सभी जिला परिषद फरीदाबाद के निर्वाचित सदस्य गण ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। जिला परिषद की सीओ सुमन भान्कर ने बैठक में जिला परिषद द्वारा विभिन्न मद्दो में विकास कार्यों का बिंदुवार एक-एक करके विस्तार विस्तार पूर्वक जानकारी दी। जिला परिषद की सीईओ सुमन भान्कर ने कहा कि जिला परिषद के लिए स्टेट फाइनेंस कमिश्नर और केंद्र सरकार की तरफ से अलग-अलग बजट का प्रावधान किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस बजट के क्रियान्वयन के लिए जिला परिषद के चेयरमैन व उप चेयरमैन की भागीदारी सुनिश्चित हो। बैठक में मनरेगा के वर्ष 2023-24 के 149 कार्यों के लगभग 355 लाख रुपये की धनराशि के विकास कार्यों का भी प्रावधान करने बारे उन्होंने विस्तृत जानकारी दी। वहीं लगभग ढाई करोड रुपए की लागत से बल्लभगढ़ में जिला परिषद कार्यालय के नवीनीकरण वाले भी प्रस्ताव पारित करवाया गया।

# कॉर्पोरेट्स की जरूरतें पूरी करेगा आरपीएस वर्ल्ड ट्रेड सेंटर



फरीदाबाद। पिछली एक दशक में दिल्ली-एनसीआर के अंदर सबसे ज्यादा इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फरीदाबाद में ही देखा गया है। एफएनजी, अमृता हॉस्पिटल, फ्लाईओवर, मैट्रो आदि इसके कुछ उदाहरण है। शहर में हर वर्ग की आबादी की इजाफा होने के साथ ही यहां पर इंडस्ट्रियल एरिया भी अपनी मज़बूत पकड़ बना चूका है। ऐसे में वर्ल्ड क्लास और आर्गनाइज्ड रिटेल की भरी मांग को पूरा करने के लिए आरपीएस वर्ल्ड ट्रेड सेंटर तैयार होने के आखरी पड़ाव पर है। इस प्रोजेक्ट में मैनेज्ड ऑफिस स्पेसेस, स्विमिंग पूल के साथ रूफ टॉप क्लब, कॉर्पोरेट और स्माल बिजनेस के लिए बिजनेस सुइट आदि शामिल है। दिल्ली फरीदाबाद टोल पर स्थित इस कमर्शियल प्रोजेक्ट की रणनीतिक लोकेशन शहर के इंडस्ट्रीज, कॉर्पोरेट्स और स्माल बिजनेस की ऑफिस स्पेसेस की डिमांड को पूरा करने में सक्षम है। खास बात यह है कि, इस प्रोजेक्ट में मैनेज्ड ऑफिस स्पेस प्लग × प्ले कन्डेप्ट के साथ मिल रही है, जो स्टार्टअप और मल्टी नेशनल कम्पनीज की पहली पसंद है। आरपीएस ग्रुप के डायरेक्टर, अमन गुप्ता ने बताया, आरपीएस वर्ल्ड ट्रेड सेंटर प्रोजेक्ट फरीदाबाद की कॉर्पोरेट हब के रूप में पहचान बनाने में काफी सहायक साबित होगा।

# कोवेस्ट्रो इंडिया का सस्टेनेबिलिटी का संकल्प 2023 से शुरू

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**इनोवेटिव** पॉलीमर्स के अग्रणी निर्माता कोवेस्ट्रो इंडिया सस्टेनेबिलिटी और सर्कुलर इकनॉमी के लिए उतने ही प्रतिबद्ध हैं। जितने अपने अग्रणी सॉल्यूशंस के प्रति हैं। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर, कंपनी ने 27 फरवरी, 2023 को ग्रेटर नोएडा में प्लास्टिक वेस्ट कलेक्शन ड्राइव (अपशिष्ट संग्रहण अभियान) का आयोजन किया। सस्टेनेबिलिटी कंपनी की रणनीति का मूल ध्येय और अहम् हिस्सा है, और इसके मद्देनजर कंपनी ने अपने कर्मचारियों को इस अभियान से जुड़कर इसे कामयाब बनाने के लिए आमंत्रित किया।

अभियान के तहत, प्लास्टिक कलेक्शन के अलावा ग्रेटर नोएडा स्थित सूरजपुर मार्श और वैटलैंड्स क्षेत्र की सफाई भी की गई। कोवेस्ट्रो इंडिया के एनजीओ पार्टनर यूनाइटेड वे मुंबई ने प्लास्टिक वेस्ट कलेक्शन अभियान में कंपनी को सहयोग दिया। यूनाइटेड वे मुंबई देशभर के ग्रामीण एवं शहरी समुदायों के बीच काम करने वाला एक गैर-मुनाफा प्राप्त संगठन है, जो सामुदायिक समस्याओं की पहचान कर उनके लिए सबसे ज्यादा कारगर समाधानों की पेशकश करता है। भारत में हर दिन लगभग 26,000 टन प्लास्टिक वेस्ट पैदा होता है, जिसमें 40 प्रतिशत से अधिक वेस्ट एकत्र नहीं किया जाता और यह गलियों के आसपास, सड़कों के किनारों, नदियों और समुद्रों में पहुंचता है। इस प्रकार के प्लास्टिक वेस्ट से पर्यावरण पर बुरा असर पड़ता है। इंडस्ट्री का अहम् हिस्सा होने के नाते, कोवेस्ट्रो इंडिया ने समुद्री पर्यावरण के प्रदूषण को अपनी सीएसआर गतिविधियों में प्राथमिकता दी है। यह इसके सर्कुलर इकनॉमी बिजनेस के बड़े मॉडल के भी अनुरूप है।



प्लास्टिक वेस्ट कलेक्शन अभियान के बारे में, अरविंद कुमार, हैड - साइट सर्विसेज ने कहा, हम इस प्लास्टिक वेस्ट सफाई अभियान के लिए अपने एनजीओ पार्टनर यूनाइटेड वे मुंबई और इको रूट्स फाउंडेशन के साथ मिलकर काम करते हुए बेहद खुशी महसूस कर रहे हैं। जिम्मेदार कार्पोरेट नागरिक होने के चलते, कॉवेस्ट्रो इंडिया ने अपने पर्यावरण के संरक्षण के महत्व को बखूबी समझा है और हम प्लास्टिक वेस्ट की समस्या से निपटने के लिए सस्टेनेबल समाधानों को तलाशने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# अवैध हथियार सहित झपटमार गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 56 प्रभारी सुंदर सिंह की टीम ने अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पवन मुजेसर का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना मुजेसर के एरिया में फाटक से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देसी पिस्तौल बरामद हुई है।

आरोपी के खिलाफ थाना मुजेसर में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी देसी पिस्तौल को अपने शौक में रखने के लिए 4000 रुपये में मथुरा के शेरगढ़ किसी अनजान व्यक्ति से खरीद के लाया था। आरोपी से थाना मुजेसर का रंगदारी व स्नैचिंग के मामले का खुलासा हुआ है। जिसमें दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

# महिला दिवस पर लेडी पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित

## 10 महिला पुलिस कर्मियों को सम्मानित कर नगद इनाम और प्रशंसा पत्र दिया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार आरोड़ा ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रशासनिक कार्यों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली 10 महिला पुलिस कर्मचारियों को सेक्टर 21ष्ट स्थित पुलिस आयुक्त में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2022 से 2023 के अवसर पर प्रशासनिक कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाली उप निरीक्षक बबीता, सहायक उप निरीक्षक प्रियंकी, मोनिका, सुमन, मुख्य सिपाही कविता, एवं महिला सिपाही पिंकी, निर्मला, आसमा, बबली और हेमलाता के साथ 10 महिला पुलिस कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मानित किया गया।


सीपी संग सम्मानित होने के बाद महिला पुलिसकर्मी अपने प्रशंसा पत्र दिखाते हुए।

पुलिस आयुक्त ने अपने कार्यालय में दोषियों के ठिकाने का पता लगाने व दोषियों को गिरफ्तार करने वाली 10 महिला पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर डीसीपी मुख्यालय नीतीश कुमार अग्रवाल, डीसीपी सेन्ट्रल मुकेश मल्होत्रा, डीसीपी बल्लभगढ़ कुशलपाल, एसीपी महिला सुरक्षा, तीनो जॉन के महिला थाना के प्रबंधक व अन्य महिला पुलिसकर्मी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 10 महिला पुलिस अधिकारियों को उनके असाधारण काम के लिए सम्मानित किया, एक अधिकारी ने शुक्रवार को कहा महिला अधिकारियों को एक प्रशस्ति पत्र और नगद रुपये का इनाम देकर सम्मानित किया गया। पुलिस आयुक्त ने खुशी व्यक्त की। सभी उपलब्धि हासिल करने वालों की सराहना की और प्रत्येक पुलिस अधिकारी को अपने अनुभव साझा करने का मौका दिया। इस अवसर पर महिला पुलिस कर्मीयो से उनको ड्यूटी करते उनके सामने आने वाली समस्यों के संबंध में जानकारी ली। उप निरीक्षक बबीता, सहायक उप निरीक्षक प्रियंकी, मोनिका, सुमन, मुख्य सिपाही कविता ने कई दुष्कर्म, छेडछाड, वीडियो व फोटो के जरिए ब्लैक मेल करने के कई मामले सुलझाते हुए महिला को न्याय दिलवाने का कार्य किया है। अनुसंधान अधिकारियो के साथ सयोग व थाना के रिकोर्ड को ठीक रखने में महिला सिपाही पिंकी, निर्मला, आसमा, हेमलता व बबली का नाम शामिल है। उपरोक्त महिला पुलिस अधिकारियों ने बिहार, कोलकाता लखनऊ, झारखंड, मणिपुर आदि स्थानों से बलात्कार के अपराधियों को दबोचकर उन्हें गिरफ्तार करने में अपनी अहम भूमिका निभाई है।

# एचवीएसी उद्योग का सबसे बड़ा एक्पो में 40 देश भाग लेंगे

## अँक्रेक्स इंडिया एचवीएसी उद्योग को वर्ष 2030 तक 30 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लिए तैयार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**द इंडियन** सोसाइटी ऑफ हीटिंग, रेफ्रीजरेटिंग एण्ड एयर कंडीशनिंग इंजीनियर्स (ईशरे) ने इन्फोर्मा मार्केट्स इन इंडिया के साथ साझेदारी में अक्रेक्स इंडिया के 22वें संस्करण की घोषणा की है, जो हीटिंग, वेंटीलेशन, एयर कंडीशनिंग (एचवीएसी) और इंटेलीजेन्ट बिल्डिंग पर दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी प्रदर्शनी है।

तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन मुंबई के बॉम्बे एक्जहीबिशन सेंटर में 14 से 16 मार्च 2023 को होगा, जहां भारत के उच्च क्षमता वाले एचवीएसी उद्योग का प्रदर्शन किया जाएगा। उम्मीद है कि यह उद्योग 2030 तक 30 बिलियन डॉलर के आंकड़े तक पहुंच जाएगा। प्रदर्शनी प्रधानमंत्री जी के दृष्टिकोण के अनुरूप भारत को 'आत्मनिर्भर' बनाने में उल्लेखनीय योगदान देगी। अँक्रेक्स इंडिया को प्रमुख संगठनों जैसे रेफ्रीजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग ट्रेड्स एसोसिएशन (आरएटीए), ऑल इंडिया एयर कंडीशनिंग एण्ड रेफ्रिजरेशन एसोसिएशन (एसीआरए), इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अमोनिया रेफ्रीजरेशन (आईआईएएस), एसोचैम इंडिया, इंडियन प्लम्बिंग एसोसिएशन, इंडिया ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल, एफएसएआई आदि का समर्थन प्राप्त है।

# संक्षिप्त समाचार

## यूरिन में झाग आना किडनी खराब होने के संकेत



**फरीदाबाद।** आमतौर पर किडनी का काम हमारे ब्लड को फिल्टर करके उसमें मौजूद गंदगी को यूरिन के माध्यम से बहार निकलने का होता है, किडनी ब्लड में मौजूद प्रोटीन को फिल्टर नहीं करती, लेकिन जब किसी की किडनी सही तरह से काम नहीं करती तो वह ब्लड में मौजूद प्रोटीन पेशाब के माध्यम से लीक होने लगता है। जिसके कारण पेशाब में झाग बनता है, जिसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यह बात एशियन अस्पताल के किडनी ट्रांसप्लांट मेडिसिन विभाग के डायरेक्टर डॉ. रीतेश शर्मा ने कही। उन्होंने बताया कि यह किडनी की बीमारी का शुरूआती संकेत है। यदि कोई व्यक्ति लम्बे समय से अपने पेशाब में झाग नोटिस कर रहा है तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें और यूरिन में प्रोटीन की जांच कराए। ये टेस्ट कराने से वह यूरिन में लीक हो रहे प्रोटीन का पता लगा सकते हैं और इलाज कराकर अपनी किडनी को खराब होने से रोक सकते हैं। यदि आपको डायबिटीज या ब्लड प्रेशर की समस्या है तो यूरिन में प्रोटीन की जांच का टेस्ट प्रत्येक छह महीने में करना अनिवार्य है।

## पार्षद ने उठाई मोहना में बस स्टैंड बनाने की मांग

**फरीदाबाद।** जिला परिषद के नवनिर्वाचित चेयरपर्सन विजय लोहिया की अध्यक्षता में प्रथम बैठक शुक्रवार को सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में सम्पन्न हुई। इस बैठक में वार्ड नंबर-6 से पार्षद डोली शर्मा ने सदन में जोरशोर से अपने गांवों के विकास की आवाज उठाई। बैठक में बसपा नेता संदीप शर्मा उनके प्रतिनिधि के रूप में मौजूद रहे। डोली शर्मा ने इस दौरान जहां मोहना गांव में बस स्टैंड बनवाने की मांग उठाई वहीं गांव पन्हेड़ा खुर्द की पीएससी को चौबीस घण्टे चालू रखने की मांग रखी। ताकि लोगों को किसी भी आपात स्थिति में इलाज मिल सके वहीं अपने वार्ड के अंतर्गत आने वाले गांवों में शौचालय बनवाने की भी मांग रखी। जिला पार्षद डोली शर्मा की इन मांगों पर चेयरपर्सन आश्वास्त किया कि उनकी इन मांगों पर गंभीरता से विचार कर उनका निराकरण किया जाएगा। बैठक में जिला परिषद के वाइस चेयरपर्सन धर्म चौधरी सहित सभी 10 वार्ड के जिला परिषद के सदस्य, डीडीपीओ राकेश मोर, जिला उद्यान अधिकारी डॉ रमेश कुमार,सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संजय कुमार सहित तमाम विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## फार्म-6 के साथ मांगा एफिडेविट, मंच ने लगाए आरोप

**फरीदाबाद।** निदेशक सेकेंडरी शिक्षा पंचकूला ने एक और पत्र सार्वजनिक करके फार्म-6 पर संशोधित ब्यौरा मांगा है। फार्म-6 के साथ प्रबंधकों से एफिडेविट मांगा गया है कि उन्होंने नए शिक्षा सत्र में कितनी फीस बढ़ाई है और उसके हिसाब से अपने अध्यापकों की कितनी तनख्वाह बढ़ाई है। इससे पहले शिक्षा निदेशक ने 28 फरवरी को पत्र जारी करके कहा था कि स्कूल प्रबंधक फार्म 6 में कोलम 12 व 13 में मांगी गई जानकारी भरकर नहीं दे रहे हैं। कॉलम 12 में शिक्षा सत्र 2023-24 में छात्रों से 2022-23 के मुकाबले बढ़ाकर ली जाने वाली फीस व कालम 13 में नए शिक्षा सत्र में नए दाखिलों में वसूली गई फीस का ब्यौरा भर कर देने को कहा गया था। मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ओपी शर्मा और प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा ने कहा है कि प्राइवेट स्कूलों को नियम के अनुसार फार्म 6 के साथ बैलेंस शीट व ऑडिट रिपोर्ट लगाना अनिवार्य है। इसके बिना फार्म 6 अधूरा माना जाएगा, लेकिन शिक्षा निदेशक ने अपने दोनों पत्रों में इसका जिक्र नहीं किया है।

## जिले में मनाया जा रहा राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह



**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में जिला फरीदाबाद में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के तहत श्रम विभाग के तत्वावधान में 52वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। चार मार्च से शुरू हुए सुरक्षा सप्ताह, श्रमिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से 10 मार्च तक राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण अभियान को गतिशील बनाना है। साथ ही कर्मचारियों के बीच सुरक्षा जागरूकता फैलाना है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा सप्ताह के माध्यम से श्रमिकों के वर्किंग एरिया को सुरक्षित बनाने के लिए श्रमिकों को शिक्षित किया जा रहा है, ताकि श्रमिक अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकें। राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के दौरान विभाग द्वारा संगोष्ठी, कार्यशाला, श्रमिकों के लिए प्रशिक्षण सत्र का आयोजन, विभिन्न सुरक्षा उपायों को लेकर गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। एक सप्ताह तक चलने वाले जागरूकता कार्यक्रमों को लेकर श्रमिक नियोजक व श्रम विभाग द्वारा सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं, जिनका श्रमिक वर्ग को पूरा फायदा मिल रहा है।

## ऑस्ट्रेलिया के प्रतिनिधिमंडल ने किया विश्वविद्यालय का दौरा

**फरीदाबाद।** ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के दौरे पर पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय के इन्नोवेटिव स्किल स्कूल को देखा और इस अनोखे मॉडल को समझा। एशिया एजुकेशन फाउंडेशन की डायरेक्टर जेनिफर स्टार ओम के नेतृत्व में आए इस प्रतिनिधिमंडल ने कौशल के साथ-साथ कलाओं के संरक्षण के लिए चलाए जा रहे कोर्स की जमकर सराहना की। श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में पहुंचने पर डीन एकेडमिक्स अफेयर प्रोफेसर ज्योति राणा और इनोवेटिव स्किल स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. जलबीर सिंह ने ऑस्ट्रेलिया के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। ऑस्ट्रेलिया के प्रतिनिधिमंडल ने इनोवेटिव स्किल स्कूल के एकेडमिक एवं स्किल एजुकेशन के सामंजस्य की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जरूरत के विषयों को स्कूल के पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। यह भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर प्रो. संजय राठौर, डॉ रविंद्र, डॉ. मनी कंवर, डॉ. प्रीति, उप कुलसचिव डॉ. ललित शर्मा, पुनीत राघव, बबीता, जेई नरेश संधू, पुष्पेंद्र शर्मा, राहुल शर्मा, जसमीत चंडोक, सौम्या, पारुल, मीनाक्षी, सुषमा और कुलदीप भी मौजूद थे।

## भारतीय नारी का चरित्र और आधुनिक समाज



**फरीदाबाद।** विचारवान व्यक्ति कहीं भी और किसी भी रूप में मिल सकता है। जरूरत होती है उस हीरे रूपी व्यक्ति को जौहरी वाली आंखों से परखने की। ऐसे ही एक व्यक्ति हैं मगध विहार निवासी वीरेंद्र सिंह। वे नारी के चरित्र के बारे में लिखते हैं, जाकि नारी पतिव्रता गहे वेद की रीति। सहज सुशील, सुबुद्धि अति पति सेवा सो प्रीति।। वीरेंद्र सिंह का कवित्त की व्याख्या करते हुए कहते हैं कि जिसकी पत्नी पतिव्रता होती है। उसके मुख से निरंतर रामायण, पुराण एवं श्रीमद् भागवत गीता की वाणी निकलती रहती है। वह सदा अपने पति की सेवा में समर्पित रहती है। उस पतिव्रता नारी का आराध्य देव कोई दूसरी ईश्वर नहीं होता है। उसका तो पति ही परमेश्वर होता है। वह सिर्फ अपने पति की पूजा करती है। जैसे कि माता अनुसूइया ने अपने पति पूजा और सेवा के बल पर त्रिदेव को बालक बना दिया था। माता सीता ने भी कहा, धरती मां, मैंने अपने जीवन में अपने स्वामी श्रीराम के अलावा किसी दूसरे पुरूष को नहीं जानती। यदि मेरा कथन सत्य है तो तू मुझे अपनी गोद में स्थान दे। मां सीता के आह्वान के बाद उनके पतिव्रता धर्म के चलते धरती मां फटी और सीता मां समा गईं। वीरेंद्र सिंह ने शास्त्रोक्त उक्त कथन को लेकर आज के समाज के बारे में महिलाओं के बारे में टिप्पणी करते हुए कहा, आधुनिक युग की नारी ज्यादा सिंगार करती है। वह मोबाइल चलाती है। दस लड़कों से अफैयर तक हो सकता है। घर का खाना तक अच्छा नहीं लगता है। महंगी गाड़ी में घूमना और अर्द्धनग्न वस्त्र धारण करना पसंद है। क्लबों में डांस करना, पति से सेवा कराना आज की नारी का स्वभाव बन गया है। आज की नारी, नारी से तंग आकर कितने पुरुष आत्म हत्या कर लेते हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 11 मार्च, 2023



## डराने का प्रयास

### स्टेट बैंक का जवाब

**भारतीय स्टेट बैंक**-एसबीआई ने भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन की संभावित 'हिंदू वृद्धि दर' के बारे में चिन्ताओं को खारिज कर दिया है। इस प्रकार उसने भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में डराने का प्रयास करने वालों को जवाब देकर बहुत अच्छा किया है। दिल्ली स्कूल आफ इकोनोमिक्स के अर्थशास्त्री राज कृष्ण ने 1978 में 'हिंदू वृद्धि दर' वाक्यांश गढ़ा था जिसका अर्थ स्वतंत्रता के पश्चात भारत की 3.5 प्रतिशत वृद्धि दर से था। इस वाक्यांश में 'हिंदू' से संभवत: हिंदुओं के भाग्यवादी विश्वास की ओर संकेत था। हालांकि, कृष्ण ने कम वृद्धि दर को सरकारी नियंत्रणों व आयात स्थानापन्न की समाजवादी नीतियों से जोड़ा था। लेकिन विश्वास किया जाता है कि उन्होंने अपने एक भाषण में यह भी कहा था, 'अर्थव्यवस्था में चाहे जो हो, भारत में 3.5 प्रतिशत वृद्धि दर की परंपरा बनी रहेगी।' यह भी एक कारण है कि भारतीय जनता पार्टी और सरकार के समर्थक इस वाक्यांश से चिढ़ते हैं और यह सही भी है। अगले चार दशक में भारत में काफी ऊंची वृद्धि दर रही, जबकि धार्मिक जनसंख्या संरचना में कोई अंतर नहीं आया। रघुराम राजन के निराशावाद का कारण राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय-एनएसओ द्वारा पिछले महीने जारी तिमाही वृद्धि दर रिपोर्ट है। इसके अनुसार तीसरी तिमाही, यानी अक्टूबर-दिसंबर, 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी वृद्धि दर घट कर 4.4 प्रतिशत रह गई जो दूसरी तिमाही, यानी जुलाई-सितंबर में 6.3 प्रतिशत तथा पहली तिमाही, यानी अप्रैल-जून में 13.2 प्रतिशत थी।




रघुराम राजन ने एक खबरिया एजेंसी को बताया, 'मेरी आशंका गलत नहीं है। आरबीआई ने इस वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में वृद्धि दर और घट कर 4.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। इस बिंदु पर, अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में औसत वार्षिक वृद्धि दर तुलनात्मक रूप से तीन साल पहले महामारी-पूर्व तिमाही के 3.7 प्रतिशत के निकट पहुंच जाएगी।' आरबीआई के पूर्व प्रमुख ने कहा, 'यह खतरनाक रूप से हमारी पुरानी हिंदू वृद्धि दर के निकट है। हमें बेहतर काम करना चाहिए।' एसबीआई की इकोवार्प रिपोर्ट ने बिना रघुराम राजन का नाम लिए उनके तर्क को खारिज करते हुए कहा है कि 'यह गलत समझ व पूर्वाग्रह पर आधारित तथा अधकचरा है। इसमें बचत व निवेश के आंकड़ों पर गौर नहीं किया गया है।' रिपोर्ट में रेखांकित किया गया है कि जीडीपी के प्रतिशत के रूप में सकल पूंजी निर्माण-जीसीएफ में कोई कमी नहीं आई है। इसके साथ ही एसबीआई रिपोर्ट में कहा गया है कि पूंजी की आंशिक क्षमता का मूल्यांकन करने वाले 'इन्क्रीमेंटल कैपिटल आउटपुट रेशियो'-आईसीओआर में सुधार हुआ है। यह 2011-12 में 7.5 था जो 2021-22 में घट कर 3.5 रह गया। कम आईसीओआर देश के लिए अच्छा है क्योंकि इसका अर्थ होता है कि अतिरिक्त उत्पादन इकाइयों के लिए कम अतिरिक्त पूंजी इकाइयों की जरूरत होगी। कहने का यह अर्थ नहीं कि भारतीय अर्थव्यवस्था में सब कुछ बहुत अच्छा है। अर्थव्यवस्था में आज भी अनेक समस्यायें हैं जिनमें से सर्वाधिक महत्वपूर्ण सभी स्तरों पर समाजवादी व यथास्थितिवादी सोच बनी रहना है। इसके साथ ही नीति व निर्णयों के प्रति मनमानेपन तथा समुचित प्रतिक्रिया न करने की समस्यायें भी बनी हुई हैं। लेकिन इन समस्याओं से बाहर निकलने का रास्ता भय पैदा करना नहीं है क्योंकि इससे संभावित निवेशक भयभीत हो सकते हैं। सभी जानते हैं कि रघुराम राजन कांग्रेस के निकट हैं, लेकिन इस निकटता से उनकी विद्वता व विश्लेषण क्षमता प्रभावित होना अच्छी बात नहीं है। भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में भय पैदा करने से कांग्रेस को भी कोई राजनीतिक लाभ नहीं होगा क्योंकि तेज आर्थिक प्रगति जमीन पर दिख रही है और उससे कोई इनकार नहीं कर सकता है।

# गरीबों के समक्ष विकास के अवसर

**गरीबों के समक्ष विकास के अनेक अवसर हैं, पर अब भी वित्तीय सेवायें प्राप्त करने में उनके समक्ष अनेक बाधायें हैं। इसे दूर करने के लिए वित्तीय साक्षरता व जागरूकता अभियान की जरूरत है।**



**मोईन काज़ी**
(लेखक, विकास पेशेवर हैं)



भारत में अब संवेदनशील बैंकिंग बाजारों का विकास हो गया है, पर अब भी संकटग्रस्त व कम आय वाले लोगों की सेवा के लिए सही फार्मूले की तलाश जारी है। देश में वित्तीय व्यवस्था से बाहर छूट गए लोगों के लिए बैंकों को अब भी समाधान तलाशने हैं और वे इसके निकट नहीं पहुंच सके हैं। वित्तीय समावेशन के लिए बैंकों से संपर्क महत्वपूर्ण है, लेकिन कुछ लोगों का विश्वास है कि विरासत में मिले ढांचों व व्यवस्थाओं में कम आय वर्ग वाले लोगों की पहुंच की समस्यायें बनी हुई हैं। यह तथ्य भी अनेक प्रकार से उजागर हुआ है कि वित्तीय समावेशन कम आय वाले समुदायों में प्रतिभासंपन्न लोगों के लिए अत्यधिक उत्पीड़क भी हो सकता है जिससे उनके विकास के रास्तों में बाधा आती है। अक्सर गरीब लोगों के पास सुरक्षित, सस्ती व सुविधाजनक ऐसी व्यवस्था तक पहुंच का अभाव होता है जो उनके नियंत्रण में हो तथा उनके बहुत थोड़े संसाधनों का प्रबंधन सही तरीके से कर सके। इसके परिणामस्वरूप अत्यधिक गरीब लोग अब भी वित्तीय व्यवस्था से बाहर रह जाते हैं, जबकि हम में से अधिकांश लोग इन पर विश्वास करते व इनका लाभ उठाते हैं। किसी भी देश के विकास के लिए वित्त तक पहुंच बहुत जरूरी है। यह मूलभूत ढांचागत संरचनाओं, जैसे सड़कों, बिजली या इंटरनेट तक पहुंच की तरह ही महत्वपूर्ण है।

जिस प्रक्रिया से कम आय वाले व वित्तीय रूप से बहिष्कृत समुदाय औपचारिक वित्त तक पहुंच बनाते हैं उसे वित्तीय समावेशन के नाम से जाना जाता है। इसके उलट इस प्रकार की पहुंच के अभाव को 'वित्तीय बहिष्करण' कहते हैं। वित्तीय बहिष्करण का अर्थ व्यक्तियों, परिवारों या समूहों द्वारा ऐसी आवश्यक वित्तीय सेवाओं तक पहुंच में बाधा है जो सस्ती, सुविधाजनक, सुरक्षित तथा बिना किसी जटिलता के उपलब्ध हों। इस प्रकार के वित्तीय बहिष्करण की अनेक श्रेणियां हैं। इनमें प्रमुख बहिष्करण का अर्थ है कि वित्तीय मामलों का संचालन करने वाले पूरी तरह नियंत्रित वित्तीय व्यवस्था के बाहर होते हैं। सीमित पहुंच का अर्थ ऐसे लोगों से है जिनके बैंक खाते तो हों, पर उनकी वित्तीय आदतें खराब हों और उनको समुचित सलाह न मिल पाती हो। इसी प्रकार जटिल पहुंच का अर्थ उन लोगों से है जो समुचित लाभ नहीं प्राप्त कर पाते हैं तथा अनुपयुक्त उत्पादों के प्रयोग से पीड़ित होते हैं। इस बात के समुचित प्रमाण हैं कि गहन वित्तीय क्षेत्रों तथा अच्छी तरह संचालित वित्तीय व्यवस्थाओं वाली अर्थव्यवस्थायें सभी क्षेत्रों में अच्छा काम करती हैं।

आम समझदारी के विपरीत गरीब लोगों को उसी प्रकार की वित्तीय सेवाओं की आवश्यकता होती है जैसी अमीर लोगों को होती है। वे उन्हीं कारणों से इन सेवाओं का प्रयोग करते हैं जिनके चलते अमीर लोग इनका लाभ उठाते हैं। वे सुरक्षित रूप से बचत करना चाहते हैं, अपने घरों में सुधार करना चाहते हैं, अपने जीवन में बदलाव लाना चाहते हैं तथा प्राकृतिक आपदाओं के कारण पैदा आपातस्थितियों से निपटना चाहते हैं।

असाधारण प्रयासों और अनेकानेक सफलताओं के बावजूद गरीबों की वित्तीय सेवाओं तक पहुंच में अब भी अनेक बाधायें बनी हुई हैं जिनके कारण उनका वित्तीय बहिष्करण होता है। दुर्गम, पहाड़ी व विरल बस्तियों वाले क्षेत्रों तथा खराब ढांचागत संरचनाओं के कारण उनकी भौतिक पहुंच में बाधा आती है। इसके साथ ही मांग के बारे में जागरूकता की कमी, कम आय व कम परिसंपत्तियों, सामाजिक पृथक्करण तथा निरक्षरता भी महत्वपूर्ण बाधायें हैं। सप्लाई पक्ष में बैंक शाखा से दूरी, जटिल व परेशान करने वाली प्रक्रियायें, अनुपयुक्त उत्पाद, दस्तावेजों की जटिल भाषा तथा कर्मचारियों का गरीब लोगों के प्रति दृष्टिकोण भी गरीबों को व्यवस्था से बाहर रखने का कारण बनते हैं। स्वयं को जानबूझ कर व्यवस्था से बाहर रखना बहिष्करण के समान नहीं है। हाल के समय में बैंक खातों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है, पर अनेक ग्राहक उनका समुचित उपयोग नहीं करते हैं। इससे समुचित उत्पाद तैयार करने तथा लोगों को शामिल करने की बेहतर रणनीतियों का विकास महत्वपूर्ण हो जाता है। इनका विकास इसलिए जरूरी है कि ग्राहकों की आवश्यकतायें पूरी होना सुनिश्चित हो तथा वे अपने दैनिक वित्तीय जीवन में नए उत्पादों को स्वीकार कर उनका समुचित उपयोग कर सकें। समूह आधारित माइक्रोफाइनेंस कार्यक्रमों से बहिष्करण की समस्या भी सामने आती है क्योंकि अपनी आर्थिक स्थिति में लगातार सुधार करने वाले सदस्य अक्सर गरीबों में सबसे गरीबों को समूह में समूह-अनुशासन बनाए रखने के नाम पर शामिल नहीं करते हैं। उनको लगता है कि गरीब लोग समूह की एकरूपता व विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचा सकते हैं। परियोजना के कर्मचारियों को सदस्यों को अपने लक्ष्यों के प्रति संवेदनशील बनाना चाहिए ताकि उनके पूरे समुदायों तक वित्तीय पहुंच सुनिश्चित करने का लक्ष्य पूरा हो सके।

कर्मचारियों के कारण भी बहिष्करण हो सकता है। इसका अर्थ अंतिम सिरे पर गुणवत्ता का अभाव है जिससे ग्रामीण ग्राहक बैंकों की मुख्यधारा में शामिल होने से डरते हैं। यह तथ्य भी महत्वपूर्ण है कि उपभोक्ता आधिकारिक प्रक्रियाओं से भयभीत नहीं होते हैं। इसके उलट कर्ज देने वाले अधिकारियों में सबसे गरीब लोगों को बहिष्कृत करने की स्पष्ट या अंतर्निहित भावना हो सकती है। इसका आधार यह समझ हो सकती है कि गरीब लोग समस्यायें पैदा कर सकते हैं और वे उचित ग्राहक नहीं हैं। यह एक प्रकार की संगठनात्मक संस्कृति से और जटिल हो जाता है जहां वित्तीय मिशन, सामाजिक मिशन को पीछे छोड़ देता है। कभी-कभी डिजाइन के कारण भी बहिष्करण हो सकता है। वित्तीय कार्यक्रम की क्रियाविधि डिजाइन के अनेक आयाम जानबूझ कर या संयोगवश सबसे गरीब लोगों को बहिष्कृत कर सकते हैं। इनमें प्रवेश फीस, वर्तमान समय में बिजनेस न करने वाले लोगों को बाहर रखने के नियम, बहुत कठोर शर्तों वाले कर्ज के फार्म, अनिवार्य बचत, समूह के नियमों का पालन न करने वालों पर जुर्माने, समूह दायित्व के नियम, समुदाय में स्थानों के बजाय वित्तीय संस्थानों द्वारा अपने प्रमुख कार्यालयों से सेवायें प्रदान करना और दुर्गम पहुंच वाले क्षेत्रों में कार्यक्रम चलाना शामिल हैं। कार्यक्रम डिजाइन के अन्य आयामों में भले ही सबसे अधिक गरीबों को बाहर रखना शामिल न हो, पर वे कम गरीबों के प्रति पूर्वाग्रही हो सकते हैं।

वित्तीय समावेशन के लिए सेवा प्रदाताओं की अनुपयुक्तता का अर्थ उच्च गुणवत्ता वाली वित्तीय सेवाओं को सस्ती रखने के साथ ही उनको टिकाऊ बनाना भी है। ग्रामीण बाजारों के लिए व्यापक, पर परंपरागत उत्पादों की जरूरत है। कम आय वाले समुदायों के लिए अनौपचारिक वित्तीय सेवायें ज्यादा सुविधाजनक व सस्ती होती हैं। लेकिन उनमें औपचारिक संस्थानों जैसी विश्वसनीयता, सुरक्षा, सस्ते होने, मूल्यवान तथा संभावनाओं से भरे होने की बात नहीं होती है। लेकिन वित्तीय सेवा प्रदाना इन समुदायों की सेवा करना खर्चीला व कठिन मानते हैं। हालांकि, ऐसे वित्तीय उत्पादों व सेवाओं की कोई कमी नहीं है जो कम आय वाले कामगारों की सहायता कर सकती हैं, पर उनके सक्षम वितरण चैनल का अभाव है। ग्रामीणों को अक्सर लंबी कतारों में या उन एटीएम के सामने खड़ा होना पड़ना है जिसमें रुपये नहीं होते हैं। इस मुद्दे से निपटने के लिए बिजनेस करेस्पांडेंट माडल अच्छी संभावनायें प्रदर्शित कर रहा है, पर इसमें जीवन्तता व टिकाऊपन की समस्यायें हैं।

अनेक ग्राहक बैंक खातों से जुड़ी लेनदेन फीस से संतुष्ट नहीं हैं। यह कभी-कभी साल भर में मिलने वाले ब्याज से अधिक हो सकती हैं। वर्तमान समय में अनेक तकनीक-संचालित वित्तीय सेवायें हैं जो सस्ती हैं, पर निरक्षर व नवसाक्षर तथा महिलाओं के लिए इनका प्रयोग कठिन है। हमें ऐसे उत्पादों में निवेश बढ़ाने की आवश्यकता है जो गरीब उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं के अनुरूप हों। इसके लिए समुचित प्रशिक्षण व शिक्षा की आवश्यकता है ताकि लोग इन वित्तीय सेवाओं को स्वीकार कर सकें।

तकनीक के प्रति असहज होना तथा कम साक्षरता इनके प्रयोग में बाधा है। वित्तीय समावेशन में वित्तीय संस्थानों द्वारा तकनीक की शक्ति का प्रयोग शामिल है। इससे बिजनेस का अवसर मिलता है तथा सामाजिक बेहतरी प्राप्त करने में सहायता मिलती है। इसके लिए विश्वसनीय, कम खर्च वाले व सुरक्षित वित्तीय उपकरणों की आवश्यकता है जिनका प्रयोग ऐसे लोग कर सकें जिनकी कभी बैंक तक पहुंच नहीं रही है। खातों के माध्यम से बैंकों तक पहुंच तथा अन्य जोखिम सेवायें प्राप्त करना पूरी मानवता का समान अधिकार होना चाहिए। वित्तीय पहुंच से अर्थव्यवस्था में सबकी सहभागिता का आधार तैयार होता है। इससे सभी लोग उपलब्ध वित्तीय उपकरणों का प्रयोग कर बेहतर जीवन के लिए अपने पैसे का सुचारु प्रबंधन कर सकते हैं।

# क्वाड के एसियान से संबंध बढ़ाने के प्रयास

"क्वाड आसियान देशों के साथ जुड़ाव को गहरा करेगा, जिसमें अधिक से अधिक सहयोग के लिए एक औपचारिक मंच स्थापित करना शामिल है।"

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



पिछले दो हफ्तों के दौरान जी20 वित्त मंत्रियों, केंद्रीय राज्यपालों और विदेश मंत्रियों की व्यस्तताओं के दौरान उच्च स्तरीय बैठकों की श्रृंखला से सबसे अनुकूल परिणामों में से एक द्विपक्षीय और बहुपक्षीय बैठकें रही हैं, जिन्हें भारत ने अलग से प्रबंधित किया। भारत का पुनरोद्धार, जर्मनी की साझेदारी, और भारत का पुनर्उद्देश्य और इटली के संबंध, दीर्घावधि में भारी लाभांश वहन करेंगे। भारत किसी भी इंडो-पैसिफिक दृष्टिकोण में अपनी केंद्रीयता को यूरोप के सबसे महत्वपूर्ण शक्ति केंद्रों तक पहुंचाने में कामयाब रहा, जिसे फ्रांस (जो पहले से ही एक करीबी रक्षा भागीदार है) के साथ मिलकर इस क्षेत्र में यूरोपीय संघ की भविष्य की व्यस्तताओं को महत्वपूर्ण रूप से बदल सकता है। लंबे समय से लंबित मुक्त व्यापार समझौतों को एक नई गति मिल सकती है, यहां तक कि प्रौद्योगिकी और व्यापार परिषद (किसी भी देश के साथ यूरोपीय संघ के लिए एक सेकंड) भारत के साथ व्यापार के मुद्दों को सुलझाने के लिए एक स्थायी सचिवालय के रूप में काम करेगा।

इस बीच, भारत ने नई दिल्ली में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी की, जो हाल के दिनों में सबसे महत्वपूर्ण बैठकों में से एक हो सकती है। बैठक के बाद क्वाडके संयुक्त बयान में मुक्त, नियम-आधारित, समावेशी, लचीले भारत-प्रशांत क्षेत्र के लिए सभी चार सदस्यों की प्रतिबद्धता को दोहराया गया है, जो यथास्थिति को एकतरफा रूप से बदलने और क्षेत्रीय अखंडता या संप्रभुता को खतरे में डालने के लिए किसी भी कठोर कदम का दृढ़ता से विरोध करेगा। चीन के लिए संदेश जोरदार और स्पष्ट था। क्वाड सदस्यों ने क्षेत्र में भविष्य की व्यस्तताओं के लिए एसियान नेशंस) के सिद्धांतों और दृष्टिकोण की केंद्रीयता को दोहराया। भारत, अमेरिका,



ऑस्ट्रेलिया और जापान पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन और आसियान क्षेत्रीय मंच सहित आसियान के नेतृत्व वाली वास्तुकला के साथ जुड़ाव को गहरा करेंगे। उन्होंने इंडोनेशिया की आसियान अध्यक्षता के पीछे अपना वजन डाला, जिसमें आसियान मामले, विकास का महाकाव्य विषय शामिल है। चीन के लिए संदेश था, क्वाड आसियान देशों के साथ जुड़ाव को गहरा करेगा, जिसमें अधिक से अधिक सहयोग के लिए एक औपचारिक मंच स्थापित करना शामिल है, जिससे किसी भी कठोर व्यवहार को रोका जा सके। क्वाड ने समुद्री सुरक्षा, लचीले बुनियादी ढांचे और जलवायु परिवर्तन पर अपने सिद्धांतों के साथ खड़े होने की प्रतिबद्धता जताते हुए प्रशांत द्वीप देशों के लिए दृढ़ समर्थन व्यक्त किया। हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (आईओआरए) के संयुक्त बयान में इसी तरह के पाठ को शामिल किया गया है, जिसके सदस्य भारत और ऑस्ट्रेलिया के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। आईओआरए हिंद महासागर में फैले 23 देशों का एक अंतर-सरकारी संगठन है। इनमें से कई देशों ने आक्रामक चीन का सामना किया है, जिसमें चीन की अपारदर्शी बुनियादी ढांचा वित्तपोषण नीति के तहत अपने महत्वपूर्ण समुद्री बंदरगाहों को सौंपने के लिए मजबूर होना भी शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है। चीन ने स्थिति पर ध्यान दिया है और एक प्रेस सम्मेलन में, इस हफ्ते, नवनियुक्त विदेश मामलों के मंत्री किन गैंग ने कहा, हिंद-प्रशांत रणनीति विफल होने के लिए बाध्य है, भले ही उन्होंने क्षेत्र में यूक्रेन जैसा संकट पैदा करने का खतरा दोहराया हो। अमेरिका और उसके सहयोगियों द्वारा।

हालांकि, क्वाड बैठक का सबसे अच्छा परिणाम सदस्यों द्वारा संयुक्त राष्ट्र चार्टर के पीछे गंभीर भार डालने की पुष्टि थी। संयुक्त बयान में कहा गया है, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी और गैर-स्थायी सीटों में विस्तार सहित व्यापक सुधार एजेंडा के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय प्रणाली को मजबूत करने की हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता। इस संबंध में, हम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को अधिक प्रभावी, प्रतिनिधि और विश्वसनीय बनाने के समग्र उद्देश्य के साथ सुरक्षा परिषद सुधारों पर अंतर-सरकारी वार्ता प्रक्रिया में सक्रिय और रचनात्मक जुड़ाव के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की रूपरेखा को बदलने के लिए भारत के निरंतर संघर्ष के पीछे अमेरिका की ताकत को मजबूती से रखता है, वैश्विक विशेष उच्च तालिका पर अपना सही स्थान पाने के लिए, जिसे चीन द्वारा लगातार वीटो किया गया है।

क्वाड सदस्यों ने संयुक्त राष्ट्र में अपनी निष्पक्षता और अखंडता बनाए रखने के लिए विभिन्न प्रमुख पदों के लिए मेधावी और स्वतंत्र उम्मीदवारों का समर्थन करने के लिए भी प्रतिबद्ध किया। दो दशकों में संयुक्त राष्ट्र में शीर्ष पदों पर नियुक्तियों पर भी चीन का कब्जा रहा है, जिससे उसे संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक मंच के माध्यम से अपनी घोषित राष्ट्रीय नीतियों को चलाने का अनुचित लाभ मिला है, जिससे भारत सहित अन्य सदस्य देशों के कई प्रासंगिक हितों पर कुठाराघात हुआ है।

## आप की बात

### अलविदा सतीश कौशिक

**मशहूर** अभिनेता एवं फिल्मकार सतीश कौशिक नहीं रहे। चार दशकों के लंबे करियर की शुरुआत 1983 में जाने भी दो यारों जैसी प्रसिद्ध फिल्म से हुई और यह छतरीवाली पर समाप्त हुआ। इस दौरान उन्होंने अभिनेता, निर्देशक, निर्माता और लेखक आदि सभी क्षेत्रों में अपना हाथ आजमाया लेकिन अंतत: मुख्यत: वे अपनी शानदार कॉमिक टाइमिंग के लिए जाने जायँगे। मिस्टर इंडिया के कलेण्डर, बड़े मियां छोटे मियां के शराफ़त अली और दीवाना मस्ताना के पप्पू पेजर, आदि के सभी किरदारों से उन्होंने दर्शकों का मन मोह लिया। आज भी लोग उन किरदारों को याद करके ठहाके मारते हैं। उन्होंने अपने करियर में दो फिल्मफेयर और एक बार दादा साहेब फाल्के पुरूस्कार जीता। आज ओटीटी के दौर में जब भिन्न-भिन्न किस्म के किरदार अभिनेताओं को निभाने को मिलते हैं तो उसे देश कर लगता है कि सतीश कौशिक बड़ी जल्दी ही हमें छोड़ कर चले गए उनके अभिनय की कुछ और परतें अभी खुलनी बाकी थीं। उनके निधन से एक बार अचानक दिल के दौरे से निधन के अनेक प्रकरणों पर ध्यान जाता है। जरूरी हो गया है कि लोगों को सीपीआर का प्रशिक्षण एक अभियान चला कर दिया जाए, ताकि जरूरत होने पर जान बच सके।

**बाल गोविंद,** नोएडा

### संघ-विरोधी राहुल

**संघ** की स्थापना के समय से ही कांग्रेस ने सामाजिक व राष्ट्रभक्त संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को बदनाम करने की भरपूर कोशिश की है परन्तु कभी उसमें सफलता नहीं मिली। राहुल गांधी भी अपने पूर्वजों की भातिं संघ को बदनाम करने के निरन्तर प्रयास न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी बदनाम करना चाहते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भारत के अधिकतम संस्थानों पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने संघ को कट्टरवादी फासिस्ट संगठन बताते हुए उसकी तुलना मुस्लिम ब्रदरहुड से की। ऐसे आरोप लगाने से पहले राहुल गांधी को समझ लेना चाहिये कि जिस संघ पर आप कब्जा करने का आरोप लगा रहे हैं उस संगठन में अनगिनत लोग अपना जीवन लगाकर कार्य करते हैं। आज तक किसी भी संस्था या व्यक्ति ने ये आरोप नहीं लगाया कि संघ के कार्यकर्ताओं ने उनके मैदान या स्थान पर कब्जा कर लिया है। संघ के कार्यकर्ताओं ने अनेक आपदाओं में अपना समय व अपना धन लगाकर पीड़ितों की मदद की है। राहुल गांधी को समझ लेना चाहिए कि उनके संघ-विरोधी बयानों से लोगों का ध्यान इस संगठन की ओर और आकर्षित हो रहा है।

**ललित शंकर,** गाजियाबाद

### लालू की मुश्किल

**घोटालों** के पर्याय बन चुके बिहार के लालू प्रसाद यादव फिर इन दिनों चर्चा में है। रेलवे नौकरी घोटाले में सीबीआई उनसे पूछताछ कर रही है। लालू की बेटी रोहिणी आचार्य को यह सब पूछताछ केंद्र सरकार की परेशान करने वाली नीति नजर आ रही है। उन्होंने इस पूछताछ पर जो प्रतिक्रिया दी है वह गौर करने लायक है। रोहिणी का कहना है लालू को अगर कुछ हुआ तो वह दिल्ली की कुर्सी हिला देगी। एक बेटी होने के नाते रोहिणी की परेशानी उचित लग सकती है, लेकिन यदि लालू यादव सीधे-सीधे सीबीआई के सामने अपना पक्ष रख दें तो बेहतर होगा। रोहिणी को यह बात समझ लेनी चाहिए कि भले ही झूठ जोर से बोल दिया जाए उससे सच दब नहीं सकता। चारा घोटाले में भी लालू आखिर तक अपने को निर्दोष बताते रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद उनका जुर्म साबित हुआ और उन्हें सजा मिली है। लालू यादव अपने ऊपर लगे भ्रष्टाचार आरोपों को केवल राजनीतिक बदले की भावना से किया काम नहीं बता सकते हैं। भारत आज अतीत की तमाम बुराइयों से मुक्ति पाना चाहता है।

**अमृतलाल मारू,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**सामूहिकता** के भाव से चुनौतियों से जूझकर एक दूसरे का संबल बनना हमारी विशेषता है।

– **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश



**चीनी** सशस्त्र बलों को और अधिक तेजी से विश्व स्तरीय मानकों के अनुसार उन्नत बनाना जरूरी है।

– **शी जिनपिंग**
चीन के राष्ट्रपति



**हम** प्राकृतिक विपदाओं को तो रोक नहीं सकते मगर उनसे होने वाले नुकसान को न्यूनतम कर सकते हैं।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

यूपी कैबिनेट के फैसले

# देश में कहीं भी कराएं इलाज, ब्यौरा मिलेगा ऑनलाइन

## आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन को लागू करने की दी मंजूरी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अब** इलाज संबंधी दस्तावेज रोगियों को अस्पताल लाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। देश के अस्पतालों में प्रत्येक रोगी के इलाज का ब्यौरा उपलब्ध होगा। एक क्लिक में रोगी द्वारा पूर्व में कराई गई जांच व उपचार की पूरी जानकारी कम्प्यूटर स्क्रीन पर होगी। यह संभव होगा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) योजना से। योजना के तहत अस्पताल व डॉक्टर का भी डाटाबेस तैयार किया जाएगा। यूपी में योजना को और रफ्तार दी जाएगी। शुक्रवार को यह फैसला कैबिनेट बैठक में लिया गया।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि भारत सरकार की एबीडीएम योजना को प्रभावी तरीके से लागू की जाएगी। योजना के माध्यम से भारत के सभी नागरिकों के स्वास्थ्य अभिलेखों का डाटाबेस तैयार किया जायेगा। इसमें व्यक्ति की बीमारी डॉक्टर की सलाह, पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी समेत दूसरी जांच रिपोर्ट संरक्षित की जाएंगी। नतीजतन मरीजों को मेडिकल रिकार्ड भौतिक रूप से संरक्षित करने की जरूरत नहीं होगी। एबीडीएम में देश के प्रत्येक नागरिक को एक यूनिक हेल्थ आईडी मिलेगी। यह आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउन्ट (एमबीएचए) पर बनेगा। मरीज का डाटा इलेक्ट्रानिक हेल्थ रिकार्ड के रूप में सुरक्षित किया जायेगा। जो भारत हेल्थ एकाउन्ट से लिंक्ड होगा। यह डाटा पूरी तरह से सुरक्षित होगा।

**ओपीडी का पर्चा बनवाने में लाइन होगी कम:** ओपीडी पर्चा बनवाने के लिए भी मरीज को अस्पताल में लंबी लाइन भी नहीं लगानी होगी। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि मेडिकल कालेज, संस्थान, सरकारी व निजी मेडिकल संस्थानों को जोड़ा जाएगा। राज्य मिशन निदेशक, एबीडीएम नोडल अधिकारी होंगे। योजना का संचालन के लिए राज्य एबीडीएम इकाई की स्थापना की जाएगी।

**महामारी में योजना बनेगी वरदान:** उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना जैसी खतरनाक महामारियों में लोगों के इलेक्ट्रानिक हेल्थ रिकार्ड (ईएचआर) का उपयोग वरदान साबित होगा। बीमारियों का ब्यौरा होने से उन्हें अलर्ट किया जा सकेगा। खास तरह के एहतियात बरतें जा सकेंगे। उपचार मुहैया कराने में भी मदद मिलेगी। इससे महामारी से मुकाबला आसान होगा।

**शोध को भी मिलेगी रफ्तार:** मरीजों का डाटाबेस तैयार होने से इलाके व जिलेवार बीमारी व मरीजों की संख्या की जानकारी जुटाई जा सकेगी। जो शोध के काम आएगा। स्वास्थ्य आईडी नि:शुल्क व स्वैच्छिक होगी। यह आईडी स्वास्थ्य डेटा का विश्लेषण करने में मदद करेगी। इससे चिकित्सालयों में दवा, उपकरण की उपलब्धता का ब्यौरा भी तैयार होगा।

**अस्पताल व डॉक्टर का भी डाटाबेस:** योजना के तहत देश के चिकित्सालयों एवं डॉक्टरों का एक भी डाटाबेस तैयार किया जायेगा। राष्ट्रीय पहचान संख्या (एनआईएन) प्रदान किया जायेगा। इससे देश का मरीज किसी भी संस्थान व डॉक्टर से सलाह हासिल कर सकेगा। देश के सभी सरकारी एवं निजी चिकित्सालयों के विषय में सम्पूर्ण जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध होगी। जिसे कोई भी व्यक्ति देख सकेगा। नेशनल हेल्थ अथॉरिटी ने एबीडीएम के तहत पब्लिक डैश बोर्ड लॉन्च किया है। इससे योजना से संबंधित रियल टाइम इन्फॉर्मेशन प्राप्त की जा सकती है।

## कमिश्नरेट वाले जिलों में अब गुंडा एक्ट में पुलिस आयुक्त होंगे अपीलीय अधिकारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण (संशोधन) विधेयक 2021 को वापस लेकर नया विधेयक लाने का फैसला का फैसला किया है। इसमें गुंडा एक्ट में अपीलीय अधिकारी के स्तर पर बदलाव किया गया है। कमिश्नरेट वाले जिलों में अपील की सुनवाई का अधिकार पुलिस आयुक्त को दिया गया है। अन्य जिलों में अपील की सुनवाई का अधिकार पहले से मंडलायुक्त के पास है।

प्रदेश के सात जिलों लखनऊ, गौतमबुद्धनगर, वाराणसी, कानपुर, प्रयागराज, गाजियाबाद और आगरा में पुलिस कमिश्नरेट लागू होने के कारण उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण (संशोधन) विधेयक 2021 की वर्तमान धारा 2 (ए) तथा 6(1) में कार्यवाही के स्तर तथा अपीलीय अधिकारी के स्तर के संबंध में विरोधाभास को समाप्त किया गया है। विधेयक की धारा 2 (ए) में जिला मजिस्ट्रेट की परिभाषा के तहत पुलिस आयुक्त को हटाते हुए अपर जिला मजिस्ट्रेट, संयुक्त पुलिस आयुक्त, अपर पुलिस आयुक्त और पुलिस उपायुक्त के मूल अधिकार बनाए रखने का प्रावधान किया गया है। इस तरह अधिनियम की धारा 3, 4 एवं 5 से व्यथित व्यक्ति द्वारा की गई अपील की सुनवाई के संबंध में धारा 6(1) के तहत आयुक्त तथा पुलिस आयुक्त को अपीलीय प्राधिकारी घोषित किया गया है। गुंडा एक्ट से संबंधित संशोधित विधेयक 2021 की मंजूरी के बाद केंद्र सरकार ने उसमें व्याप्त विरोधाभास को दूर करने का सुझाव दिया था।

विरोधाभास यह था कि जिसे गुंडा एक्ट लगाने का अधिकार दिया गया था, उसे ही अपील की सुनवाई का भी अधिकार दे दिया था। इस बारे में केंद्र सरकार के पहली अप्रैल 2022 के पत्र पर प्रदेश सरकार ने डीजीपी, एडीजी कानून-व्यवस्था, एडीजी अपराध, एडीजी अभियोजन और सभी पुलिस आयुक्तों से स्पष्ट प्रस्ताव मांगा था। सभी प्रस्तावों का अध्ययन करने के बाद गृह विभाग ने विधेयक 2021 की वर्तमान धारा 2(ए) तथा धारा 6 (1) में संशोधन का प्रस्ताव तैयार करके कैबिनेट के सामने रखा।

## राशन वितरण में गड़बड़ी रोकने के लिए लागू होगा इंटीग्रेटेड सिस्टम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** में राशन वितरण को लेकर गड़बड़ी अब नहीं हो सकेगी। योगी आदित्यनाथ सरकार ने राशन कार्डधारकों के हित में कोटेदारों के कामकाज पर प्रभावी निगरानी के लिए बड़ा फैसला किया है। सरकार ने तय किया है कि अब से उपभोक्ताओं को गेहूं चावल और अन्य चीजें मिलने के साथ राशन की दुकानों से पर्ची भी दी जाएगी। इस पर्ची में उसके हस्ताक्षर होंगे। साथ ही राशन मिलने का मैसेज भी मोबाइल पर आएगा। राशन वितरण की व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए शुक्रवार को हुई योगी कैबिनेट की बैठक में प्रदेश के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों की उचित दर दुकानों में इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन सहित ई-पॉस मशीनों की स्थापना एवं संचालन के लिए सिस्टम इण्टीग्रेटर संस्थाओं के चयन के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेशभर में राशन वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाने के लिए सरकार ने ई-पास मशीन सिस्टम लागू किया था। जिसके अत्यंत सार्थक परिणाम आए हैं। इस सिस्टम और भी अधिक मजबूत बनाने के लिए इंटीग्रेटेड सिस्टम लागू करने का फैसला किया गया है। इसके लिए नोडल एजेंसी तय करने के प्रस्ताव को कैबिनेट ने आज मंजूरी प्रदान कर दी है। इस सिस्टम के लागू होने के बाद प्रदेश में राशन को लेकर गड़बड़ियों पर प्रभावी अंकुश लगेगा। राशन मिलने की जानकारी कार्डधारक को मोबाइल पर मैसेज के जरिए तुरंत मिल जाएगी। इससे उसके हिस्से का राशन कोई और नहीं ले सकेगा। लाभार्थी, कोटेदार के यहां से राशन लेगा तो पहले उसे वहीं पर एक रिसीविंग दी जाएगी। कोटेदार एक पर्ची देगा जिसमें उपभोक्ता द्वारा राशन प्राप्त करने की जानकारी दर्ज होगी। इसके साथ ही उपभोक्ता के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एक मैसेज जाएगा। इसमें उसके हिस्से का राशन उसे मिलने की सूचना रहेगी।

## राज्य सरकार की हवाई पट्टियों के उपयोग के लिए नई नीति को हरी झंडी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कैबिनेट** ने उत्तर प्रदेश सरकार के स्वामित्व की हवाई पट्टियों एवं वहां पर अन्य परिसम्पत्तियों को निजी संस्थाओं द्वारा उड्डयन क्षेत्र में प्रशिक्षण व अन्य गतिविधियां संचालित करने के लिए अनुमति दिए जाने के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश राज्य सरकार की हवाई पट्टियों के उपयोग हेतु नीति 2023 को स्वीकृति प्रदान कर दी है। नागरिक उड्डयन विभाग धनीपुर (अलीगढ़), सैफ ई (इटावा), रसूलाबाद (कानपुर देहात), फ रुखाबाद, श्रावस्ती, आजमगढ़, अकबरपुर (अम्बेडकरनगर), अमहट (सुल्तानपुर), अन्धऊ (गाजीपुर), पलिया (खीरी), चित्रकूट, म्योरपुर (सोनभद्र), झांसी, ललितपुर, मेरठ, मुरादाबाद तथा अयोध्या जनपदों में स्थित कुल 17 हवाई पट्टियों तथा उन पर निर्मित परिसम्पत्तियों (हैंगर, भवन आदि) को उड्डयन क्षेत्र में उड़ान प्रशिक्षण संस्थान (फ्लाईट ट्रेनिंग ऑर्गेनाइजेशन), एमआरओ, एएमई प्रशिक्षण एवं टेस्ट बेड तथा एयरो स्पोर्ट्स, मास्टर कन्सैशनेयर सहित अन्य विमानन सहायक गतिविधियां एवं सेवाएं संचालित करने हेतु चयनित निजी संस्थाओं (फ्लाईंग क्लब/एकेडमी) द्वारा उपयोग करने हेतु अनुमति प्रदान कर सकता है। उड़ान प्रशिक्षण संस्थान (फ्लाईट ट्रेनिंग ऑर्गेनाइजेशन) हेतु न्यूनतम आवश्यक भूमि का आकार, क्षेत्रफ ल 1000 वर्ग मीटर तथा एमआरओ0 संगठनों के लिए न्यूनतम 200 वर्ग मीटर निर्धारित है। एयरो स्पोर्ट्स गतिविधियों के लिए चिन्हित हवाई पट्टी पर 50 वर्गमीटर का क्षेत्रफ ल अस्थायी रूप से आवंटित किया जाएगा। अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता होने पर लैण्ड बैंक की उपलब्धता तथा तत्समय प्रचलित लैण्ड लीज रैण्टल के आधार पर केस-टू-केस बेसिस पर किराए का निर्धारण नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा किया जाएगा।

## पुराने व निष्प्रयोज्य वाहनों पर देय बकाया करों में छूट का प्रस्ताव मंजूर

**लखनऊ।** कैबिनेट ने शुक्रवार को नई वाहन स्क्रैप पॉलिसी को मंजूरी दे दी। पुराने एवं निष्प्रयोज्य हो चुके व्यावसायिक एवं गैर-व्यावसायिक वाहनों पर देय बकाया करों में छूट के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। वर्ष 2003 से पूर्व राज्य में रजिस्ट्रीकृत सभी श्रेणियों के वाहनों पर बकाया करों में 75 फीसदी तक छूट दी जाएगी। योजना के तहत यह छूट अधिसूचना जारी किए जाने की तिथि से एक वर्ष के लिए मान्य होगी। यह छूट वाहन स्वामी को वाहन पर छूट के बाद देय धनराशि को एकमुश्त जमा करने पर ही प्राप्त होगी। कैबिनेट से मंजूर किए गए प्रस्ताव में उत्तर प्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम-1997 की धारा चार के अधीन गैर व्यावसायिक एवं व्यावासायिक वाहनों पर देय बकाया कर में छूट के लिए अलग-अलग श्रेणी बनाई गई है। इसके तहत वर्ष 2003 में या इसके बाद और वर्ष 2008 से पूर्व राज्य में रजिस्ट्रीकृत सभी श्रेणियों के वाहनों पर 50 फीसदी की छूट होगी। इसी तरह वर्ष 2008 में या इसके बाद और 2013 में या इसके पूर्व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में पड़ने वाले राज्य के जिलों में रजिस्ट्रीकृत सभी श्रेणियों के डीजल चालित वाहनों पर भी 50 फीसदी की छूट होगी। रजिस्ट्रीकृत यान स्क्रैपिंग सुविधा केंद्र में स्क्रैप कराने वाले वाहनों पर लगाए गए जुर्माने में शत-प्रतिशत छूट होगी लेकिन यह वाहनों पर जुर्माने की छूट देय सभी बकाया करों पर अनुमन्य होगी। प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि पुराने वाहनों के संचालन से होने वाले वायु प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए वाहन स्क्रैपिंग नीति लागू की गई है। इसके तहत कार्रवाई करने पर यूपी को केंद्र सरकार से 300 करोड़ रुपये प्राप्त होंगे। तीन बिन्दुओं पर कार्रवाई करने पर पहली किस्त के रूप में 50 करोड़ रुपये प्राप्त होंगे। इसके तहत प्रदेश सरकार को पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधा में 15 वर्ष या उससे अधिक पुराने सरकारी वाहनों की स्क्रैपिंग एवं उनकी अपेक्षित संख्या उपलब्ध कराए जाने, निक्षेप प्रमाणपत्र के सापेक्ष क्रय किए गए वाहनों को कर में छूट प्रदान किए जाने और पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधा में स्क्रैप किए जाने वाले वाहन पर लंबित बकाया कर में एकमुश्त छूट प्रदान किए जाने की कार्रवाई करनी है।

## प्रदेश में नई खेल नीति को मंजूरी, राज्य खेल प्राधिकरण की भी स्थापना करेगी सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की योगी सरकार राज्य में नई खेल नीति लागू करने जा रही है। राज्य कैबिनेट की बैठक में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश खेल नीति-2023 को मंजूरी प्रदान कर दी गई। यह नीति प्रदेश को स्पोर्ट्स प्रमोशन और डेवलपमेंट में एक लीडर के रूप मे स्थापित करने के उद्देश्य से विकसित की गई है। इस नीति से जुड़ी रणनीतियों एवं पहलुओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए एक राज्य खेल प्राधिकरण की स्थापना की जाएगी। प्रदेश सरकार के खेल विभाग के तहत यह स्वायत्त निकाय राज्य सरकार की नीति को लागू करने, संसाधनों को जोड़ने और निगरानी करने तथा कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में विभाग को रिपोर्ट करने के लिए विभिन्न हितधारकों के साथ समन्वय और सहयोग करेगा।

उत्तर प्रदेश खेल नीति-2023 का उद्देश्य एक मजबूत प्रतिभा, पहचान और विकास संरचना की स्थापना करते हुए बच्चों एवं युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करना, कम उम्र में प्रतिभा को पहचानना और उन्हें उत्कृष्टता के लिए पोषित करना, खेल उत्कृष्टता का प्रयास करने वाले सभी एथलीटों के लिए व्यवस्थित और वैज्ञानिक प्रशिक्षण सहायता प्रदान करना, सभी को पर्याप्त स्तर-उपयुक्त प्रशिक्षण अवसंरचना प्रदान करना, खेलों तक पहुंच को बढ़ावा देने के लिए शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में पर्याप्त खेल, बुनियादी ढांचे का विकास, उन्नयन, उपयोग और रख-रखाव करना और आयोजनों की मेजबानी के लिए बुनियादी ढांचे सहित ईको सिस्टम को मजबूत करना आदि है।

नीति के तहत खिलाड़ियों को 3 श्रेणियों-ग्रास रूट स्तर के खिलाड़ी, विकासात्मक स्तर के खिलाड़ी तथा उच्च स्तर के खिलाड़ी के रूप में वगीकृत किए जाने की व्यवस्था है। प्रत्येक जनपद में उभरती प्रतिभाओं की खोज एवं विकास हेतु एक कमेटी बनायी जाएगी, जिसमें सभी खेल संघों के प्रतिनिधि तथा सम्बन्धित जनपद के क्रीड़ाधिकारी-उप क्रीड़ाधिकारी रहेंगे। जो प्रत्येक वर्ष हर जिले से 5-5 खिलाड़ी चुनेंगे। स्पोर्ट्स कॉलेज और छात्रावास के लिए खिलाड़ियों का चयन पुराने वर्षों के अच्छे खिलाड़ियों द्वारा किए जाने का उल्लेख है। खेल महाविद्यालय-छात्रावास कर्मचारियों, प्रशिक्षकों आदि की चयन प्रक्रिया में कोई संलिप्तता नहीं होगी। स्पोर्ट्स कॉलेज-छात्रावास में प्रशिक्षकों की देखभाल के लिए विशेषज्ञ चिकित्सक च चिकित्सक नियुक्त किए जाएंगे। खेल विभाग खेलों को 3 विभिन्न श्रेणियों-उच्च प्राथमिकता वाले खेल, प्राथमिकता वाले खेल और सामान्य खेल में विभाजित करेगा। प्राथमिकता देने से विभाग को उन खेलों पर अधिक ध्यान देने में मदद मिलेगी, जो ओलम्पिक और पैरालम्पिक जैसे प्रमुख आयोजनों में सफलता देने की अधिक सम्भावना रखते हैं। खेल और शारीरिक गतिविधि की संस्कृति को बढ़ावा देने के अन्तर्गत खेल विभाग और शिक्षा विभाग राज्य के सभी स्कूलों के लिए शिक्षा पाठ्यक्रम के भीतर खेल को एकीकृत करने के लिए मिलकर काम करेंगे। खेल नीति का उद्देश्य खिलाड़ियों की भागीदारी सम्बन्धी आवश्यकताओं और उनके खेल कैरियर के दौरान और बाद में उनकी समग्र भलाई को पूरा करना है। इसलिए खिलाड़ियों को पुरस्कार-प्रोत्साहन-सहायता प्रदान करने के लिए विभिन्न पहल की जाएगी। खिलाड़ियों को विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय आयोजनों में उनके प्रदर्शन के लिए नगद पुरस्कार दिए जाएंगे। एक स्वस्थ वातावरण और विकसित खेल पारिस्थितिकी खेल तंत्र की आवश्यकता को महसूस करते हुए प्रदेश का खेल विभाग आधिकारिक तौर पर अपनी खेल नीति में ई-स्पोर्ट्स को शामिल करने वाला पहला राज्य बन गया है। ई-स्पोर्ट्स को विकसित करने और बढ़ावा देने के लिए स्कूल-कॉलेज स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम, प्रतिभा पहचान और प्रतिभा विकास मॉडल विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। राज्य में एक ई-स्पोर्ट्स सेण्टर स्थापित करने के लिए निजी क्षेत्र की संस्थाओं का समर्थन किया जाएगा।

### खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन यूपी में कराने के लिए कमेटियां गठित

**लखनऊ।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन उत्तर प्रदेश में कराए जाने के लिए विभिन्न कमेटियों के गठन के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव को कैबिनेट ने अनुमोदित कर दिया है। इसके तहत खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स के आयोजन के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी-संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी की समिति गठित की गई है। अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (खेलों से सम्बन्धित सभी मामलों में सम्पूर्ण पर्यवेक्षण) बनाया गया है। इसके अतिरिक्त पांच संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भी समिति में सम्मिलित हैं। खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स के आयोजन के लिए राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), खेल एवं युवा कल्याण उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में आयोजन समिति का गठन किया गया है। मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स के आयोजन हेतु कार्यकारी समिति गठित की गयी है। सचिव युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार कार्यकारी समिति के सह अध्यक्ष तथा अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण उत्तर प्रदेश शासन उपाध्यक्ष हैं। निदेशक खेल उत्तर प्रदेश कार्यकारी समिति के संयोजक सदस्य हैं। खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स के आयोजन हेतु अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में वित्त समिति तथा आयुक्त लखनऊ मण्डल, वाराणसी मण्डल, गोरखपुर मण्डल एवं मेरठ मण्डल की अध्यक्षता में स्थानीय समितियां गठित की गयी हैं। उल्लेखनीय है कि यूनिवर्सिटी गेम्स पहली बार उत्तर प्रदेश में प्रस्तावित है। यूनिवर्सिटी गेम्स में देश के सभी विश्वविद्यालयों (निजी एवं राजकीय) के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया जाता है। इन खेलों में लगभग 8000 खिलाड़ी जो कि पूरे देश का प्रतिनिधित्व करते हैं, भाग लेते है। देश के युवाओं को उत्तर प्रदेश में पिछले कुछ वर्षों में हुई प्रगति के बारे में अवगत कराने तथा उत्तर प्रदेश के बारे में देश के अन्य राज्यों में रहने वाले युवाओं को जानने का यह एक बेहतर अवसर होगा।

## विधानमंडल के वर्तमान सत्र का सत्रावसान



उत्तर प्रदेश विधान सभा एवं विधान परिषद के वर्तमान सत्र का सत्रावसान तात्कालिक प्रभाव से करा दिए जाने के प्रस्ताव को कैबिनेट ने अनुमोदित कर दिया है। वर्तमान में विधान मण्डल से कोई कार्य कराया जाना शेष नहीं है। इसलिए सत्रावसान कराने का निर्णय लिया गया है।

## बाराबंकी, रायबरेली व मऊ की बंद पड़ी कताई मिलों की जमीन पर बनेंगे एमएसएमई व आईटी पार्क

**लखनऊ।** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आए निवेश प्रस्तावों को अमल में लाने के लिए जरूरी जमीन का इंतजाम शुरू हो गया है। कैबिनेट ने बाराबंकी, रायबरेली और मऊ नाथ भंजन में कताई मिलों की जमीन एमएसएमई विभाग को देने का निर्णय लिया है। इस जमीन पर एमएसएमई व आईटी पार्क बनेंगे। उत्तर प्रदेश स्टेट स्पिनिंग कंपनी की रायबरेली मिल के पास 58.66 एकड़ जमीन है जबकि बारांबकी मिल के पास 69.86 एकड़ तथा मऊ स्थित मिल के पास 84.27 जमीन है। यह मिल बंद हो चुकी हैं और यह जमीन निष्प्रयोज्य है। इन कताई मिलों के ऊपर 351.63 करोड़ रुपये की देनदारी है। इसलिए इस जमीन पर आईटी पार्क व एमएसमई पार्क बनाने का प्रस्ताव शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक में मंजूर हो गया। एमएसएमई विभाग यह जमीन विकसित करेगा। इसके बाद निवेश परियोजनाएं लगाने वाले निवेशकों को इन एमएसएमई व आईटी पार्क के लिए आवंटित की जाएगी।

## यूपी में यथावत बना रहेगा अभियोजन निदेशालय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कैबिनेट** ने अभियोजन निदेशालय को राज्य में यथावत प्रवृत्त रखने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के लागू होने के बाद प्रभावी एवं निष्पक्ष अभियोजन की दृष्टि से प्रदेश में एक स्वतंत्र अभियोजन निदेशालय की स्थापना गृह (पुलिस) अनुभाग-9 के कार्यालय ज्ञाप 27 नवम्बर 1980 के माध्यम से अभियोजन निदेशालय का गठन किया गया तथा अभियोजन निदेशक के रूप में पुलिस उप महानिरीक्षक स्तर के पुलिस अधिकारी की नियुक्ति अभियोजन निदेशक के रूप में की गयी। वर्ष 2005 में संसद द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 में एक नई धारा-25 (ए) अंत: स्थापित करते हुए सम्पूर्ण राज्य के अभियोजकों के नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण हेतु अभियोजन निदेशालय का गठन करने सम्बन्धी कतिपय प्राविधान किया गया। दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 25ए की व्यवस्था को लागू किये जाने के सम्बन्ध म 15 फरवरी 2008 को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक में मत स्थिर किया गया कि अभियोजन निदेशालय के बारे में जो वर्तमान व्यवस्था लागू है, फिलहाल उसे ही यथावत् लागू रखा जाए तथा धारा-25ए के सम्बन्ध में आवश्यक संशोधन प्रस्तुत करने सम्बन्धी स्थिर किये गये मत पर प्रमुख सचिव, न्याय का अभिमत प्राप्त करते हुए मुख्यमंत्री द्वारा इस विभागीय प्रस्ताव 26 फरवरी 2008 को अनुमोदित किया गया। इस प्रकार 27 नवम्बर 1980 के कार्यालय ज्ञाप द्वारा गठित अभियोजन निदेशालय की व्यवस्था संतोषजनक पाये जाने के दृष्टिगत उसे ही यथावत लागू रखा गया है। उत्तर प्रदेश राज्य में दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 25ए लागू किये जाने का अनुरोध किया गया, जिस पर मुख्यमंत्री द्वारा अपने आदेश 19 फरवरी, 2020 के माध्यम से मुख्य सचिव स्तर पर गृह-न्याय विभाग, अभियोजन शाखा एवं महाधिवक्ता की बैठक आयोजित करते हुए सुविचारित प्रस्ताव प्रस्तुत किये जाने की अपेक्षा की गयी। अद्यतन इसके सम्बन्ध में अंतिम निर्णय न हो पाने के दृष्टिगत तथा राज्य में कार्यालय ज्ञाप 27 नवम्बर 1980 के द्वारा स्थापित अभियोजन निदेशालय के संतोषजनक संचालन के दृष्टिगत इस व्यवस्था में परिवर्तन करने का अद्यतन कोई अवसर उपलब्ध नहीं हो सका है।

## बीएड प्रवेश को लेकर ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ी

**लखनऊ।** प्रदेश भर में बीएड में दाखिले को लेकर बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की तरफ से प्रस्तावित संयुक्त प्रवेश परीक्षा को लेकर विवि प्रशासन ने ऑनलाइन फॉर्म भरने की तिथि 10 अप्रैल तक बढ़ा दी है। वहीं पांच अप्रैल तक फॉर्म भरने में छात्र-छात्राओं को कोई भी शुल्क नहीं देना पड़ेगा। शासन स्तर पर इस बार संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा की जिम्मेदारी बुंदेलखंड विश्वविद्यालय को दी गयी है। ऑनलाइन आवेदन को लेकर पहले बीयू ने बिना विलंब शुल्क के परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि तीन मार्च तय की थी।

## जेलों की उच्च सुरक्षा बैरकों में निरुद्ध सभी बंदियों की लाइव फीड अब मुख्यालय को भेजनी होगी

- 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों से होगी टाप टेन अपराधियों व माफियाओं की प्रत्येक गतिविधि की निगरानी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**चित्रकूट** व बरेली जेल में विगत दिनों कुख्यात बंदियों की मुलाकात में कथित अनियमितता बरते जाने का खुलासा होने के बाद कारागार महकमे में ऐसे बंदियों की निगरानी की स्थिति की गहन समीक्षा की गई। इसके उपरांत डीजी जेल आनंद कुमार ने प्रदेश के सभी जेल अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों के अंतर्गत उच्च सुरक्षा बैरकों में निरुद्ध सभी टॉप टेन, संगठित अपराधियों और माफियाओं की लाइव फीड प्रत्येक दशा में कारागार मुख्यालय पर उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे सभी बंदी कैमरे की निगरानी में हैं और उनकी लाइव फीड मुख्यालय पर उपलब्ध हो रही है, इस आशय का प्रमाण पत्र भी 3 दिन के अंदर मुख्यालय को उपलब्ध कराने को कहा गया है। डीजी जेल आनंद कुमार ने प्रदेश की सभी जेलों के अधीक्षकों को जारी परिपत्र में कहा है कि चित्रकूट जिला जेल और बरेली केंद्रीय कारागार में कुख्यात बंदियों की विधि विरुद्ध मुलाकात से प्रदेश की जेलों की छवि ऋणात्मक रूप से प्रभावित हुई है। इसी संदर्भ में सभी जेल अधीक्षकों को उनके द्वारा जारी निर्देशों का सख्ती से अनुपालन करने की अपेक्षा की है। उन्होंने निर्देशित किया है कि जेलों में निरुद्ध टॉप टेन अपराधियों, कुख्यात माफि या बंदियों को निरुद्ध किए जाने के स्थान यथा-उच्च सुरक्षा बैरक, मुलाकात स्थल तथा अन्य सभी गतिविधियों से सम्बन्धित स्थलों को सीसीटीवी से आच्छादित किया जाए। जिससे कि इन बंदियों की सुरक्षा और निगरानी 24 घंटे कारागार स्तर पर की जा सके। इन कैमरों की लाइव फीड मुख्यालय के वीडियो वॉल के माध्यम से 24 घंटे अवाध रूप से मुख्यालय पर भी उपलब्ध हो। टॉप टेन अपराधियों, कुख्यात माफि या आदि बंदियों की मुलाकात के संबंध में बीती 26 अगस्त 2019 को जारी किए गए निर्देशों और जेल मैनुअल के सुसंगत पैराग्राफ में वर्णित विधि अनुरूप नियमों का सख्ती से कराया जाना सुनिश्चित करें।

डीजी ने कहा है कि प्रदेश की 15 जेलों को मुख्यालय द्वारा बॉडी वॉर्न कैमरे प्रदान किए गए हैं। संबंधित जेल अधीक्षक इन बॉडी वॉर्न कैमरों की निरन्तर क्रियाशीलता और अधिकतम उपयोग से संबंधित प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें । किसी तकनीकी असुविधा की दशा में संतोष कुमार वर्मा, पीआरओ, मुख्यालय को सूचित करें सभी जेल अधीक्षक उपरोक्त निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन किए जाने सम्बन्धी प्रमाण पत्र 3 दिन के अंदर मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। डीजी ने समस्त परिक्षेत्रीय उप महानिरीक्षक कारागार को अपने अधीनस्थ कारागारों में उक्त निर्देशों का सही ढंग से पालन किए जाने की रोजाना समीक्षा करें। डीजी चेतावनी दी है कि आदेशों का अनुपालन न किए जाने की दशा में कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# शराब-तस्करों पर प्रशासन ने कसा शिकंजा

संवाददाता। लखीमपुरखीरी



**आबकारी** आयुक्त उप्र के आदेश, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा के दिशा निर्देश पर डीईओ कुलदीप दिनकर के नेतृत्व में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री, अवैध अल्कोहल के परिवहन पर अंकुश लगाये जाने के लिए प्रशासन, पुलिस, आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया, जो 15 मार्च तक अनवरत चलेगा। डीईओ कुलदीप दिनकर ने बताया कि सभी आबकारी निरीक्षकों द्वारा लगातार अपने-अपने क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं जिससे किसी प्रकार की अवैध मदिरा की बिक्री न होने पाये, इस प्रकार जनपद में दबिश के दौरान जनपद में कुल 16 अभियोगों को पंजीकृत किया गया। 445 लीटर अवैध शराब और 2650 किग्रा लहन बरामद की। इसके साथ ही क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षकों द्वारा कबाड़ी की दुकानों, ईंट भट्टा एवं आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं पाई गई। जनपद खीरी के आबकारी निरीक्षक अवधेश कुमार क्षेत्र 1 सदर खीरी मय स्टाफ ग्राम नकहा पिपरी कॉलोनी थाना फरधान में दबिश दी। दबिश के दौरान संदिग्ध स्थानों से कच्ची शराब और नदी में लहन से भरे ड्रम बरामद किए, मौके पर ड्रम सहित लहन को नष्ट किया गया। आबकारी निरीक्षक रुद्रकांत मिश्र क्षेत्र 2 मोहम्मदी ने मय स्टाफ ग्राम बौधनिया, खाकिन, झारा खेमपुर, अलीनगर थाना मोहम्मदी में दबिश दी। दबिश के दौरान संदिग्ध खेतों भारी मात्रा में कच्ची शराब, चढ़ी भट्टियां और प्लास्टिक के थैलों व पिपो में लहन बरामद की। मौके पर भट्टियों और पीपों सहित लहन को नष्ट किया। आबकारी निरीक्षक मनोज कुमार यादव क्षेत्र 3 निघासन ने मय स्टाफ ग्राम खैरानी थाना निघासन में दबिश दी। दबिश के दौरान गन्ने के खेतों से कच्ची शराब और गड्ढों से लहन बरामद की। मौके पर गड्ढों में भरी लहन को नष्ट किया। आबकारी निरीक्षक केपी सिंह क्षेत्र 4 पलिया ने मय स्टाफ व मझगई पुलिस चौकी इंचार्ज विनोद कुमार के साथ संयुक्त टीम बनाकर ग्राम कुठिया थाना पलिया में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध घर से प्लास्टिक की बोतल में कच्ची शराब और बर्तन में लहन बरामद की। मौके पर लहन को नष्ट करते हुए 1 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा। आबकारी निरीक्षक प्रेम सिंह क्षेत्र 5 गोला ने मय स्टाफ एवं लखनऊ प्रवर्तन टीम आबकारी निरीक्षक प्रदीप भारती मय स्टाफ के साथ संयुक्त टीम बनाकर ग्राम नगरियाए शिशनौरए गंगापुरए देवीपुर थाना मैलानी में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध स्थानों और खेतों से कच्ची शराब बरामद की। आबकारी निरीक्षक विजय चन्द जायसवाल क्षेत्र 6 मितौली ने मय स्टाफ ग्राम खमरियाए पकरियाए बरगदिया जंगल थाना मैगलगंज में दबिश दी। दबिश के दौरान संदिग्ध घरों से कच्ची शराब और बर्तनों में लहन बरामद की। मौके पर लहन को नष्ट किया। आबकारी निरीक्षक अब्दुल अज़ीज़ क्षेत्र 7 धौरहरा खीरी मय स्टाफग्राम अमेठी नाला थाना धौरहरा में दबिश दी। दबिश के दौरान नाले किनारे से कच्ची शराब और लहन बरामद की।

# एक करोड़ की अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता। शाहजहाँपुर

**थाना** जैतीपुर पुलिस मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने पकडे गए तस्करों से एक किलों अफीम बरामद करने में सफलता पाई। जिसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार मे लगभग 01 करोड रूपये बताई गई। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण संजीव कुमार वाजपेयी ने जानकारी देते हुए बताया थाना जैतीपुर के प्रभारी निरीक्षक विकास कुमार व पुलिस टीम सदिग्ध व्यक्ति वस्तु वाहन चौकिंग रात्रि गस्त के दौरान ग्राम जिगनिया चौराहे से 50 कदम की दूरी ग्राम जिगनिया की ओर से पुष्पेन्द्र सिँह पुत्र रामनिवास निवासी ग्राम डोलापुर थाना जलालाबाद कब्जे से 500 ग्राम अफीम फाईन क्वालिटी व अनुज प्रताप पुत्र सतेन्द्र सिंह निवासी ग्राम हरजू नगला थाना कलान के कब्जे से 500 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस की पूछताछ में अभियुक्त पुष्पेन्द्र सिंह व अनुज प्रताप ने बताया कि झारखण्ड से ट्रेन के माध्यम से सस्ते दामो में अफीम खरीद कर लाकर जनपद बदायूं ,फर्रूखाबाद, बरेली, शाहजहांपुर के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में घूम कर अच्छे दामों में लोगो को बेचते हैं। पुलिस ने दोनों के नेटवर्क को तलाश करने के लिए टीमों का गठन करते हुए मुकदमा दर्ज कर दोनों तस्करों को जेल भेज दिया।




# खीरी के नगर निकायों की वार्डवार वोटर लिस्ट हुई जारी

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**जनपद** खीरी की समस्त नगर निकायों के निवासियों को सूचित करते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि समस्त निकायों की वार्डवार निर्वाचक नामावलियां का प्रकाशन संबंधित नगर निकाय के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय, सभी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत कार्यालय, संबंधित नगर निकाय के मतदान केन्द्रों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय तथा जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय) पर 10 मार्च को प्रकाशित कर दी गई है। निर्वाचक नामावलियां उक्त वर्णित स्थानों में आम लोगों के लिए नि:शुल्क निरीक्षण हेतु उपलब्ध है। एडीएम ने बताया कि कोई भी व्यक्ति जो निर्वाचक नामावली में अपना नाम जुड़वाना चाहे या किसी प्रविष्टि को संशोधित कराना चाहे या किसी व्यक्ति के नाम के सम्बन्ध में आपत्ति करना चाहे वह इस सम्बन्ध में अपना दावा या आपत्ति निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 11 मार्च से कार्यालय समय के दौरान दिनांक 17 मार्च तक अपरान्ह 03 बजे के पहले उक्त वर्णित स्थानों पर तैनात कार्मिक को, या सीधे मुझे प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात् प्रस्तुत की गई आपत्ति या दावे पर विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदाता अपना नाम सम्मिलित किये जाने के लिए 11 मार्च से 17 मार्च, 2023 तक की अवधि में राज्य निर्वाचन आयोग, उप्र की वेबसाइट पर भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। रजिस्टर किये गये मतदाताओं का नाम सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (उप जिला मजिस्ट्रेट) द्वारा जांज के उपरान्त सही पाये जाने पर ही मतदाता सूची में दर्ज किया जायेगा।

# प्रभावी ढंग से लागू करें एनजीटी के नियम

## प्रदूषण प्रबंधन के लिए बनाई गई कार्य योजनाओं को अमल में लाएं : डॉ.अफरोज

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**शुक्रवार** को निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम से राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के सदस्य/ न्यायाधीश डॉ अफरोज अहमद जनपद खीरी पहुंचे, जहां डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। एनजीटी के सदस्य न्यायाधीश डॉ अफरोज अहमद ने जनपद स्तरीय, नगरीय निकाय अफसरों के साथ जिला पर्यावरण समिति के क्रियान्वयन की समीक्षा की, समिति के सदस्यों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए एनजीटी के नियमों को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया साथ ही अधिकारियों से पर्यावरण के लिए अब तक किए गए कार्यों की जानकारी ली। एनजीटी सदस्य /न्यायाधीश ने संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों से कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने हरित विकास पर विशेष सुझाव देते हुए कहा कि जनपद में मुख्य बिंदुओं को चिह्नित करके अच्छा प्लान तैयार करें ताकि हरित विकास उच्च स्तर पर हो सके। ठोस कचरा, प्लास्टिक कचरा, बायो मेडिकल कचरा एवं ई-वेस्ट निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाय। खनन एवं निर्माण कार्य आदि का प्रदूषण निस्तारण बेहतर ढंग से किया जाए। पर्यावरण को बचाने के लिए सिर्फ प्रशासन ही नहीं, सभी नागरिकों को भी जिम्मेदारी है। जिला प्रशासन पर्यावरण प्रदूषण कंट्रोल करने के लिए काफी सजग है। उन्होंने नगरीय निकायवार संबंधित ईओ से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, डोर टू डोर कलेक्शन, एमआरएफ सेंटर के संचालन, प्रोसेसिंग सहित कूड़ा प्रबंधन पर उनकी रणनीति जानी। ईओ को निर्देश दिए कि धर्मगुरुओं की डीएम की अध्यक्षता में बैठक कराएं। वेस्ट मैनेजमेंट के फायदे व कचरे के नुकसान बताने की बात कही। डीएफओ संजय विश्वाल ने जिले की भौगोलिक पृष्ठभूमि बताई। अंत में डीएम ने आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि बैठक में प्राप्त मार्गदर्शन का पूर्णतया अनुपालन किया जाएगा। उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अफसरों को निर्देश दिए कि फील्ड में सक्रियता से निगरानी बढ़ाएं, ईट भट्ठा को आधुनिकीकरण से जोड़ें। उन्होंने डीएफओ को निर्देश दिए कि डीएम की अध्यक्षता में नियमित बैठक कराना सुनिश्चित करें। सीडीओ के पर्यवेक्षण में गांव में नर्सरी डेवलपमेंट विकसित करनेए लोकल वैरायटी के पौध तैयार करने की कार्ययोजना बनाएं। निश्चित तौर पर खीरी हरियाली के दृष्टिकोण से एक अच्छा जनपद है। खीरी के स्थलीय भ्रमण में देखा कि खेतों की मेड़ों पर बड़ी ही खूबसूरती से योजनाबद्ध तरीके से पौधों का रोपण हुआ, जो मन को हर्षित करता है। प्रशासन इसका डॉक्यूमेंटेशन कराएं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के संबंध में डीएफओ को विलुप्त पौधों की नस्लों को विकसित करने तथ खाली भूमियों पर पौधरोपण कराने को कहा। इस दौरान एसपी गणेश प्रसाद साहा, डीएफओ संजय विश्वाल व सुंदरेशा, एडीएम संजय कुमार सिंह, एसीएमओ, ईई जल निगम, ईई पीडब्ल्यूडी तरुणेंद्र त्रिपाठी, अनिल जाटव समेत सभी नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे।

# पालीथीन-पन्नी से रंगों का प्रयोग करने से रोकने पर की मारपीट

संवाददाता। मोहम्मदी खीरी

**होली** की घमार मे पालीथीन और पन्नी के प्रयोग को रोकने से मना करने पर कुछ युवकों द्वारा लाठी-डंडे और तलवार से वार करने पर चार नामजद और 10 से 15 लोगों पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है, जिसमें दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। मामला शुक्लापुर का है जहां होली की धमाल निकल चुकी थी तभी अमरेंद्र शुक्ला ने एक युवक को पन्नी और पॉलिथीन से रंगों का प्रयोग करने से मना किया जिस पर उस युवक ने अपने अन्य सहयोगियो की मदद से अमरेंद्र शुक्ला के घर में घुसकर उनकी पत्नी तथा उनकी जमकर पिटाई की, बचाने गए अतुल बाजपेई तथा अन्य पर तलवार से वार किया जिन्हें गंभीर चोटे आयी हैं। अमरेंद्र शुक्ला की तहरीर पर अमित बाल्मीकि पुत्र अज्ञात, कन्हैया बाल्मीकि, ओम वाल्मीकि और अभिमन्यु वाल्मीकि पुत्र अर्जुन बाल्मीकी सहित 10 से 15 लोगो पर घर में घुसकर हत्या का प्रयास तोड़फोड़ बलवा सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार अमित और अतीक को पुलिस ने जेल भेजा है,अन्य नामजद की तलाश जारी है। इस घटना से आम जनता चकित और चिंतित है। बुद्धिजीवियों ने इस घटना की कठोर शब्दों में निंदा की है। आज की धमार में कई थानों की फोर्स सहित पीएससी के साथ कुशल मंगल के साथ होली की धमाल समाप्त हुई, जिसमें प्रमुख रुप से एसडीएम पंकज श्रीवास्तव, एसएसपी अरविंद कुमार वर्मा और प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका देखने को मिली। इस घटना के मद्देनजर अपर पुलिस अधीक्षक नेपाल सिंह कोतवाली में बैठकर लगातार मानिटरिंग करते रहे, पुलिस ने बताया कि अराजकता फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, विवेचना जारी है, कुल मिलाकर इस घटना को छोड़कर होली सकुशल संपन्न हुई।

## क्विक न्यूज

### अभिनेता राजपाल ने विधायक अरविंद गिरि को दी श्रद्धांजलि

**गोला** गोकर्णनाथ (खीरी)। होली के अवसर पर स्व विधायक अरविन्द गिरि के लाल्हापुर स्थित फार्म हाउस पर फ़िल्म अभिनेता राजपाल यादव ने पहुंचकर स्व विधायक के समाधि स्थल पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कीं। इस दौरान गोला विधायक अमन अरविन्द गिरि व धर्मेंद्र गिरि (मोंटी) ने अभिनेता का स्वागत किया। इस दौरान राजपाल यादव ने पूर्व विधायक के अकस्मात निधन पर गहरा शोक जताया व परिवार के सभी सदस्यों से मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व विकास पुरुष के नाम से विख्यात पांच बार के विधायक स्व अरविंद गिरि के अथक प्रयासों से बनने जा रहे गोला गोकर्णनाथ छोटी काशी के शिव मंदिर सौंदर्यीकरण व कॉरिडोर के लिए प्रसन्नता व्यक्त की। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा शरद बाजपेई, धर्मेंद्र गिरि, शाश्वत केडिया, संदीप शुक्ला, विशाल गिरि, जवाहर वर्मा, कपिल भारती, अजीत पांडेय, मोनू गिरि, विपिन मिश्रा, अजय बाजपेई, गौरव कोहली, अशोक यादव, निखिल शुक्ला व अर्पित गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### कुमार विश्वास करेंगे 12 मार्च से राम कथा

**बरेली**। राधा रानी सेवा समिति के द्वारा राम कथा 12 मार्च को आयोजित होने जा रही है। राम कथा की जानकारी पूर्व विधायक राजेश कुमार मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल ने दी। राम कथा बरेली के इंटरनेशनल सिटी मे होने जा रही है। बहुत अच्छी कथा का आयोजन कुमार विश्वास के द्वारा किया जाएगा। कथा सुनने के लिए एंट्री पास लागू किया गया है बिना पास के इंट्री नही होगी । इसमें 12 मार्च को मुख्य अतिथि में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, स्वतंत्र प्रभार मंत्री डॉ अरुण कुमार मौजूद रहेंगे। यह जानकारी राधा रानी सेवा ट्रस्ट के संरक्षक निवर्तमान विधायक पप्पू भरतौल ने दी। साथ ही उन्होंने बताया। 13 मार्च को प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी भूपेंद्र सिंह चौधरी मौजूद रहेंगे। इस कथा का आयोजन राधा रानी सेवा समिति के द्वारा किया जाएगा। इसमें श्रद्धालुओं को कुमार विश्वास अपने मुख से करवाएंगे रस्वादन।

### दबंग महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**बेहजम खीरी**। थाना नीमगांव पुलिस चौकी बेहजम क्षेत्र की बढ़रिया ग्राम पंचायत में प्राथमिक विद्यालय की निर्माणाधीन बाउंड्री को गांव की दबंग महिला और उसके परिवार वाले बार बार ढहा रहे हैं। शुक्रवार को जब मिस्त्री और मजदूर बाउंड्री वॉल बना रहे थे तभी गांव की एक दबंग महिला किरन देवी पत्नी संजय शुक्ला और उसके लड़के अश्विनी और अवधेश सहित कई लोग मौके पर पहुंच कर बवाल पैदा कर बाउंड्री वॉल गिराने लगे। तभी वहां मौजूद शिक्षिका आरती देवी पत्नी हिंमाशु ने महिला को मना किया तो वह सभी शिक्षिका से गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे और महिला शिक्षिका की गले में पहने हुई चैन भी खींच ले गये। जब मामले की सूचना ग्राम प्रधान और शिक्षिका आरती ने 112 और बेहजम चौकी पुलिस को सूचना दी पुलिस के पहुंचने पर सिपाहियों के सामने ही दबंग महिला ने स्कूल की महिला शिक्षिका से मारपीट करने लगी। इस मामले को ग्राम प्रधान अमर पाल ने खंड विकास अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह सहित इंस्पेक्टर अवधेश यादव को अवगत कराया है। दबंगों के हौसले बुलंद है सरकारी निर्माण कार्य में बाधा पैदा कर रहे हैं। वहीं इस मामले को खंड विकास अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह त्वरित संख्यां में सेक्रेटरी को उक्त महिला के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के लिए आदेशित किया है। मौके पर चौकी प्रभारी साहब लाल ने अपने हमराहियों और महिला सुरक्षा कर्मियों को लेकर दबंग महिला के घर पर दबिश दिया और दो लोगों को हिरासत में लेकर कार्रवाई की बात कही है।

### ट्रैक्टर ट्राली ने स्कूटी को मारी टक्कर, महिला की मौत

**बरेली**। बेटे के साथ स्कूटी पर जा रही एक महिला की ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से मौत हो गई बेटे को मामूली चोट आई पुलिस ने शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कैंट थाना क्षेत्र के गांव ठीरिया निजावत खां निवासी सलीम की 48 वर्षीय पत्नी शाहिदा बानो की कल रात कोतवाली थाना क्षेत्र में गांधी उद्यान किसके पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जबकि उसके बेटे साजिद को मामूली चोट आई जिला अस्पताल में मौजूद मृतका के परिजनों ने बताया कि शाहिदा बानो कल शाम को अपने बेटे साजिद के साथ स्कूटी पर शाहदाना साहब की मजार पर आई थी जहां से वापस लौटते समय गांधी उद्यान गेट के सामने तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे शाहिदा गंभीर रूप से घायल हो गई मौके पर मौजूद लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली और उसके ड्राइवर को पकड़ कर घटना की जानकारी शाहिदा के घरवालों को देने के बाद उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा लेकिन उसकी रास्ते में ही मौत हो चुकी थी और अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया मृतका 5 बच्चों की मां थी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# केन्द्रीय मंत्री टेनी ने किया पंचायत भवन का लोकार्पण

संवाददाता। तिकुनिया खीरी



**ग्राम** पंचायत सुथना बरसोला के नवीन पंचायत भवन का लोकार्पण केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर वीडियो राकेश सिंह ग्राम प्रधान शफीक अहमद भल्लू सहित कस्बे के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे। ग्राम पंचायत सुथना बरसोला में बने मिनी सचिवालय का सौंदर्यीकरण ग्राम प्रधान द्वारा करा कर तैयार किया गया था जिसका लोकार्पण केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने शुक्रवार को फीता काटकर किया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि गांव का विकास ही भारत का विकास है गांव के लोगों को पंचायत भवन पर ब्लॉक तहसील की सारी सुविधाएं मिले जिससे उनको अनावश्यक ब्लॉक तहसीलों की दौड़ न लगानी पड़े। उन्होंने ग्राम प्रधान की तारीफ करते हुए मिनी सचिवालय की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। वीडियो राकेश सिंह ने कहा कि प्रधान ने जिस तरह से इसे संवारा है, वाकई बधाई के पात्र हैं और अन्य प्रधानों को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी राकेश सिंह, सहायक विकास अधिकारी आरिफ खान, पंचायत सचिव राजेश कुमार, शिवचरन शर्मा शास्त्री, केदार अग्रवाल, रोहताश मल अग्रवाल, अत्ताउल्लाह, बृजलाल यादव, अजय गर्ग टीटू, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, मौलाना नजरुल्ला, अनिल सिंह, सुनील वर्मा, अनीस अहमद, रफीक अहमद, इमरान अहमद सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## खुदागंज में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन

संवाददाता। शाहजहांपुर

**जिला** सेवा योजन अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय शाहजहांपुर की ओर से दिनांक 14 मार्च को खण्ड विकास कार्यालय परिसर खुदागंज में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बेरोजगार अभ्यर्थियों के रोजगार के लिए निजी क्षेत्र की लगभग 05 कम्पनीं प्रतिभाग कर रही है। इस रोजगार मेले में 18 वर्ष से 40 वर्ष तथा हाईस्कूल से पोस्ट ग्रेजुएट, आई0टी0आई0 उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक, तकनीकि प्रमाण पत्र की छाया प्रतियां, रोजगार कार्यालय का पंजीकरण कार्ड, अपने बायोडाटा एवं फोटोग्राफ के साथ दिनांक 14 मार्च को खण्ड विकास कार्यालय खुदागंज में उपस्थित होकर रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

# सोशल मीडिया पर होली में मारपीट का वीडियो वायरल

## घायल का आरोप, मंत्री के ड्राईवर और उसके साथियों ने मारपीट की

## पुलिस ने दर्ज नहीं की रिपोर्ट, घायल को पुलिस ने कराया भर्ती

संवाददाता। शाहजहांपुर



**वायरल** वीडियो में दिख रहा नजारा थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला हाथीथान का है। वीडियो में जमीन पर अधमरा हालत में पड़े किशन लाल हैं। किसान लाल पर होली के दिन पड़ोस में रहने वाले दबंगों ने हमला कर दिया था। सूचना पर पुलिस भी पहुंची थी। पुलिस ने घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था, लेकिन दबंगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी। विस्तार से बताएं तो होली के दिन दबंग पीड़ित किशन लाल के परिवार पर कहर बनकर टूट पड़े। मन नहीं भरा तो घायल के दरवाजे पर ईट और पत्थर भी फेंके। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घायल किशनलाल का आरोप है कि, शहर के एक मंत्री का ड्राइवर मोहल्ले में आए दिन मंत्री का नाम लेकर दहशत फैलाता है। पुलिस भी उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करती है। आरोप है कि, होली के दिन अपने बच्चों को देखने के लिए जैसे ही घर से बाहर आए। तभी मंत्री के ड्राइवर रामस्वरूप ,बेटा अनिल और उसके साथियों ने पकड़कर पीटना शुरू कर दिया। दबंग उसको उठाकर नाले में फेंकने की कोशिश कर रहे थे। फिर अधमरा छोड़कर भाग गए। पुलिस ने उसको अस्पताल में भर्ती कराकर कहा था कि कार्रवाई बाद में करेंगे। लेकिन अब पुलिस उल्टा आरोपियों की तरफ से आई तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करने की बात कर रही है। वही थाना प्रभारी घटना की जानकारी गलत देकर पत्रकारों को ही गुमराह कर रहे हैं।

### दबंगों ने जमकर पीटकर मोहल्ले में तांडव मचाया

**आरोपी** मंत्री का ड्राइवर बताया जा रहा है। यही कारण है कि, दबंगों ने जमकर पीटकर मोहल्ले में तांडव मचाया, और अब उल्टा पुलिस दूसरे पक्ष की तरफ से तहरीर लेकर रिपोर्ट दर्ज करने की तैयारी में जुट गई है। सदर थाना प्रभारी का कहना है कि, घायल के पिता मंत्री के ड्राइवर हैं। दूसरे पक्ष की तरफ से मंत्री के यहां ड्राइवर नहीं है।

# पेज एक का शेष

## मोदी ने...

और भावनाओं को ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री के साथ बहुत स्पष्ट रूप से साझा किया गया और उन्होंने आश्वासन दिया कि वे इस पर गौर करेंगे तथा इस चुनौती से निपटने व इसे कम करने के लिए जो भी उपयुक्त उपाय करने की आवश्यकता है, करेंगे। विदेश सचिव ने कहा कि वार्ता में इस बात पर सहमति बनी कि दोनों पक्षों के अधिकारी इन मामलों पर एक-दूसरे के नियमित संपर्क में रहेंगे। मोदी और अल्बनीज के बीच वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने खेल, नवाचार, दृश्य-श्रव्य उत्पादन और सौर ऊर्जा के क्षेत्रों में सहयोग प्रदान करने के लिए चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए। दोनों नेताओं के बीच चर्चा स्वच्छ ऊर्जा, व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा, महत्वपूर्ण खनिजों, प्रवासन और गतिशीलता, आपूर्ति श्रृंखला, शिक्षा, संस्कृति और खेल में सहयोग को बढ़ावा देने पर केंद्रित थी। क्वात्रा ने कहा कि वार्ता में कई महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा हुई और दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच रणनीतिक और साझा हितों पर चर्चा की। उन्होंने कहा, चर्चा का समग्र माहौल बेहद सकारात्मक, उत्पादक और आकर्षक था।

## भारत बगैर...

के लिए हम एक साथ मिलकर और अधिक प्रयास कर सकते हैं। उन्होंने कहा, भारत और ऑस्ट्रेलिया को न केवल रक्षा और सुरक्षा के मामले में बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भी मजबूत रणनीतिक साझेदार बनने की आवश्यकता है।

## बीएसएफ की...

बरकरार रखने का प्रावधान किया गया। गृह मंत्रालय ने घोषणा की थी कि केंद्रीय अर्धसैनिक बलों और असम राइफल्स में 10 प्रतिशत रिक्तियां 75 प्रतिशत अग्निवीरों के लिए आरक्षित होंगी। मंत्रालय ने कहा था कि इसने यह भी घोषणा की थी कि पूर्व-अग्निवीरों के पहले बैच के लिए ऊपरी आयु सीमा में पांच साल तक और बाद के बैच के वास्ते तीन साल तक की छूट दी गई। अर्धसैनिक बलों में भर्ती के लिए निर्दिष्ट आयु सीमा 18-23 वर्ष है।अग्निवीरों को अर्धसैनिक बलों में समावेश करने संबंधी गृह मंत्रालय का निर्णय महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे पूर्व-अग्निवीरों को सेवानिवृत्ति की आयु तक रोजगार के अवसर प्राप्त करने में मदद मिलेगी। अर्धसैनिक बलों को भी इससे फायदा मिलेगा होगा क्योंकि उन्हें 70,000 से अधिक रिक्तियों को भरने के लिए कर्मियों का एक प्रशिक्षित समूह मिलेगा।

## पिछड़ा वर्ग...

द्वारा पिछले साल दिसंबर में शहरी स्थानीय निकाय चुनावों पर राज्य सरकार की मसौदा अधिसूचना को रद्द करने और ओबीसी आरक्षण के बिना ही चुनाव कराने का आदेश देने के बाद इस आयोग का गठन किया गया था। अदालत ने कहा था कि राज्य सरकार शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण के लिए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित ट्रिपल टेस्ट नियम के पालन में नाकाम रही है। ट्रिपल टेस्ट नियम के तहत स्थानीय निकायों के संदर्भ में पिछड़ेपन की स्थितियों (आर्थिक एवं शैक्षणिक), प्रकृति और प्रभाव के विस्तृत आकलन के लिए एक आयोग के गठन की आवश्यकता है। यह नियम आयोग की सिफारिशों के आधार पर नगर निगम और नगर पालिका चुनाव में आरक्षण के अनुपात को निर्दिष्ट करता है, जो 50 प्रतिशत की कुल आरक्षण सीमा से अधिक नहीं होनी चाहिए। उच्च न्यायालय के फैसले के बाद योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि राज्य में शहरी स्थानीय निकाय चुनाव ओबीसी आरक्षण के बिना नहीं कराए जाएंगे और उन्होंने इस बाबत आयोग का गठन किया था। राज्य सरकार ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख भी किया था। नगर विकास मंत्री शर्मा ने कहा, उच्चतम न्यायालय में मामले की अगली सुनवाई 11 अप्रैल को होनी है। हम अगले कुछ दिनों में यह रिपोर्ट शीर्ष अदालत में पेश करेंगे।

## सिसोदिया 17...

है। वह अन्य आरोपियों के साथ उनका आमना-सामना कराना चाहती है। ईडी के वकील जोहेब हुसैन ने एक विशेष अदालत के समक्ष यह भी दावा किया कि सिसोदिया ने अपने फोन को नष्ट कर दिया, जो जांच में एक महत्वपूर्ण सबूत है। ईडी ने सिसोदिया की हिरासत का अनुरोध करते हुए अपनी अर्जी में कहा कि अपराध से कम से कम 292.8 करोड़ रुपए की आय अर्जित करने के वास्ते साजिश रची गई।

## महिला बिल...

अपनी समकक्ष ममता बनर्जी, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान से मिले थे। उन्होंने नीतीश को अपना बड़ा भाई बताकर संबोधित किया था। हालांकि, केसीआर की उम्मीदें तब धराशायी हो गईं, जब खुद को 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए पीएम उम्मीदवार मानने वाले नीतीश ने कांग्रेस और अन्य लोगों के समर्थन की उम्मीद करते हुए तीसरे मोर्चे के गठन को नकार दिया था। इसके बाद रणनीति बदलते हुए केसीआर ने अपनी पार्टी का नाम तेलंगाना राष्ट्र समिति से बदलकर बीआरएस रखा और संसद में एक एकीकृत गैर-कांग्रेसी चेहरा पेश करने के लिए बेटी के. कविता को आगे बढ़ाया। दिल्ली आबकारी नीति मामले में ईडी के समन का सामना कर रहीं केसीआर की बेटी कविता ने सभी राजनीतिक दलों से संसद में महिला आरक्षण विधेयक के लिए सरकार पर दबाव बनाने की अपील की और कहा कि मोदी सरकार के पास पूर्ण बहुमत है और यदि वह चाहे तो आसानी से विधेयक को पारित कर सकती है।

## लालू परिवार...

घर पर भी छापा मारा गया। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि तेजस्वी यादव वहां मौजूद हैं या नहीं। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता मनोज झा ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि विपक्षी नेताओं के खिलाफ छापेमारी में केंद्रीय एजेंसियां सीबीआई और ईडी किसी और की पटकथा का अनुसरण कर रही हैं। झा ने साथ ही यह भी आरोप लगाया कि उनकी पार्टी के नेताओं के खिलाफ छापे बिहार में पिछले साल अगस्त में सरकार बदलने की प्रतिक्रिया हैं। अधिकारियों ने कहा कि यह मामला, लालू प्रसाद के 2004 से 2009 के बीच रेल मंत्री के पद पर रहने के दौरान उनके परिवार को तोहफे में भूखंड प्राप्त होने या इसे बेचने के बदले में लोगों को रेलवे में कथित तौर पर नौकरी दिए जाने से संबद्ध है। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मामले में आपराधिक षड्यंत्र और भ्रष्टाचार रोकथाम कानून के प्रावधानों के तहत प्रसाद, उनकी पत्नी एवं बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और 14 अन्य के खिलाफ एक आरोपपत्र दाखिल किया है और सभी आरोपियों को 15 मार्च को तलब किया गया है। ईडी का मामला सीबीआई की शिकायत से उपजा है जिसे धनशोधन रोकथाम अधिनियम की आपराधिक धाराओं के तहत दर्ज किया गया है।

## 465 करोड़...

वहां बड़ी संख्या में पर्यटकों के पहुंचने की उम्मीद की जा रही है। अगला लोकसभा चुनाव भी 2024 में होगा। बयान के मुताबिक, इसके साथ ही पंचकोसी परिक्रमा मार्ग में सुग्रीव किला, अशर्फी भवन, देवकाली छोटी, नागेववर धाम, स्वयंवर नाथ, दंतधावन कुंड, जानकी कुंड, मौनी बाबा आश्रम, सीता कुंड, दशरथ कुंड में फर्श, शौचालय, प्रतीक्षालय, चारदीवारी, दरवाजों आदि का निर्माण भी कराया जाएगा। मंत्रिमंडल ने इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

## इंफ्लूएंजा पर...

संक्रमण है जो इंफ्लूएंजा वायरस से होता है। कुछ खास महीनों में विश्वभर में इसके मामले बढ़ जाते हैं। भारत में हर साल मौसमी इंफ्लूएंजा के मामले दो अवधि में बढ़ते हैं। पहली अवधि जनवरी से मार्च महीने तक की होती है और दूसरी अवधि मॉनसून बाद के महीनों की है। मौसमी इंफ्लूएंजा के मामले मार्च से घटने की उम्मीद है। आईडीएसपी-आईएचआईपी (इंटीग्रेटेड हेल्थ इन्फॉरमेशन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध ताजा आंकड़ों के अनुसार, नौ मार्च तक इंफ्लूएंजा के विभिन्न स्वरूपों के 3,038 मामले सामने आए हैं, जिनमें एच3एन2 के मामले भी शामिल हैं। इन आंकड़ों में जनवरी के 1,245, फरवरी के 1,307 और नौ मार्च तक सामने आए 486 मामले हैं।

## ऐसा तंत्र...

पुरस्कार विजेताओं क्रमश: ओडिशा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (ओएसडीएमए) और मिजोरम का लुंगलेई फायर स्टेशन को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर गृह मंत्री अमित शाह ने तुर्किए और सीरिया में भारतीय राहत और बचाव दल के काम की सराहना की। पिछले महीने आए भीषण भूकंप में इन दोनों देशों में कम से कम 50,000 लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हो गए थे। शाह ने कहा कि आपदा प्रबंधन से संबंधित मामलों में कौशल और गति बढ़ाने का समय आ गया है। उन्होंने कहा, हम न केवल मौतों को कम कर सकते हैं, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं से निपटने में अन्य देशों की भी मदद कर सकते हैं। हाल ही में हमने तुर्किए में एनडीआरएफ को भेजा था और उनके असाधारण काम की दुनिया भर में प्रशंसा की गई थी। गृह मंत्री ने कहा कि 1999 से पहले आपदा प्रबंधन की कोई उचित व्यवस्था नहीं थी। उन्होंने कहा, उस समय हमने केवल राहत और कुछ हद तक पुनर्वास प्रदान किया था, लेकिन पिछले नौ वर्षों में हमने बड़े पैमाने पर प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली स्थापित की है, जिसने प्राकृतिक आपदाओं से सफलतापूर्वक निपटने में हमारी मदद की है।

# प्राकृतिक खेती से आय बढ़ाएं किसानः डीएम

## ● उद्यानीकरण से बदलेगी चित्रकूट के किसानों की दशा- विधायक



**संवाददाता।** चित्रकूट

**एकीकृत** बागवानी विकास मिशन योजना अन्तर्गत मंदाकिनी भवन में आयोजित दो दिवसीय किसान मेला/गोष्ठी का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे द्वारा किया गया।

इस मौके पर विधायक मानिकपुर/ मऊ अविनाश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि सब्जी, फूल की खेती में काफी संभावना है, जिससे कि किसानों की आय में बढ़ोतरी हो सकती है। उन्होंने कहा कि जनपद में पानी की भी समस्या है लेकिन कम पानी की खेती पर बल दे सकते हैं। उद्यान विभाग से बीज भी दिए जा रहे हैं जो अच्छी क्वालिटी का है सभी लोग इसका प्रयोग करें। जिससे आय में वृद्धि हो सके।वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे ने कहा कि निश्चित रूप से केंद्र व राज्य सरकार की तरफ से किसानों की आय दुगनी के लिए कार्य कर रही है। किसान सम्मान निधि देकर सरकार किसानों की खासी मदद कर रहीं है। उन्होने कहा कि सरकार बुंदेलखंड में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन दे रहीं है। उन्होंने कहा कि रासायनिक खेती करने से पंजाब में कैंसर की बीमारियां बढ़ी है। प्राकृतिक खेती करने से स्वास्थ्य के साथ-साथ आय में भी बढोत्तरी होगी। उन्होंने कहा कि जनपद में पानी की उपलब्धता कम है इसलिए किसान भाइयों को फल व फूल की खेती करना चाहिए।उन्होंने कहा कि गोबर की खाद व गोमूत्र का प्रयोग करें तो लागत कम होगा व आय बढ़ेगी। जिससे देश और प्रदेश खुशहाल हो सकेगा।

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि यह दो दिवसीय बागवानी विकास योजना का गोष्ठी आयोजन किया जा रहा है, जो उद्यानिकी मिशन के परिकल्पना है। इसीलिए गेहूं, धान व सामान्य फसलें से आगे बढ़कर खेती करनी चाहिए।

उन्होंने कहा फल, फूल की खेती कर सकते हैं जिससे कि आप अपने आय को बढ़ा सकते हैं। कहा कि उद्यान विभाग द्वारा कई योजना चलाई जा रही है इरिगेशन द्वारा पाइप व ट्रैक्टर भी दिया जा रहा है। वैज्ञानिक खेती करें जिससे किसान की आय में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि जो उद्यानिकी विभाग की योजना है उससे लाभ मिलेगा।

# मकान मालिक वीर सिंह ही निकला शहनाज़ का कातिल

## ● एसओजी, कोतवाली पुलिस ने 24 घंटे में सुलझाई हत्या की गुत्थी

**संवाददाता।** उरई जालौन

**एसओजी** सर्विलांस सेल व कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने 24 घंटे के अंदर हत्या की गुत्थी सुलझाने में सफलता पायी। जिसमें मकान मालिक ही निकला महिला का हत्यारा जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। सीओ सदर गिरिजा शंकर त्रिपाठी ने खुलासा करते हुए बताया कि कानपुर देहात के अकबरपुर थाना क्षेत्र के धरऊ गांव निवासी अरमान उरई के मोहल्ला पुलिस लाइन बघौरा में वीर सिंह के मकान में अपनी 28 वर्षीय पत्नी शहनाज व बच्चों के साथ रहता था। बताया गया कि अरमान शादी समारोह में बर्तन धोने का काम करता था। जिसके चलते बुधवार को वह एक काम करने कोंच गया था। जबकि उसकी पत्नी शहनाज अपनी छोटी बेटी चाहत के साथ घर में अकेली थी। गुरुवार सुबह शहनाज संदिग्ध हालात में मृत अवस्था में अपने कमरे में मिली थी। मृतका की ननद चंदा ने बताया था, कि जब वह कमरे में गई तो शहनाज बिस्तर पर मृत अवस्था में पड़ी थी, और उसके गले में चोट के निशान थे। जिसने आरोप लगाया था कि उसकी भाभी की हत्या की गई है। मौके पर पहुंचे सीओ सिटी व एसओजी टीम को महिला की हत्या होने के कुछ पुख्ता सुराग मिले थे। वहीं मौत के बाद से मकान मालिक वीर सिंह निवासी मोहल्ला बघौरा भी फरार था। किसी तरह शुक्रवार सुबह ही पुलिस ने फरार मकान मालिक वीर सिंह को पकड़ लिया।

## क्विक न्यूज़

### अज्ञात वाहन की टक्कर से पत्रकार की मौत



**रसूलाबाद,** कानपुर देहात। अज्ञात वाहन की टक्कर से पत्रकार की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रसूलाबाद कस्बे के शास्त्री नगर वार्ड के रहने वाले लक्ष्मीकांत शर्मा 45 पुत्र स्व0 मंसाराम शर्मा प्रतिदिन की भांति अपने क्लीनिक असालतगंज गया हुआ था। जहाँ से वह वापस साइकिल से रसूलाबाद आ रहा था तभी सुल्तान बगिया के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो युवक की शिनाख्त हो सकी। वहीं दुर्घटना से परिजनों में मातम छा गया।

### मिजिल्स रूबेला उन्मूलन अभियान में न छूटे एक भी बच्चा : डीएम



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय में विशेष टीकाकरण पखवाड़ा अभियान के तृतीय चरण 13 मार्च से 24 मार्च तक के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जनपदीय टास्क फोर्स समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त प्रभारी चिकित्साधिकारियों एवं जिला प्रतिरक्षण अधिकारी को निर्देश दिए कि मिजिल्स रूबेला उन्मूलन हेतु नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत माह मार्च 2023 में 13 मार्च से 24 मार्च तक तृतीय चरण के दौरान विशेष टीकाकरण पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। आशा, एएनएम को लगाकर बच्चों चिन्हित कराकर ड्यूलिस्ट सही तरीके से बनाया जाए तथा इस अभियान का प्रचार-प्रसार भी कराएं। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि जो गत टीकाकरण अभियान के दौरान बच्चे टीकाकरण से छूट गए हैं उन्हें इस अभियान के दौरान सेशन में लेकर टीकाकरण कराया जाए।

### पुलिस ने छह घटनाओं में दस अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**हमीरपुर।** पुलिस ने आज जरिया,मुस्करा व राठ में हुई चोरी का छह घटनाओं का पर्दाफाश करते हुये दस अभियुक्तों को नगदी,वाहन व तमंचा समेत गिरफ्तार कर लिया है। राठ क्षेत्र की चोरी की दो घटनाओं में मुन्नू निवासी ग्राम परा,करन निवासी न्यूरीबासा थाना जलालपुर व आकाश निवासी नंदना थाना राठ को गिरफ्तार किया गया है अभियुक्तों ने कबूल किया कि राठ में मार्बल्स शोरुम में एक लाख दस हजार रुपये की चोरी की थी। इसी प्रकार जरिया क्षेत्र के बुन्देलखंड एक्सप्रेस वे में ट्रक के शीशे तोड़कर मारपीट कर लूट पाट करने के आरोप में धनपत निवासी सरीला थाना जरिया व राघवेंद्र निवासी ग्राम महेरा थाना बिवार,नीलेंद्र निवासी ग्राम पहरा थाना जरिया को गिरफ्तार कर चार हजार रुपये व एक तमंचा समेत गिरफ्तार किया गया है एएसपी ने बताया कि मुस्करा क्षेत्र में लूटपाट की घटना में ह्रदेश निवासी भैयास थाना मुस्करा,आशीष निवासी ग्राम कदौरा थाना जलालपुर,आकाश निवासी गहरौली व ब्रजेंद्र निवासी ग्राम पटरिया थाना जलालपुर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में अधिवक्ता की मौत

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइन में संदिग्ध परिस्थितियों में गिरकर 40 वर्षीय अधिवक्ता की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइन मोहल्ला निवासी स्व0 देवीदीन सिंह चौहान का पुत्र अनिल कुमार सिंह चौहान अधिवक्ता थे। बताते है कि आज सुबह अचानक चक्कर खाकर गिर पड़े और कुछ ही देर बाद उनकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के परिजनों का कहना है कि हो सकता है कि हार्टअटैक से मौत हो गई हो। पुलिस से इस बाबत बात की गई तो उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चलेगा कि अधिवक्ता की मौत गिरने से हुई या हार्टअटैक से।

### आज कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी साध्वी

**फतेहपुर।** जिले की सांसद भारत सरकार की उपभोक्ता मामले खाद एवं सार्वजनिक वितरण और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति कल जनपद के कई कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगी। यह जानकारी देते हुए भाजपा के जिला मंत्री एवं सांसद कार्यालय प्रवक्ता शिव प्रताप सिंह ने बताया कि दोपहर 01.30 बजे कस्बा जहानाबाद में शक्ति केंद्र मूलचंद गली में व दोपहर दो बजे कस्बा जहानाबाद में शक्ति लालूगंज के अन्तर्गत मलिकपुर बूथ, दोपहर 02.30 बजे मंडल जहानाबाद में शक्ति केंद्र कोड़ा के अन्तर्गत बूथ इब्राहिमपुर डाडा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर आयोजित गोष्ठी में उपस्थित रहेंगी। सायं पांच बजे मोदी मैदान बांदा सागर रोड में सांसद खेल स्पर्धा के अंतर्गत क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काटकर शुभारंभ करेंगी।

### कांग्रेसियों ने संस्थानों को बेचने पर रोक की उठाई मांग



**चित्रकूट।** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एड की अगुवाई में गहरे आर्थिक संकट के समय भाजपा सरकार देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को अडानी समूह को बेंचने के विरोध में राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा। शुक्रवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि कांग्रेसी भाजपा सरकार के अडानी के पक्ष में क्रोनी कैपिटलिज्म की नीति की ओर ध्यान खींच रहे हैं। गहरे आर्थिक संकट के समय में भाजपा सरकार देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को अडानी समूह को बेच रही है। एसबीआई, एलआईसी जैसे सार्वजनिक संस्थाओं को निवेश करने को मजबूर कर रही है, ताकि गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के करोड़ों रुपए की बचत जोखिम में पड जाये। कांग्रेस हमेशा देश के गरीब और मध्यम वर्ग के हितों की पक्षधर रही है। इन वर्गों के हितों के साथ किए जाने वाले किसी भी प्रकार के कुठाराघात को कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी।

### दबंग ने दलित को मारपीट कर घायल कर दिया

**मौदहा,** हमीरपुर। ग्राम नायक पुरवा में होली के दिन गांव के दबंग ने एक दलित युवक को पीट घायल कर दिया जो वर्तमान में कानपुर के एक अस्पताल में जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफदलित उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम नायक पुरवा निवासी सुलखान वर्मा ने कोतवाली में तहरीर दी है कि बुधवार को वह ग्रामीणों से होली मिल रहा था तभी गांव के रवि आरख पुत्र राज्जू ने बिना किसी कारण के गाली गलौज करते हुए जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए उसे जमकर मारा पीटा जिस पर उसके गंभीर चोट आने कारण उसके परिजनों ने उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सक ने सुलखान की हालत नाजुक देख उसका प्राथमिक उपचार कर मुख्यालय रेफर कर दिया।

### हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से पशुओं की मौत, सामान भी जला

**जालौन,** उरई। हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से पशुओं की मौत के साथ ही दुकान में रखा करीब 2 लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया था। पीड़ित गृहस्वामी ने विभाग से मुआवजा दिलाने की मांग एसडीएम को शिकायती पत्र देकर की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम नौरेजपुर निवासी हरदयाल ने एसडीएम सना अख्तर को शिकायती पत्र देकर बताया कि पिछले वर्ष 14 जून को हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी उनके मकान पर गिर गई थी। चिंगारी गिरने से घर में आग लग गई थी। जिसमें उनकी एक भैंस व एक भैंसा की जलकर मौत हो गई थी। साथ ही दुकान में रखा करीब 2 लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया था।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एसडीएम ने महिला अधिवक्ताओं को किया सम्मानित



**संवाददाता।** खागा, फतेहपुर

**तहसील** परिसर के सभागार कक्ष में उपजिलाधिकारी मनीष कुमार ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम का आयोजन किया। जिससे महिलाओं के जीविनी पर प्रकाश डाला और महिला कर्मचारी एवं मॉडल बार खागा की विद्वान महिला अधिवक्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

खागा तहसील परिसर के सभागार कक्ष में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाते हुए उपजिलाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा करते हुए महिलाओं के आर्थिक राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष में उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य है कि महिलाओं को बराबर का दर्जा प्राप्त करना है, जिससे उन्हें किसी भी अधिकार से वंचित ना किया जाए। उनके साथ किसी भी क्षेत्र में भेदभाव ना किए जाए। इस अवसर पर महिलाओं के अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान माडल बार खागा की विद्वान महिला अधिवक्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। इस मौके पर तहसीलदार ईवेंद्र कुमार, नायब तहसीलदार सहित तहसील स्टाप मौजूद रहा।

# रोजगार मेला व करियर काउंसेलिंग कार्यशाला 15 को

**फतेहपुर।** जिला सेवायोजन कार्यालय एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में 15 मार्च को प्रात: 11 बजे से उद्योग विकास संस्थान 1870 कृष्णा टावर कुंवरपुर रोड बिंदकी में रोजगार मेला व कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश स्तर की जेएमडी मैनपावर सोल्यू. प्रालि चंडीगढ, ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल्स लखनऊ, कैरियर ब्रिज स्किल सोल्यू. प्रालि अहमदाबाद, पीपल दी आनलाइन सर्विसेज आदि कंपनियों द्वारा प्रतिभाग कर योग्य अभ्यर्थियों को वेतनमान 15 हजार से बीस हजार हेतु चयनित कर सेवायोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी का सेवायोजन पोर्टल पर पंजीयन साथ ही रोजगार मेले हेतु आनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है। कोई भी अभ्यर्थी हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, आईटीआई/डिप्लोमा उत्तीण आयु 18 से 35 वर्ष तक हो उक्त तिथि को अपने पंजीयन प्रपत्र स्वयं का बायोडाटा (कम से कम तीन प्रतियों में) व समस्त प्रमाण पत्रों सहित आयोजन स्थल पर प्रात: 10 बजे तक अवश्य उपस्थित हो।

# शहीदों के बलिदान नहीं भुला पायेंगी आने वाली पीढ़ियां : नेहा जैन




**संवाददाता।** कानपुर देहात

**शहीद** मनोज सिंह चौहान के शहीदी दिवस पर उनके पैतृक गांव जिठरौली, तहसील अकबरपुर, कानपुर देहात में बृज गोपाल यादव जी डिस्ट्रिक प्रेसिन्डेट जनरल सेक्रेटरी इंडियन वेटरन ऑर्गेनाइजेशन कानपुर देहात की पहल से धर्मेन्द्र सिंह परिहार की पूरी टीम द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विशेष अतिथि के तौर पर जिलाधिकारी नेहा जैन भी उपस्थित रहीं।

शहीद मनोज सिंह चौहान 2004 में ऑपरेशन पराक्रम के दौरान नौशेरा सेक्टर में दुश्मनों का मुकाबला करते हुए शहीद हुए। इनका जन्म 15 सितंबर 1972 को इसी ग्राम में हुआ था। इनकी मॉं का नाम बिटोला देवी और पिता का नाम इन्द्रपाल सिंह चौहान हैं, उन्हीं के बलदान की स्मृति में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनकी पत्नी वीर नारी पुष्पलता को प्रमाण पत्र भी जिलाधिकारी के हाथों प्रदान किया गया। इस मौके बोलते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि इस अवसर पर आकर मैं अत्यन्त गौरवान्वित महसूस कर रही हूं।

आने वाली पीढ़ियां शहीद मनोज सिंह चौहान के बलिदान को कभी नही भूल पायेंगी और उनसे आज के युवा सदैव प्रेरित होते रहेंगे। आगे उन्होंने कहा कि यहां पर शहीद मनोज सिंह चौहान की माता जी उपस्थित है मैं उनके दु:ख और वेदना को समझ सकती हूं।

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में हस्ताक्षरित एमयू की हुई प्रगति समीक्षा

**कानपुर देहात।** मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय की अध्यक्षता में विकास भवन कार्यालय में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में साइन किए गए एमयू के प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट प्राप्त एमयू विभागों द्वारा अपने.अपने प्रगति का डाटा एकत्र कर आगामी एक.दो माह में योजनाओं को धरातल पर उतारने हेतु सभी विभाग अपनी.अपनी कार्य योजना प्रस्तुत करने हेतु चर्चा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से प्राप्त एमयू को धरातल में उतारने हेतु उनकी समस्याओं का निस्तारण किया जाएए जहां कहीं भूमि आदि की समस्या आ रही है, उन्हें सुनकर उनका भी निस्तारण करें तथा प्रगति से अवगत भी कराएं।

# सड़क किनारे झोपड़ियों में लगी आग से लाखों की गृहस्थी जलकर खाक

**मौदहा,** हमीरपुर। अज्ञात कारणों से सड़क किनारे बनी झोपड़ियों में आग लगने से लाखों का समान जलकर खाक हो गया। कस्बा स्थित मंडी समिति के पास शुक्रवार को दोपहर अचानक आग का धुआं देख लोग दंग रह गए और जैसे ही आगे बढ़े तो आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते पूरे झोपड़ियों को स्वाहा कर दिया। देरी से आई फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही वहां मौजूद लोगों ने आग पर काबू पा लिया। प्राप्त



जानकारी अनुसार मंडी समिति के पास जीवन व्यतीत कर रहे पछईयो एवं लोहारों के आशियाने में आग लग गई जिससे उनकी लाखों की गृहस्थी जलकर राख हो गई। आग की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी एवं तहसीलदार ने पीड़ितो से बातचीत कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया और लेखपाल एवं कानून गो को घटना का मुआयना करने के निर्देश दिए। वहीं क्षेत्राधिकारी विवेक यादव ने पीड़ितो को तत्काल भोजन की उपलब्ध कराने की बात कही तो उपजिलाधिकारी राजेश मिश्रा द्वारा पीड़ित लोगों को ग्राम समाज की भूमि पर पट्टा कराकर जल्द ही उनके रहने की व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया है। आनंदी पुत्र नयन सिंह, खालिक पुत्र अब्दुल समद व जगदीश पुत्र धनीराम का लाखों का सामान जलकर राख हो गया।

# पति-पत्नी मामूली विवाद को थाना, कोर्ट-कचहरी ले जाने से बचें : अमृता




## ● वैवाहिक, दाम्पत्य विवादों को प्रारम्भिक स्तर पर ही निपटायें

**संवाददाता।** उरई, जालौन

**राष्ट्रीय** महिला आयोग एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संयुक्त रूप से तहसील सभागार उरई में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश तरूण सक्सेना के निर्देशन में महिलाओं को कानूनी जानकारी देने हेतु ''महिला सप्ताह'' के अंतर्गत विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये अपर प्रधान कुटुम्ब न्यायाधीश अमृता शुक्ला द्वारा महिलाओं को बताया गया कि वैवाहिक, दाम्पत्य विवादों को प्रारम्भिक स्तर पर ही निपटाये जाने के लिये आवेदन पत्रों को अंगीकृत करने का सरल तरीका जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अपनाया जा रहा है। पति-पत्नी के मध्य मामूली विवाद को थाना, कोर्ट-कचहरी तक ले जाने से बचना चाहिये बल्कि मामूली विवाद या मतभेद को परस्पर मिल बैठकर निपटा लेना चाहिये। कुटुम्ब न्यायालय में भी इसी बात पर जोर दिया जाता है कि परिवार किसी भी स्थिति में विघटित न हो। परिवार जैसी पवित्र संस्था को बचाये रखने के लिये न्यायालय में सुलह-समझौता (मीडियेशन) की व्यवस्था की गयी है। दाम्पत्य प्रकृति के समस्त विवादों में हर स्तर पर पति-पत्नी के मध्य सुलह की कोशिशें की जाती है।

विषम परिस्थिति, अपवाद की स्थिति में ही तलाक को मंजूरी दी जाती है। इनके अतिरिक्त महिलायें धारा-125 सीआरपीसी, हिन्दू विवाह अधिनियम एवं घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत गुजारे भत्ते की मांग कर सकती हैं और तलाकशुदा पत्नी को भी अपने पति की पैतृक सम्पत्ति से हिस्सेदारी व दूसरी शादी करने तक भरण-पोषण लेने का अधिकार प्राप्त है। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रेनू यादव द्वारा राष्ट्रीय, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं, परियोजनाओं की जानकारी देते हुये प्राधिकरण की संरचना, इसके उद्देश्य व कार्यों के विषय में उपस्थित महिलाओं को बताया गया।

उन्होंने बताया कि पति और पिता की पुस्तैनी सम्पत्ति में उनको पूरा अधिकार प्राप्त है। शादी के बाद भी महिला को पिता की सम्पत्ति में कानूनी अधिकार प्राप्त है। महिलाओं को पीसी, पीएनडीटी एक्ट के विषय में बताते हुये कन्या भ्रूण हत्या रोकने पर बल दिया। राष्ट्रीय महिला आयोग की रिसोर्स-पर्सन श्रीमती मन्जूलता एडवोकेट ने महिलाओं को राष्ट्रीय महिला आयोग के कार्यों एवं इसकी भूमिका और संविधान में महिलाओं को प्राप्त कानूनी एवं स्वास्थ्य के अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया। जिला श्रम प्रवर्तन अधिकारी जगदीश वर्मा द्वारा महिला श्रमिकों के अधिकारों की जानकारी दी गयी। शिविर का संचालन महेश सिंह परिहार ने किया।

# उप श्रमायुक्त को मिली चार्जशीट, दो प्रवर्तन अधिकारी मुख्यालय से सम्बद्ध

## ● विधायक अनिल प्रधान ने विधानसभा में उठाया था सवाल

**चित्रकूट।** जिले के श्रम प्रवर्तन कार्यालय में बड़े भ्रष्टाचार का खुलासा करते हुए प्रवर्तन अधिकारी को हटाकर मुख्यालय से अटैच किया है। कंप्यूटर ऑपरेटर पर भी गाज गिरी है। ज्ञात है कि सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान ने श्रम प्रवर्तन कार्यालय में भ्रष्टाचार की शिकायत की थी। अपर मुख्य सचिव श्रम एवं सेवा योजन अधिकारी ने जांच में पाया था कि श्रम कार्यालय में पात्रों को पैसा न देने, मातृत्व एवं शिशु लाभ, शादी अनुदान, मृतक कामगार योजना की पत्रावलियां निरस्त करवाने की जांच की मांग विधायक ने की थी। विधायक ने नियम 51 के तहत विधानसभा में भी छह दिसंबर को सवाल उठाये थे।

कानपुर श्रम आयुक्त कार्यालय ने जांच करवाते हुए उप श्रम आयुक्त अजय मिश्रा ने श्रम अधिकारी चित्रकूट अरुण तिवारी व पूर्व में तैनात रहे श्रम प्रवर्तन अधिकारी दुष्यंत कुमार को क्लीन चिट दे दी थी। सदर विधायक ने पुन: अपर मुख्य सचिव श्रम एवं सेवा योजन में शिकायत कर इनके भ्रष्टाचार को उजागर किया था। पुन: जांच उप श्रमायुक्त कानपुर सुरेंद्र प्रसाद सिंह आईएएस एवं एक अन्य अधिकारी ने की थी। शिकायतकर्ताओं के पक्ष को सुनकर जांच टीम ने दोनों श्रम प्रवर्तन अधिकारी अरुण कुमार तिवारी व दुष्यंत कुमार के खिलाफ पर्याप्त भ्रष्टाचार के सबूत पाए। शासन के निर्देश पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी अरुण तिवारी एवं पूर्व में तैनात रहे दुष्यंत कुमार को तैनाती स्थलों से हटाकर मुख्यालय संबद्ध करने का आदेश जारी किया है। प्रवर्तन कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर तैनात जगतराम कुशवाहा की तत्काल सेवा समाप्ति के आदेश जारी किये हैं।

# नैक ने चौ. चरण विवि को सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग से नवाजा

## कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला की कोशिश आखिर रंग लाई

**संवाददाता।** मेरठ



**चौ.** चरण सिंह विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला के प्रयास आखिर रंग लाये और विश्वविद्यालय को नैक ने ए प्लस प्लस की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग से नवाजा है। विश्वविद्यालय के इतिहास में नये कीर्तिमान स्थापित करते हुए कुलपति और उनकी टीम ने साबित कर दिया है कि कोई भी काम संयुक्त प्रयासों से किए जायें तो सफलता हासिल की जा सकती है। उल्लेखनीय है कि नैक पीयर टीम ने हाल ही में दो से पांच मार्च तक विश्वविद्यालय का भौतिक, शैक्षणिक प्रशासनिक, वित्तीय समेत तमाम पहलुओं पर गुणवत्ता की बारीकी से परख की थी। तीन दिन तक नैक टीम ने विश्वविद्यालय के कोंने कोंने को अपनी कसौटी पर परखा और गुणवत्ता देखी। कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला और उनकी टीम ने मूल्याकन के लिए पूरी ताकत झोंक दी थी। समूचे विश्वविद्यालय परिसर का कायाकल्प किया गया था । यहां तक कि विश्वविद्यालय के अधिकारीए शिक्षक और कर्मचारियों के अवकाश पर रोक लगा दी गई थी। विश्वविद्यालय के अब तक के इतिहास में वह पहली ऐसी अकेली कुलपति साबित हुईं जिन्होंने नैक मूल्याकंकन को इतनी गम्भीरता से लिया। पायनियर ने विश्वविद्यालय की युद्ध स्तर की उन तैयारियों को देखकर पहले ही सम्भावना जता दी थी कि अगर सब कुछ योजनाबद्ध ढंग से सही दिशा में चला तो चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय को नैक टीम सर्वश्रेष्ठ रैकिंग देकर जायेगी इसमें कोई अतिश्योक्ति नजर नहीं आ रही है। नैक टीम के सदस्य परिसर के सभी विभागों, प्रशासनिक भवन पुरस्तकालय, छात्रावासों, आइक्यूएसी सेल, कैन्टीन, नेताजी सुभाष चन्द बोस प्रेक्षागृह व खेल मैदान से लेकर चप्पे.चप्पे का निरीक्षण किया था । साथ ही छात्रोंए शिक्षकों, अधिकारियों व कर्मचारियों से अलग अलग संवाद किया था । नैक टीम के निरीक्षण को लेकर राज भवन भी काफी गम्भीर था। इसके चलते राजभवन की कई टीमों ने विश्वविद्यालय की तैयारियों का जायजा लिया था । नैक के पूर्व निदेशक व मिजोरम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. एस् एन राय के नेतृत्व में भी एक विशेषज्ञ टीम ने परिसर के विभागों, पुरस्तकालय, छात्रावासो, आइक्यूएसी सेल, कैन्टीन,सर छोटू राम इंजीनियरिंग कॉलिज,नेताजी सुभाष चन्द बोस प्रेक्षागृह व खेल मैदान से लेकर चप्पे.चप्पे का निरीक्षण माक विजिट कर किया था। । प्रो0 रॉय ने बारीकी से खूबियों और खामियों को इंगित करके विश्वविद्यालय की कुलपति व उनकी टीम को जरूरी सुझाव दिये थे। विश्वविद्यालय के चप्पे.चप्पे पर कुलपति प्रोण् संगीता शुक्ला की पैनी नजर थी । ऐसे तो वह पिछले कई माह से नैक के निरीक्षण को लेकर गम्भीर थी और तैयारियों में लगी थींए लेकिन गत एक माह से उन्होंने एक अवकाश तक नहीं लिया और अल्प सुबह से लेकर देर रात तक तैयारियों में जुटी रहती थीं। शुक्रवार को जैसे ही नैक टीम के निरीक्षण का परिणाम आया सभी की खुशी का ठिकाना नही था। चौतरफा हर्षोल्लास और शुभकामनाओं का माहौल रहा। विश्वविद्यालय के इतिहास में शुक्रवार को नये कीर्तिमान बन गए। कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने मीडिया से बातचीत में नैक टीम से मिले ष्ए प्लस प्लस ष् की रैंक को सामूहिक प्रयासों की उपलब्धि बताया। सभी के सहयोग से आगे भी उनका प्रयास इस विश्वविद्यालय को नये क्षितिज पर पहुंचाने का रहेगा। इस मौके पर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर संजीव शर्माए वित्त अधिकारी रमेश चंद्र निरंजन, कुलसचिव धीरेंद्र कुमार, प्रोफेसर वाई विमला, प्रोफेसर मृदुल गुप्ता, प्रोफेसर प्रशांत कुमार, विवेक सिंधु, अरुण वशिष्ठ, वेद प्रकाश, सर्वोत्तम शर्मा, आशीष, संजीव कुमार, मुनीष शर्मा आदि मौजूद थे।

# सीआईएसएफ का स्थापना दिवस मनाया

**बीजपुर/सोनभद्र।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के रिहंद इकाई के परेड ग्राउंड में शुक्रवार को इकाई प्रमुख उप कमांडेंट प्रदीप कुमार के कुशल दिशा निर्देशन में विविध आयोजनों व पुरस्कार वितरण के साथ बल का 54वां स्थापना दिवस समारोह हर्सोल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। समारोह का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित एनटीपीसी रिहंद स्टेशन के मुख्य महाप्रबंधक ए के चट्टोपाध्याय ने परम्परागतढंग से करते हुए भव्य परेड का निरीक्षण किया। मुख्य अतिथि श्री चट्टोपाध्याय ने अपने संबोधन में इस अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की प्रसंशा करते हुए कहा कि सीआईएसएफ बल के अधिकारी व जवान पूरी तरह से अनुशासन, लगन, ईमानदारी व कर्त्तव्यनिष्ठा आदि गुणों से परिपूर्ण हैं। उनके इसी गुणों के कारण आज सुरक्षा के सभी क्षेत्रों में बल की तैनाती की गई है। उन्होंने कार्यक्रम के समापन अवसर पर चालू माह मार्च 2023 के 3 तारीख से 10 तारीख तक मनाए गए सुरक्षा सप्ताह के विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित भी किया। कार्यक्रम के दौरान भव्य परेड का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व परेड कमांडर निरीक्षक एस के सिंह व उप निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने संयुक्तरूप से किया। अगली कड़ी में बल के अग्निशमन शाखा द्वारा आग बुझाने के हैरतअंगेज कारनामो का प्रदर्शन, सुरक्षा बिंग के बल कार्मिकों द्वारा वन मिनट ड्रिल रिफ्लेशन शूटिंग, आपात काल दुर्घटना में बचाव के तरीके व बाल कलाकारों द्वारा देश प्रेम से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोहते हुए उन्हें तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर स्टेशन के महाप्रबंधक विभागाध्यक्ष बल के अधिकारी,जवान व उनके परिजन, बीजपुर थाना के वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद कुमार यादव,सेंट जोसेफ स्कूल के प्राचार्य, समीपवर्ती ग्रामो के ग्रामप्रधानगण व क्षेत्र के अन्य सम्भ्रांत अधिकारीगण उपस्थित थे।

# जर्मनी में गोलीबारी, आठ लोगों की मौत

## यहोवा विटनेस किंगडम हॉल में हमला

भाषा। हैम्बर्ग



**उत्तरी जर्मनी के** हैम्बर्ग शहर में यहोवा विटनेस किंगडम हॉल में हुई गोलीबारी में आठ लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हुए हैं। मारे गए लोगों में हमलावर भी शामिल है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कई अन्य लोग घायल हुए हैं, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है।
पुलिस ने अपनी वेबसाइट पर मृतक संख्या की जानकारी दी। हालांकि बृहस्पतिवार शाम जर्मनी के दूसरे सबसे बड़े शहर में हुई गोलीबारी का मकसद अभी तक पता नहीं चल पाया है। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने गोलीबारी को हिंसा का भयावह कृत्य करार दिया। पुलिस ने रात में कहा था कि उन्हें लगता है कि हमलावर केवल एक था, जो इमारत में मृत मिला। जांचकर्ताओं ने रातभर इमारत में से सबूत एकत्रित किए। हल्की बर्फबारी के बीच शुक्रवार सुबह कई जांचकर्ताओं को इमारत के बाहर देखा गया। हैम्बर्ग पुलिस ने शुक्रवार को सुबह ट्वीट किया कि उनका मानना है कि गोलीबारी में एक ही हमलावर शामिल था और इसलिए धीरे-धीरे इलाके से बल को वापस बुलाया जा रहा है।
अमेरिका स्थित यहोवा विटनेस के प्रवक्ता डेविड सेमोनियन ने ईमेल पर भेजे एक बयान में शुक्रवार को कहा कि दुनियाभर में उसके सदस्य इस दर्दनाक घटना से प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं। स्थानीय नेता घटना से प्रभावित लोगों को हर संभव मदद मुहैया करा रहे हैं। सेमोनियन ने कहा, हमे पता है कि अधिकारी अब भी मामले की जांच कर रहे हैं। हम पुलिस और आपात सेवाओं द्वारा मुहैया कराई गई मदद की सराहना करते हैं। पुलिस को स्थानीय समयानुसार रात करीब सवा नौ बजे गोलीबारी की सूचना मिली और वह तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने देखा कि भूतल पर कई लोग थे, जिन्हें गोलियां लगी थीं। पुलिस कर्मियों ने ऊपर की मंजिल से गोली की आवाज सुनी, जहां उन्हें एक व्यक्ति मृत मिला, जिसे गोली लगी थी। ऐसा माना जा रहा है कि वह हमलावर हो सकता है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने अपनी ओर से कोई गोलीबारी नहीं की। यहोवा विटनेस एक अंतरराष्ट्रीय गिरजाघर का हिस्सा है। अमेरिका में 19वीं शताब्दी में इसकी स्थापना की गई थी। इसका मुख्यालय न्यूयॉर्क के वार्विक में है। यह दुनियाभर में अपने 87 लाख अनुयाई होने का दावा करता है, जिनमें से करीब 1,70,000 जर्मनी में हैं।

# बलूचिस्तान उच्च न्यायालय ने इमरान के खिलाफ गैर ज़मानती वारंट पर रोक लगाई

भाषा। इस्लामाबाद



**बलूचिस्तान** उच्च न्यायालय ने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ सरकारी संस्थानों के विरुद्ध नफरत फैलाने के मामले में जारी गैर ज़मानती वारंट की तामील पर शुक्रवार को रोक लगा दी। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने अपने प्रमुख के खिलाफ वारंट जारिए किए जाने के विरुद्ध उच्च न्यायालय का दरवाज़ा खटखटाया था। हाल में सरकारी संस्थानों और उनके कार्यालयों के खिलाफ नफरत फैलाने के आरोप में पूर्व प्रधानमंत्री के विरुद्ध बृहस्पतिवार को गैर ज़मानती वारंट जारी किया गया था। खान की पार्टी ने क्वेटा में एक न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश के खिलाफ बलूचिस्तान उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी और उससे गिरफ्तारी वारंट को रद्द करने का आग्रह किया था। पार्टी ने बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा के एक थाने में दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की भी अनुरोध किया। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ज़हीर-उद-दीन काकर ने वारंट की तामील पर रोक लगा दी और बलूचिस्तान के पुलिस महानिरीक्षक, जांच के निदेशक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (कानून), थानेदार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी करने के बाद मामले की सुनवाई दो सप्ताह बाद के लिए स्थगित कर दी।

# सिंगापुर में भारतीय मूल के किशोर पर बैंक से धोखाधड़ी व धनशोधन के लिए उकसाने का आरोप

भाषा। सिंगापुर

**भारतीय** मूल के एक किशोर पर धोखाधड़ी करने और बैंक की कम्प्यूटर प्रणाली में अनधिकृत रूप से सेंध लगाने के लिए अज्ञात व्यक्ति को उकसाने के आरोप में शुक्रवार को मामला दर्ज किया गया है। मीडिया में प्रकाशित एक खबर में यह जानकारी दी गई है। द स्ट्रेट्स टाइम्स अख़बार की रिपोर्ट के अनुसार, मथाना राज सिंह यूओबी बैंक को धोखा देने की साजिश में लगा था और बैंक को यह विश्वास दिला रहा था कि वही पिछले साल मई में खोले गए बैंक खाते का एकमात्र संचालक है। यूओबी का संबंधित खाता कथित रूप से घोटाला सिंडिकेट द्वारा 2,49,000 सिंगापुर डॉलर से अधिक की आपराधिक कमाई को वैध बनाने के लिए इस्तेमाल किया गया था।

## भारतीय मूल के पूर्व कारोबारी का अनुरोध नामंजूर

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका मे अपना स्टार्ट-अप चला पाने मे विफल रहे भारतीय मूल के पूर्व परिचालन अधिकारी (सीओओ) रमेश सन्नी बलवानी धोखाधड़ी के मामलो मे दोषसिद्धि के खिलाफ अपील के निर्धारण तक जेल न भेजने की अपनी लड़ाई हार चुके है। मीडिया मे प्रकाशित एक खबर मे यह जानकारी दी गई है। बलवानी रक्त के नमूनों की जांच करने वाली असफल स्टार्ट-अप थेरानोस के पूर्व सीओओ थे, जिन्होने उच्चतर अदालत मे दोषसिद्धि के खिलाफ अपनी अपील के निर्धारण तक जेल से बाहर रहने देने की अनुमति मांगी थी।

## आईएस ने अफगानिस्तान में हमले की जिम्मेदारी ली

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान मे एक आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने ली है। इस हमले मे उत्तरी बल्ख प्रांत के गवर्नर और दो अन्य लोगो की मौत हो गई थी। स्थानीय पुलिस प्रवक्ता मोहम्मद आसिफ वजीरी ने बताया कि अफगानिस्तान के मजार-ए-शरीफ शहर मे बृहस्पतिवार को हुए हमले मे गवर्नर दाऊद मुजमल समेत तीन लोगो की मौत हो गई थी और चार अन्य घायल हो गए थे। इस्लामिक स्टेट ने बृहस्पतिवार देर रात हमले की जिम्मेदारी ली और हमलावर का नाम अब्दुल हक अल-खुरासानी बताया। इस आतंकवादी समूह ने अगस्त 2021 मे तालिबान के फिर से सत्ता मे आने के बाद अफगानिस्तान मे हमले तेज कर दिए है।

## रिपब्लिकन नेता मैक्कॉनेल कुछ दिन अस्पताल में रहेंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिका के वरिष्ठ रिपब्लिकन नेता एवं सीनेटर मिच मैक्कॉनेल का मस्तिष्क मे आई गंभीर चोट को लेकर इलाज किया जा रहा है और उनके अगले कुछ दिनो तक अस्पताल मे रहने की संभावना है। मैक्कॉनेल के प्रवक्ता डेविड पॉप ने यह जानकारी दी। केंटकी के 81 वर्षीय सीनेटर मैक्कॉनेल बुधवार को वाशिंगटन के एक होटल मे आयोजित रात्रि भोज मे लड़खड़ाकर गिए गए थे। उन्हे इलाज के लिए अस्पताल मे भर्ती कराया गया था। पॉप ने बताया कि मैक्कॉनेल का मस्तिष्क मे आई गंभीर चोट को लेकर इलाज किया जा रहा है।

## पिछले पांच वर्षों में भारत में मादक पदार्थों की बरामदगी में उल्लेखनीय वृद्धिः आईएनसीबी

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र की स्वापक निगरानी संस्था अंतरराष्ट्रीय स्वापक नियंत्रण बोर्ड (आईएनसीबी) ने कहा है कि यद्यपि डार्कनेट और समुद्री मार्ग मादक पदार्थों की तस्करी के पसंदीदा तरीकों के रूप में उभर रहे है, लेकिन भारत में पिछले पांच वर्षों मे मादक पदार्थों की बरामदगी मे उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। बोर्ड ने बृहस्पतिवार को जारी 2022 की अपनी सालाना रिपोर्ट मे बड़ी मात्रा मे सिंथेटिक मादक पदार्थों के अवैध निर्माण से निपटने के लिए भारत के सकारात्मक नियमन का भी संज्ञान लिया।

# यूएनएससी में सदस्यता की स्थाई, गैर-स्थाई दोनों श्रेणियों में विस्तार नितांत आवश्यक : भारत

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**भारत ने कहा है** कि संयुक्त राष्ट्र के मंच पर विकासशील देशों और गैर-प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों की आवाज को उचित स्थान दिलाने के लिए इस विश्व निकाय की सुरक्षा परिषद की स्थाई और गैर-स्थाई श्रेणियों में विस्तार बेहद आवश्यक है।
संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि, राजदूत रुचिरा कम्बोज ने यह भी कहा कि दोनों श्रेणियों का विस्तार सुरक्षा परिषद के निर्णय लेने की गति को समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं के अनुरूप लाने का एकमात्र तरीका है। कम्बोज ने यह टिप्पणी बृहस्पतिवार को अंतरसरकारी वार्ताओं (आईजीएन) पर पूर्ण अनौपचारिक बैठक को संबोधित करते हुए की। हमें एक ऐसी सुरक्षा परिषद की आवश्यकता है जो आज संयुक्त राष्ट्र की भौगोलिक और विकासात्मक विविधता को बेहतर ढंग से दर्शाती हो। एक ऐसी सुरक्षा परिषद की आवश्यकता है, जहां विकासशील देशों और अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और एशिया तथा प्रशांत क्षेत्रों की व्यापक आबादी सहित गैर-प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों की आवाजें अपना उचित स्थान पा सकें। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए 15 देशों की सदस्यता वाली सुरक्षा परिषद में दोनों श्रेणियों की सदस्यता का विस्तार नितांत आवश्यक है। यह परिषद की संरचना और निर्णय लेने की गति को समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं के अनुरूप लाने का एकमात्र तरीका है। यदि (सदस्य) देश वास्तव में सुरक्षा परिषद को अधिक जवाबदेह और विश्वसनीय बनाने में रुचि रखते हैं, तो हम उनसे खुलकर सामने आने और संयुक्त राष्ट्र में एकमात्र स्थापित प्रक्रिया के माध्यम से समयबद्ध तरीके से इस सुधार को प्राप्त करने के लिए एक स्पष्ट मार्ग का समर्थन करने का आह्वान करते हैं। यह विषय-वस्तु के आधार पर होना चाहिए, न कि एक-दूसरे के खिलाफ बोलकर या अपनी डफली, अपना राग बजाकर किया जाना चाहिए, जैसा हमने पिछले तीन दशकों से किया है। बैठक दो बिंदुओं पर बुलाई गई थी - पहला, विस्तारित सुरक्षा परिषद का आकार एवं इसकी कार्य पद्धति तथा सुरक्षा परिषद और महासभा के बीच संबंध। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 77वें सत्र के अध्यक्ष सिसाबा कोरोसी ने इसे परिवर्तनकारी कदम करार दिया और आईजीएन की सह-अध्यक्षता करने वाले कुवैत के स्थाई प्रतिनिधि तारेक अलबनाई और ऑस्ट्रिया के स्थाई प्रतिनिधि एक्सल मार्शिक के प्रति आभार व्यक्त किया।

## आतंकवादी कृत्यों के कारणों के आधार पर आतंकवाद के वर्गीकरण की प्रवृत्ति खतरनाक



**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने कहा है कि आतंकवादी कृत्यो के कारणो के आधार पर आतंकवाद को वर्गीकृत करने की प्रवृत्ति खतरनाक है। भारत ने साथ ही इस बात पर जोर भी दिया कि इस्लामोफोबिया, सिख-विरोधी, बौद्ध-विरोधी या हिंदू-विरोधी पूर्वाग्रहो से प्रेरित सभी प्रकार के आतंकवादी हमले निंदनीय है। संयुक्त राष्ट्र मे भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने बृहस्पतिवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को उस नई शब्दावली और गलत प्राथमिकताओ के खिलाफ खड़े होने की जरूरत है जो आतंकवाद की बुराई से निपटने के उसके संकल्प को कमजोर कर सकते है। उन्होने वैश्विक आतंकवाद-रोधी रणनीति (जीसीटीएस) की 8वी समीक्षा पर मसौदा प्रस्ताव पर पहले वाचन पर कहा, आतंकवादी कृत्यो के कारणो के आधार पर आतंकवाद के वर्गीकरण की प्रवृत्ति खतरनाक है और यह उन स्वीकृत सिद्धांतो के खिलाफ जाती है कि आतंकवाद के सभी स्वरूपो की निंदा की जानी चाहिए और आतंकवाद के किसी भी कृत्य को किसी भी तरह से जायज नही ठहराया जा सकता। कंबोज ने कहा कि अच्छे आतंकवादी या बुरे आतंकवादी नही हो सकते। उन्होने कहा कि इस तरह का दृष्टिकोण हमे केवल 911 के पहले के युग मे वापस ले जाएगा जब आतंकवादियों को आपके आतंकवादी और मेरे आतंकवादी के रूप मे वर्गीकृत किया जाता था। इससे पिछले दो दशको मे अर्जित सामूहिक लाभ मिट जाएगा। इसके अलावा, कुछ शब्दावली जैसे कि दक्षिणपंथी आतंकवाद या धुर दक्षिणपंथी या अति वामपंथी अतिवाद, निहित स्वार्थी तत्वो द्वारा इन शब्दावलियो के दुरुपयोग के द्वार खोलती है। इसलिए, हमे विभिन्न प्रकार के वर्गीकरण से सावधान रहने की आवश्यकता है।

## रायमोंडो ने सीतारमण, जयशंकर अन्य नेताओं के साथ साझा हितों के महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर चर्चा की

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिकी** वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो ने भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल सहित भारत सरकार के शीर्ष नेताओं के साथ अपनी बैठकों में भारत-प्रशांत क्षेत्र समेत साझा हितों के महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर चर्चा की। वाणिज्य विभाग के अनुसार, रायमोंडो ने डोभाल के साथ अपनी बैठक में अमेरिका-भारत के वाणिज्यिक संबंधों तथा दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं के बीच संबंधों को गहरा करने के अवसरों पर चर्चा की। जीना इंडिया - यूएस कमर्शियल डायलॉग में हिस्सा लेने के लिए भारत आई हैं। उन्होंने महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकी पर अमेरिका-भारत पहल की उद्घाटन बैठक के महत्व पर सहमति व्यक्त की। इसके अलावा रायमोंडो ने आगामी अमेरिका-भारत सीईओ फोरम और अमेरिका-भारत वाणिज्यिक संवाद बैठक के बारे में भी बात की। यह कई क्षेत्रों में दोनों सरकारों और व्यापारिक समुदायों के बीच अधिक सहयोग को बढ़ावा देने में मदद करेगी।

## पाकिस्तान अलग-अलग संकटों का सामना कर रहा हैः बिलावल भुट्टो ज़रदारी

**संयुक्त राष्ट्र।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ज़रदारी ने कहा है कि उनका देश अलग-अलग तरह की चुनौतियों का सामना कर रहा है जिसमें आर्थिक संकट से लेकर विनाशकारी बाढ़ से उपजी स्थितियां और अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता पर काबिज़ होने के बाद आतंकवाद का एक बार से सिर उठाना शामिल है। पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनज़ीर भुट्टो के 34 वर्षीय बेटे बिलावल ने अमेरिकी समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस को बृहस्पतिवार को दिए साक्षात्कार में कहा कि अन्य देशों की तरह ही उनका देश भी अति पक्षपातपूर्ण और अति-ध्रुवीकृत राजनीति का शिकार रहा है। नकदी की तंगी से जूझ रहे अपने देश की आर्थिक मदद की जरूरत पर चर्चा करते हुए उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की आलोचना की जिसने छह अरब डॉलर के राहत पैकेज को पिछले माह टाल दिया था।

## मलेशिया के पूर्व पीएम मुहिद्दीन को मिली जमानत

**कुआलालंपुर।** मलेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री मुहिद्दीन यासिन को भ्रष्टाचार और धन शोधन के आरोप में शुक्रवार को जमानत मिल गई। भ्रष्टाचार रोधी एजेंसी ने मुहिद्दीन को भ्रष्टाचार के आरोपों में बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया था। अपनी पार्टी के लिए 23.25 करोड़ रिंगिट (5.14 करोड़ डॉलर) की रिश्वत प्राप्त करने के लिए अपने अधिकारों का गलत इस्तेमाल करने के चार आरोपों और 19.5 करोड़ रिंगिट (4.3 करोड़ डॉलर) से जुड़े धन शोधन के दो आरोपों में मुहिद्दीन ने खुद को निर्दोष बताया। मामले में उन्हें जमानत मिल गई है। मार्च 2020 से अगस्त 2021 तक मलेशिया की कमान संभालने वाले मुहिद्दीन अहम पद से हटने के बाद मुकदमे का सामना करने वाले देश के दूसरे पूर्व प्रधानमंत्री हैं।

## नेपाल के उच्चतम न्यायालय ने प्रधानमंत्री प्रचंड को कारण बताओ नोटिस जारी किया

**काठमांडू।** नेपाल के उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को एक रिट याचिका पर प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। याचिका में अनुरोध किया गया है कि देश में एक दशक तक चले माओवादी उग्रवाद के दौरान पांच हजार लोगों की मौत की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रचंड के खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलाने का अनुरोध किया गया है। उच्चतम न्यायालय के सूत्रों के अनुसार अधिवक्ता ज्ञानेंद्र आरण और माओवादी उग्रवाद के अन्य पीड़ितों ने मंगलवार को यह याचिका दायर की थी। सूत्रों ने कहा कि कल्याण बुद्धथोकी नामक व्यक्ति की एक और रिट याचिका पंजीकरण की प्रक्रिया में है। शीर्ष अदालत ने मौजूदा संदर्भ में आदेश पारित करने के लिए पर्याप्त कारण नहीं होने का हवाला देते हुए कहा कि अंतरिम आदेश जारी करना आवश्यक नहीं है।

# राजामौली को मार्वल की फिल्म का निर्देशन करने का मौका मिलने पर पार्टी देंगे : राम चरण

भाषा। लॉस एंजिलिस (अमेरिका)

**फिल्म आरआरआर के** अभिनेता राम चरण ने कहा कि एस. एस. राजामौली को मार्वल स्टूडियो की फिल्म का निर्देशन करने का मौका मिलता है तो वे एक बड़ी पार्टी देंगे। राम चरण इन दिनों 95वें अकादमी पुरस्कार के लिए अमेरिका में है। उनकी फिल्म आरआरआर का तेलुगु गीत नाटु नाटु मूल गीत की श्रेणी में नामित है। वेबसाइट एंटरटेनमेंट टुनाइट को एक दिए साक्षात्कार का वीडियो अभिनेता ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर शुक्रवार को साझा किया। उनसे पूछा गया था कि राजामौली के मार्वल की किसी फिल्म का निर्देशन करने पर वह क्या सोचते हैं? अभिनेता ने इसके जवाब में कहा, अगर ऐसा होता है तो हम एक बड़ी पार्टी देंगे...मैं उम्मीद करता हूं कि ऐसा जरूर हो .. निर्माण कंपनी मार्वल या स्टार वार्स की किसी फिल्म में अभिनय करने की इच्छा पर किए सवाल पर चरण ने कहा कि वह दुनिया में हर देश में, हर फिल्म का हिस्सा बनना चाहते हैं जहां लोग सिनेमा की सराहना करते हैं। तेलुगु गीत नाटु नाटु के संगीतकार एम. एम. कीरावानी हैं और इसे आवाज काल भैरव और राहुल सिप्लीगुंज ने दी है। नाटु नाटु का मतलब होता है नाचना। गीत अभिनेता राम चरण और जूनियर एनटीआर पर फिल्माया गया है, जिसमें उनके जोरदार नृत्य को भी काफी सराहना मिली है। नाटु नाटु के गायक काल भैरव और राहुल सिप्लीगुंज ऑस्कर समारोह में इस गीत पर प्रस्तुति देंगे। पुरस्कार समारोह का आयोजन 12 मार्च को लॉस एंजिलिस में किया जाएगा।

# चीन की संसद ने चिनफिंग के पांच साल के तीसरे कार्यकाल का समर्थन किया

भाषा। बीजिंग



**चीन की संसद** ने शुक्रवार को अभूतपूर्व रूप से राष्ट्रपति शी चिनफिंग को पांच साल का तीसरा कार्यकाल देने का सर्वसम्मति से समर्थन किया, जिससे उनके ताउम्र सत्ता में बने रहने का रास्ता साफ हो गया है। पिछले साल अक्टूबर में चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की कांग्रेस की बैठक में 69 वर्षीय चिनफिंग को फिर से सीपीसी का नेता चुना गया था।
सीपीसी की कांग्रेस हर पांच साल में एक बार होती है। इसी के साथ, चिनफिंग सीपीसी के संस्थापक माओत्से तुंग के बाद पांच साल के तीसरे कार्यकाल के लिए पार्टी प्रमुख चुने वाले पहले चीनी नेता बन गए थे। चीनी संसद नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) ने शुक्रवार को प्रत्याशित रूप से चिनफिंग के तीसरे कार्यकाल को मंजूरी दी। एनपीसी को सीपीसी के फैसलों पर आंख मूंदकर मुहर लगाने के कारण अक्सर रबर स्टांप पार्लियामेंट कहा जाता है। चिनफिंग के ताउम्र चीन पर हुकूमत करने की संभावना जताई जा रही है। एनपीसी ने चिनफिंग के राष्ट्रपति पद पर तीसरे कार्यकाल पर मुहर लगाने के साथ ही शक्तिशाली केंद्रीय सैन्य आयोग के अध्यक्ष के रूप में उनकी नियुक्ति का भी समर्थन किया है। केंद्रीय सैन्य आयोग का अध्यक्ष चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) का प्रमुख होता है। 20 लाख सैन्य बलों वाली पीएलए दुनिया की सबसे बड़ी सेना है। चिनफिंग पिछले साल अक्टूबर में हुई सीपीसी कांग्रेस में पार्टी के महासचिव भी चुने गए थे। इस दौरान, सीपीसी ने अपने सभी शीर्ष नीति निकायों के लिए नए नेतृत्व का चयन किया था।

## एमी पुरस्कार विजेता अभिनेता रॉबर्ट का निधन

**लॉस एंजिलिस (अमेरिका)।** एमी पुरस्कार विजेता अभिनेता रॉबर्ट ब्लेक का बृहस्पतिवार को निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। रॉबर्ट ब्लेक ने अपने करियर में काफी उतार-चढ़ाव देखे। अभिनय के लिए काफी सराहना हासिल करने वाले ब्लेक पर पत्नी की हत्या का मुकदमा चला, हालांकि बाद में उन्हें मामले में बरी कर दिया गया। ब्लेक की पत्नी बोनी ली बकले की चार मई 2001 को एक स्टूडिया सिटी रेस्तरां के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पत्नी की हत्या के मामले में फंसने के बाद उन्होंने अभिनय की दुनिया में वापसी

**PUBLIC NOTICE**

I, SHRI HIMANSHU SINGH SAGAR S/O LATE SHRI VICHITRA PAL SINGH (V.P. SINGH) R/O FLAT NO.B-105, PRERNA APARTMENTS, PLOT NO.13, SECTOR-10, DWARKA, NEW DELHI-110075, is the owner of DDA LIG FLAT NO.L-1/224-B, FIRST FLOOR, SITUATED AT KALKAJI, NEW DELHI-110019, VIDE DDA FILE NO. F.37(219)76/HB(M), has applied for Mutation and conversion of the aforesaid property from lease hold to freehold in DDA. The original documents i.e. Original DEMAND CUM ALLOTMENT LETTER, POSEESSION LETTER, NOC FOR WATER & ELECTRICITY CONNECTION and SITE POSSESSION SLIP of the above said property have been lost or misplaced by me and is not traceable inspite of my best efforts. An F.I.R./NCR to this effect has been lodged in the Police Station, Crime Branch, Delhi (LR No.226656/2023 dated 10.03.2023). Any person(s) claiming any rights, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No. 9911006181, within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director LIG (Housing) or Director (Housing), D Block, Second Floor, Vikas Sadan, New Delhi.
himanshu.s.sagar@gmail.com; Mob: 9911006181

**सार्वजनिक सूचना**

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, इटावा
मामला क्रमांक परिवाद सं0 74/2022
राहुल तिवारी उम्र 30 वर्ष पुत्र श्री सतीश तिवारी, निवासी बृहमनगर कस्बा-भरथना, जिला-इटावा
1. मशीन एक्स इन्डस्ट्रीज द्वारा (सी0ई0ओ0) श्री आदर्श यादव
2. श्री आदर्श यादव पुत्र नामालूम
3. अमित यादव पुत्र नामालूम सर्व निवासी मशीन एक्स इन्डस्ट्रीज म0न0 220 गली न0 13, एक्स. 2सी, महाराजा वाली गली. राजू आटा चक्की के पास, पानी की टंकी, नागलोई, दिल्ली-110041
उपरोक्त वादों में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की धारा 12 के अर्न्तगत एक शिकायत प्रस्तुत की है। जिसकी प्रति संलग्न करते हुए आपको निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त वादी में नियत दिनांक 14/03/2023 को 10 बजे उपस्थित हो अपनी जवाब प्रस्तुत करें। यदि उपरोक्त तिथि में उपस्थित होने या आप या आपका अधिकृत अनुपस्थित रहते हैं तो एक तरफा सुनवाई हो जायेगी।
आपको यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मामले में आप स्वयं या आपको अभिकृत अभिकर्ता का उपस्थिति ही मान्य होगी। तथा पत्र व्यवहार की मान्यता प्रदान नहीं की जायेगी।
प्रधान जनपदाधीश
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष फोरम

# तय है कि कोविड अपने आप नहीं जाएगा, अब आगे क्या

## महामारी के तीन साल

भाषा। मेलबर्न



**11 मार्च 2020** को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोविड को महामारी के रूप में वर्गीकृत किया। तीन साल बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।
जितना हम नहीं चाहते कि यह हो, और भले यह पहले पन्ने से हट गया हो, कोविड अभी भी बहुत हद तक हमारे साथ है। लेकिन यह वास्तव में कितना बुरा रहा है? और, इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि हमने क्या सीखा है, जो हमें इसके वास्तविक और निरंतर निकास में तेजी लाने में मदद कर सकता है? सिर्फ कोविड मौतें नहीं: अमीर और गरीब देशों में समान रूप से स्वास्थ्य प्रणालियों पर अप्रत्यक्ष प्रभाव पर्याप्त रूप से जारी है। स्वास्थ्य सेवाओं में व्यवधान के कारण मृत जन्म, मातृ मृत्यु दर और प्रसवोत्तर अवसाद में वृद्धि हुई है। नियमित बाल टीकाकरण कवरेज में कमी आई है। मलेरिया, तपेदिक और एचआईवी की रोकथाम से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यक्रम बाधित हो गए हैं। इस सप्ताह के एक पेपर में वैश्विक स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य पर महामारी के गंभीर प्रभाव पर प्रकाश डाला गया है।लंबे कोविड की मार:इस बीच, दुनिया भर में लंबे समय तक रहने वाले कोविड के और सबूत सामने आए हैं। 2022 के अंत तक कम से कम साढ़े छह करोड़ लोगों के इस दुर्बल करने वाले सिंड्रोम का अनुभव करने का अनुमान लगाया गया था। ऑस्ट्रेलियन इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड वेलफेयर का अनुमान है कि सार्स-कोव-2 से संक्रमित 5-10ऊ लोग लंबे समय तक कोविड विकसित करते हैं, जिनमें लक्षण तीन महीने से अधिक समय तक बने रहते हैं। कोविड ने असमानताओं को उजागर किया:महामारी का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से भारी आर्थिक प्रभाव भी पड़ा है। अकेले अमेरिका ने इसकी प्रतिक्रिया पर चार खरब डॉलर खर्च किए। अर्थशास्त्रियों ने अनुमान लगाया है कि 2025 में उच्च संक्रमण दर और उच्च उत्पादकता वाले देशों में यह महामारी सकल घरेलू उत्पाद में औसतन 0.75ऊ की कमी के लिए जिम्मेदार होगी।

## कोविड ने हमपर कड़ा प्रहार किया है

सार्स-कोव-2, जिसे अब हम कहते है, वह वायरस जो कोविड का कारण बनता है, के प्रति शुरू मे एक धीमी वैश्विक प्रतिक्रिया थी। इससे वायरस को पैर जमाने का मौका मिल गया, जिससे अप्रत्याशित रूप से तेजी से वायरल फैलता चला गया।महामारी के तीन साल बाद, अधिकांश देशो मे लगभग सभी शमन उपायों को हटाने के साथ, यह स्पष्ट है कि वायरस ने दुनिया पर बहुत कड़ा प्रहार किया है। अब तक लगभग 68 करोड़ से अधिक संक्रमण और 68 लाख से अधिक अधिक मौतें हुई है। जीवन प्रत्याशा पर इसके प्रभाव से इसकी मार को अच्छी तरह से समझा जा सकता है। 2020 और 2021 मे दुनिया भर मे जीवन प्रत्याशा मे तेज गिरावट देखी गई, जो पिछले 70 साल से निर्बाध रूप से बढ़ रही थी।जीवन प्रत्याशा मे इस गिरावट की वजह बनी अतिरिक्त मृत्यु दर अभी जारी है। इसमे ऑस्ट्रेलिया शामिल है, जहां 2022 मे ऐतिहासिक औसत से 20,000 से अधिक लोगों की जान जाने का अनुमान है।

# ट्रंप को न्यूयॉर्क की ग्रांड जूरी के सामने गवाही देने के लिए बुलाया गया : रिपोर्ट

भाषा। न्यूयॉर्क

**अमेरिका के** न्यूयॉर्क प्रांत की एक ग्रांड जूरी ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को 2016 के राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान उनके नाम पर किए गए गुप्त भुगतान मामले में गवाही देने के लिए बुलाया है। न्यूयॉर्क टाइम्स में प्रकाशित एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में घटनाक्रम से अवगत चार लोगों के हवाले से कहा गया है कि मैनहैट्टन जिला अटॉर्नी के कार्यालय ने ट्रंप को गवाही के लिए बुलाया है। किसी ग्रांड जूरी द्वारा इस तरह से तलब किया जाना दर्शाता है कि आरोपों पर फैसला जल्द होने वाला है। जिला अटॉर्नी के कार्यालय ने इस रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया। इस बीच, ट्रंप के एक प्रवक्ता ने बयान जारी कर मैनहट्टन जिला अटॉर्नी एल्विन ब्रैग (डेमोक्रेट समर्थक) द्वारा की गई जांच को राजनीति से प्रेरित बताया। अगर मामले में आरोप लगाए जाते हैं, तो यह अमेरिकी इतिहास में पहली बार होगा, जब किसी पूर्व राष्ट्रपति पर किसी अपराध में आरोप लगाए जाएंगे। यह घटनाक्रम ऐसे समय में होगा, जब ट्रंप एक बार फिर व्हाइट हाउस की दौड़ में शामिल होने की कवायद में जुटे हैं और पहले से ही कई अन्य मामलों में कानूनी मुसीबतों का सामना कर रहे हैं।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Jitendra Prakash Singhal, S/o Prem Chandra Gupta, R/o-27B, Nilgiri-1, Block C72, Sector-34, Noida-201301, changed my name to Jitendra Prakash for all future purposes.
PD(90295)A

I, Kavita Singhal, W/o Jitendra Prakash, R/o-27B, Nilgiri-1, Block-C72, Sector 34, Noida-201301, changed my name to Kavita Gupta for all future purposes.
PD(90296)A

**PUBLIC NOTICE**

The general public is hereby informed by this legal notice that my clients **Mr. Javed Raza** S/o. Late Habib Raza and **Mrs. Rana Raza** W/o. Mr. Javed Raza both residents of S-7/22, opposite Safina Imambada, Jogabai extension, Jamia Nagar, Batla House, Okhla, New Delhi-110025 **disowned and disinherited their son namely Junaid Raza** aged about 23 years from all their moveable and immoveable properties as he is residing separately and not obeying my clients, and my clients had broken all the relations with him.
Anybody dealing with him shall do it at the cost risk and consequences of their own, And my clients shall have no concern with them.
**Mohd. Talha** (Advocate)
16-A, Uday Park, 230-E, 1st floor, Masjid Moth, New Delhi-110049

# आप-भाजपा में वार-पलटवार, सिसोदिया की गिरफ्तारी को लेकर एक दूसरे पर साधा निशाना




**नई दिल्ली।** दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) और विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को भी जुबानी जंग जारी रखा और एक दूसरे के खिलाफ राजनीतिक तीर दागने के लिए बॉलीवुड और भारतीय महाकाव्यों के उद्धरणों का सहारा लिया। भ्रष्टाचार और धनशोधन जैसे आरोपों में गिरफ्तार मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को लेकर दोनों प्रमुख दलों के बीच दिनभर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी रहा। इस समय सिसोदिया और जैन तिहाड़ जेल में कैद हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा, आज भी कुछ लोग अपने आपको भगवान मान बैठे हैं। देश और बच्चों की सेवा करने वाले प्रह्लाद को कारागृह में डाल दिया। उन्होंने ट्वीट किया, हिरण्यकश्यप अपने आपको भगवान मान बैठा था। उसने प्रह्लाद को ईश्वर की राह से रोकने के अनेक प्रयत्न किए, जुल्म किए। पर न प्रह्लाद को वो तब रोक पाए थे, न अब रोक पाएंगे। इसके बाद दिल्ली भाजपा ने वर्ष 2001 में प्रदर्शित और गोविंदा व संजय दत्त अभिनीत फिल्म जोडी नंबर-1 पर आधारित एक पोस्टर साझा किया जिसमें जैन और सिसोदिया की तस्वीर है।

## सिसोदिया ने दोषपूर्ण आबकारी नीति बनाने की साजिश रची: ईडी का आरोप

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने 290 करोड़ रुपए से अधिक की रिश्वत और अपराध से आय अर्जित करने के वास्ते दोषपूर्ण आबकारी नीति तैयार करने के लिए अन्य लोगों के साथ मिलकर साजिश रची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को यहां एक अदालत के समक्ष यह आरोप लगाया। संघीय जांच एजेंसी ने बृहस्पतिवार को तिहाड़ जेल में 51 वर्षीय सिसोदिया को गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने सिसोदिया को शुक्रवार को एक विशेष अदालत के समक्ष पेश किया जिसने उन्हें 17 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेज दिया। ईडी ने सिसोदिया की हिरासत का अनुरोध करते हुए अपनी अर्जी में कहा, अपराध से कम से कम 292.8 करोड़ रुपए की आय (अब तक की गणना के अनुसार और जांच के दौरान बढ़ने की संभावना है) अर्जित करने के वास्ते साजिश रची गई। इसमें कहा गया है कि सिसोदिया ने अन्य व्यक्तियों के साथ साजिश रची और यह दोषपूर्ण नीति बनाने में सक्रिय रूप से शामिल थे ... सिसोदिया ने अपराध से आय, हस्तांतरण, छुपाने में भूमिका निभाई। सिसोदिया को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली की आबकारी नीति (जिसे अब वापस ले लिया गया है) में कथित अनियमितताओं के मामले में गिरफ्तार किया था।

## सीआईएसएफ की स्थापना दिवस परेड का निरीक्षण करेंगे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

**हैदराबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 12 मार्च को हैदराबाद में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की 54वीं स्थापना दिवस परेड का निरीक्षण करेंगे। सीआईएसएफ पहली बार अपना वार्षिक स्थापना दिवस समारोह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) दिल्ली से बाहर सीआईएसएफ राष्ट्रीय औद्योगिक सुरक्षा अकादमी (एनआईएसए) हकीमपेट में आयोजित कर रहा है। शाह स्थापना दिवस परेड में मुख्य अतिथि होंगे। सीआईएसएफ के एडीजी (दक्षिण) जगबीर सिंह ने कहा कि 1969 में 3,000 कर्मियों के साथ अपनी यात्रा शुरू करने वाले केंद्रीय बल की क्षमता में कई गुना वृद्धि हुई है। आज 1,70,000 से अधिक कर्मियों के साथ सीआईएसएफ 66 हवाई अड्डों, बंदरगाहों, परमाणु और अंतरिक्ष प्रतिष्ठानों, दिल्ली मेट्रो, इस्पात और बिजली संयंत्रों समेत देश के 354 महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को सुरक्षा प्रदान कर रहा है।

# जेएनयू भारत की सांस्कृतिक एकता को प्रदर्शित करता है: राष्ट्रपति मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि जवाहरलाल नेहरू विवि (जेएनयू) भारत की सांस्कृतिक एकता का जीवंत प्रतिबिंब प्रस्तुत करता है। विवि के छठे दीक्षांत समारोह में मुर्मू ने कहा कि महिला शोधार्थियों की संख्या इस समय संस्थान में पुरुषों से अधिक है। उन्होंने इसे सामाजिक परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण संकेतक बताया। उन्होंने कहा, इस विवि को मैं एक सार्थक और ऐतिहासिक महत्व के रूप में देखती हूं कि जेएनयू ने 1969 में महात्मा गांधी के जन्म शताब्दी वर्ष में कार्य करना शुरू किया था। राष्ट्रपति ने कहा, पूरे भारत के छात्र विवि में पढ़ते हैं और परिसर में एक साथ रहते हैं जो भारत और दुनिया के बारे में उनके दृष्टिकोण को व्यापक बनाने में मदद करता है। विश्वविद्यालय विविधता के बीच भारत की सांस्कृतिक एकता को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि जेएनयू अपनी प्रगतिशील गतिविधियों और सामाजिक संवेदनशीलता, समावेशन एवं महिला सशक्तीकरण के संबंध में समृद्ध योगदान के लिए जाना जाता है। मुर्मू ने कहा, जेएनयू के छात्रों और शिक्षकों ने शिक्षा और शोध, राजनीति, सिविल सेवा, कूटनीति, सामाजिक कार्य, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, मीडिया, साहित्य, कला एवं संस्कृति जैसे विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावशाली योगदान दिया है।

उन्होंने कहा कि बुनियादी आदर्शों में राष्ट्रीय एकता,



सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता, लोकतांत्रिक जीवनशैली, अंतरराष्ट्रीय समझ और समाज की समस्याओं को लेकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण शामिल हैं। राष्ट्रपति ने विश्वविद्यालय समुदाय से इन मूलभूत सिद्धांतों के पालन में दृढ़ बने रहने का आग्रह किया। मुर्मू ने कहा कि चरित्र निर्माण भी शिक्षा के प्रमुख उद्देश्यों में से एक है। उन्होंने कहा, युवा छात्रों में जिज्ञासा, प्रश्न करने और तर्क के उपयोग की एक सहज प्रवृत्ति होती है। इस प्रवृत्ति को सदैव प्रोत्साहित करना चाहिए। विचारों को स्वीकार करना या खारिज करना, वाद-विवाद और संवाद पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों को पूरे विश्व समुदाय के बारे में चिंतन करना होता है।

# चारधामों के लिए अब तक दो लाख से अधिक पंजीकरण

**देहरादून।** उत्तराखंड में अगले माह शुरू होने वाली चारधाम यात्रा के लिए अब तक दो लाख से ज्यादा श्रद्धालु अपना पंजीकरण करवा चुके हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर चार धाम यात्रा की तैयारियों को लेकर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई एक बैठक में यह जानकारी दी गई। प्रदेश के पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे ने बताया कि इस वर्ष 22 अप्रैल को शुरू होने वाली चारधाम यात्रा के लिए बृहस्पतिवार तक दो लाख 12 हज़ार से अधिक श्रद्धालु अपना पंजीकरण करवा चुके हैं। उन्होंने बताया कि तीर्थयात्रियों की सुविधा हेतु ऑनलाइन पंजीकरण के अलावा फोन तथा व्हाट्सएप के माध्यम से भी पंजीकरण की व्यवस्था लागू की गई है। पर्यटन सचिव ने बताया कि हेलीकॉप्टर सेवा के पंजीकरण के लिए भी इस बार बेहतर और पारदर्शी व्यवस्था लागू की जा रही है। चारधामों के लिए पंजीकरण 21 फरवरी को शुरू हुए थे और केवल तीन सप्ताह के भीतर इतने ज्यादा पंजीकरण की संख्या को देखते हुए इस बार यात्रा में पिछले सभी रिकार्ड टूटने के आसार लग रहे हैं। इस साल गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट 22 अप्रैल को अक्षय तृतीया के पर्व पर खुल रहे हैं जबकि बदरीनाथ के कपाट 27 अप्रैल को और केदारनाथ के कपाट 25 अप्रैल को खुलेंगे। कोविड-19 के कारण दो साल के अंतराल के बाद पिछले साल पूरी तरह से शुरू हुई चारधाम यात्रा में रिकार्ड 47 लाख से ज्यादा श्रद्धालु आए थे। इस बार पिछली बार से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना व्यक्त करते हुए अपर मुख्य सचिव ने अधिकारियों से मंदिरों के कपाट खुलने से पहले बिजली-पानी सहित सभी व्यवस्थाएं सुचारू करने को कहा। रतूड़ी ने चारधाम यात्रा से जुड़े सभी हितधारकों से अपील करते हुए कहा कि देश और दुनिया में हमारे प्रदेश की छवि पर्यटन प्रदेश की है और सभी को इस बात का ध्यान रखना होगा कि उत्तराखंड से वह एक अच्छा अनुभव लेकर लौटें।

# पीएम बेंगलुरु-मैसुर एक्सप्रेस-वे राष्ट्र को समर्पित करेंगे

**बेंगलुरु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 12 मार्च को कर्नाटक का दौरा करेंगे, जहां वह करीब 16,000 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेस-वे राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इस परियोजना में राष्ट्रीय राजमार्ग-275 के बेंगलुरु-निडाघट्टा-मैसूरु खंड को छह लेन का बनाया जाना भी शामिल है। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि 118 किलोमीटर लंबी इस परियोजना को करीब 8,480 करोड़ रुपए की कुल लागत से विकसित किया गया है। इस बुनियादी ढांचा परियोजना से बेंगलुरु और मैसूरु के बीच की यात्रा-अवधि लगभग 3 घंटे से घटकर करीब 75 मिनट रह जाएगी। इससे क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। बयान के मुताबिक प्रधानमंत्री मैसूरु-कुशलनगर चार लेन राजमार्ग की आधारशिला भी रखेंगे। 92 किलोमीटर लंबी इस परियोजना को करीब 4,130 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया जाएगा।



यह परियोजना बेंगलुरु के साथ कुशलनगर के परिवहन संपर्क को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और यात्रा-अवधि को लगभग 5 से घटाकर केवल 2.5 घंटे करने में मदद करेगी। इसके बाद मोदी हुब्बल्लि जाएंगे जहां वह आईआईटी, धारवाड़ राष्ट्र को समर्पित करेंगे। संस्थान की आधारशिला फरवरी 2019 में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा रखी गई थी। करीब 850 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से विकसित यह संस्थान वर्तमान में चार साल के बीटेक कार्यक्रम, पांच वर्षीय बीएस-एमएस कार्यक्रम, एम टेक और पीएचडी पाठ्यक्रम मुहैया कराता है।

प्रधानमंत्री श्री सिद्धारूढ़ स्वामीजी हुबली स्टेशन पर दुनिया के सबसे लंबे रेलवे प्लेटफॉर्म का भी लोकार्पण करेंगे। इस रिकॉर्ड को हाल ही में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा मान्यता दी गई है। 1507 मीटर लंबे इस प्लेटफॉर्म को लगभग 20 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित किया गया है। प्रधानमंत्री इस क्षेत्र में संपर्क को बढ़ावा देने के लिए होसपेटे-हुबली-तीनाईघाट खंड के विद्युतीकरण और होसपेटे स्टेशन के उन्नयन का लोकार्पण करेंगे। करीब 530 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से विकसित, विद्युतीकरण परियोजना विद्युत कर्षण पर निर्बाध ट्रेन संचालन की सुविधा देती है। पुनर्विकसित होसपेटे स्टेशन यात्रियों को आरामदायक और आधुनिक सुविधाएं प्रदान करेगा। इसे हम्पी स्मारकों के अनुरूप डिजाइन किया गया है। बयान के मुताबिक प्रधानमंत्री हुबली-धारवाड़ स्मार्ट सिटी की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

## किशोरावस्था की आसक्ति से अलग तरह से निपटना वांछनीय, पर अदालत के हाथ बंधे हैं: उच्च न्यायालय

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक किशोरी से कथित तौर पर उसकी सहमति से यौन संबंध बनाने को लेकर एक व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही जारी रखने की अनुमति देते हुए कहा कि किशोरावस्था में होने वाली इस आसक्ति से अलग तरह से निपटना वांछनीय हो सकता है, लेकिन कानून में बदलाव किए जाने तक अदालत के हाथ बंधे हुए हैं। न्यायमूर्ति स्वर्णकांत शर्मा ने कहा कि आईपीसी की धारा 376 और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा चार के तहत कथित तौर पर दंडनीय अपराध करने को लेकर आरोपी के खिलाफ आरोप तय करने का निर्देश दिया। एक निचली अदालत के आदेश के खिलाफ अभियोजन की एक याचिका पर उच्च न्यायालय का यह आदेश आया। आरोपी को आईपीसी की धारा 363 376 और पॉक्सो अधिनियम की धारा 4 के तहत दंडनीय अपराधों से आरोपमुक्त कर दिया था।

## क्विक न्यूज

### मणिकर्ण झड़प: एनसीएम प्रमुख ने हिमाचल मुख्यमंत्री से पीड़ितों का मुआवजा देने को कहा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा ने हिमाचल प्रदेश के मणिकर्ण कस्बे में हुई झड़प को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को पत्र लिखा है और उनसे पीड़ितों को मुआवजा देने का आग्रह किया है। मणिकर्ण में झड़प के दौरान सिखों की संपत्तियों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। पांच मार्च की रात मणिकर्ण में एक मेले के दौरान पड़ोसी राज्य पंजाब के तीर्थयात्रियों और स्थानीय निवासियों के बीच हुई झड़प में चार लोग घायल हो गए थे। यह कस्बा अपने गुरुद्वारों और पास में स्थित मंदिर के लिए जाना जाता है। पार्किंग में खड़े पंजाब और हिमाचल प्रदेश पंजीकरण संख्या वाले वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया और तीर्थयात्रियों ने घरों पर पथराव किया। एनसीएम ने एक बयान में कहा कि उसे जानकारी मिली है कि गुरुद्वारा मणिकर्ण साहिब क्षेत्र में आने और रहने वाले सिखों पर पांच मार्च को स्थानीय लोगों ने हमला किया था।

### चुनाव के बाद हुई हिंसा का जायजा लेने त्रिपुरा पहुंची माकपा, भाकपा और कांग्रेस की तथ्यान्वेषी टीम

**अगरतला।** त्रिपुरा में चुनाव के बाद हुई हिंसा का जायजा लेने के लिए माकपा, भाकपा व कांग्रेस के नेताओं का तथ्यान्वेषी दल शुक्रवार को यहां पहुंचा। भाकपा के सांसद बिनय विश्वम ने बृहस्पतिवार को ट्वीट किया था कि टीम 12 मार्च तक यहां रुक सकती है, जिसके बाद यह रिपोर्ट पेश करेगी और 13 मार्च से शुरू हो रहे संसद के सत्र में इस मामले को उठाएगी। राज्य माकपा के वरिष्ठ नेता पवित्र कार ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल को तीन टीमों में विभाजित किया जाएगा, जो पश्चिमी त्रिपुरा, सिपाहीजला और खोवाई के प्रभावित जिलों का दौरा करेगी। कार ने दावा किया कि दो मार्च को विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद से राज्य में हिंसा की करीब 1,200 घटनाएं हुई हैं। कार ने कहा, घायलों की सही संख्या और क्षति का पता नहीं लगाया जा सका क्योंकि चुनाव परिणामों की घोषणा के बाद से अनगिनत घटनाएं हुई हैं। चुनाव के बाद हुई हिंसा के बारे में एक प्रामाणिक रिपोर्ट संकलित करने के लिए एक प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। सहायक पुलिस महानिरीक्षक (एआईजी)-कानून व्यवस्था ज्योतिष्मान दास चौधरी ने शनिवार को कहा था कि चुनाव के बाद हिंसा के ज्यादातर मामले सिपाहीजला और खोवाई जिलों से सामने आए।

### केंद्र ने खालिस्तान समर्थक सामग्री प्रसारित करने वाले छह यूट्यूब चैनल ब्लॉक किए

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के अनुरोध के 48 घंटों के अंदर कथित तौर पर खालिस्तान समर्थक भावनाओं को बढ़ावा देने वाले कम से कम छह यूट्यूब चैनल ब्लॉक किए गए है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूचना एवं प्रसारण सचिव अपूर्व चंद्रा ने बताया कि विदेशों से संचालित किए जा रहे छह से आठ यूट्यूब चैनल पिछले 10 दिनों में ब्लॉक किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पंजाबी भाषा में सामग्री प्रसारित करने वाले ए चैनल सीमावर्ती राज्य में संकट पैदा करने की कोशिश कर रहे थे। हाल ही में, खालिस्तान समर्थक संगठन वारिस पंजाब दे के जत्थेदार अमृतपाल सिंह के समर्थकों द्वारा पंजाब के अजनाला में एक पुलिस थाने पर हमला करने के मद्देनजर यह कार्वाई की गई है। सिंह के समर्थक हथियारों से लैस थे और वे अपने एक साथी की रिहाई की मांग कर रहे थे। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि चैनल को ब्लॉक करने के संबंध में सरकार के अनुरोध पर यूट्यूब 48 घंटों के अंदर कार्वाई कर रहा है। उन्होने बताया कि सरकार ने यूट्यूब से आपत्तिजनक सामग्री की स्वतः पहचान करने और इसे ब्लॉक करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और गणितीय पद्धति का उपयोग करने का आग्रह किया है।

### नकली स्टील बेचने पर कॉपीराइट एक्ट के तहत कार्रवाई

**गोरखपुर।** जिंदल स्टेनलेस हिसार लिमिटेड ने गोरखपुर में दो निर्माता कंपनियों ग्रांड स्टील कंपनी और जेपी स्टेनलेस स्टील के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट 1957 की धारा 63 और 65 के तहत प्राथमिकी एफआईआर दर्ज कराई है। स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने पूरे मामले का संज्ञान लेकर दोनों आरोपी निर्माता कंपनियों के ठिकानों पर छापे मारे हैं। छापे के दौरान पुलिस को ग्रांड स्टील कंपनी के कारखाना परिसर से नए निर्मित पाइप मिले हैं, जिन पर जेएसएल या जिंदल के लोगो लगे हैं और इनका वजन 5,600 किग्रा पाया गया है। इसी तरह जेपी स्टील लिमिटेड के कारखाना परिसर में 945 किग्रा की आपत्तिजनक सामग्री मिली है। जिस पर जेएसएल और जिंदल के लोगो लगे हैं। जिंदल स्टेनलेस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उनकी कंपनी ऐसे निर्माताओं के सख्त खिलाफ है, जो बाजार में नकली माल बेचकर ग्राहकों को धोखा दे रहे हैं। जिंदल स्टेनलेस ने नकली उत्पाद बेचने वाले निर्माताओं और विक्रेताओं के खिलाफ लगातार कानूनी कार्रवाई की है।

## मप्र के मुख्यमंत्री को लेकर अभद्र टिप्पणी पर कांग्रेस नेता के खिलाफ मामला दर्ज

**इंदौर।** मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ अभद्र टिप्पणी के आरोप में पुलिस ने इंदौर के एक कांग्रेस नेता के खिलाफ शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सम्पत उपाध्याय ने संवाददाताओं को बताया कि कांग्रेस के सेवा दल की शहर इकाई के पूर्व अध्यक्ष चंद्रशेखर पटेल के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 294 (अपशब्दों का इस्तेमाल) और अन्य संबद्ध प्रावधानों के तहत विजय नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस नेता के खिलाफ आरोपों की जांच जारी है और उन्हें फिलहाल गिरफ्तार नहीं किया गया है। चश्मदीदों ने बताया कि पटेल ने भाजपा नीत केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के खिलाफ कांग्रेस के शुक्रवार को आयोजित प्रदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री चौहान के खिलाफ तब विवादास्पद बयान दिया, जब वह कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

## किसी और महामारी के आने से पहले न्यायिक संस्थानों को विकसित करना हमारा लक्ष्य: सीजेआई

**नई दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी. वाई. चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को कहा कि कोविड-19 महामारी के चलते न्यायिक प्रणाली ने न्याय प्रदान करने के लिए आधुनिक तरीके अपनाए तथा किसी और महामारी के आने से पहले न्यायिक संस्थानों को विकसित करना व सक्रिय रूप से निर्णय लेना अब हमारा लक्ष्य होना चाहिए। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में शामिल देशों के उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीशों की 18वें सम्मेलन के दौरान चंद्रचूड़ ने महामारी की शुरुआत होने पर भारतीय न्यायपालिका द्वारा उठाए गए कदमों पर प्रकाश डाला।

महामारी के बाद से, भारत में जिला अदालतों ने वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 16 करोड़ 50 लाख, उच्च न्यायालयों ने सात करोड़ 58 लाख जबकि उच्चतम न्यायालय ने 3,79,954 मामलों की सुनवाई की। सीजेआई ने कहा, इसका निष्कर्ष यह कहा कि महामारी के कारण न्यायिक



प्रणाली को न्याय प्रदान करने के लिए आधुनिक तरीके अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ा। लेकिन हमारा लक्ष्य किसी और महामारी के आने से पहले न्यायिक संस्थानों को विकसित करना तथा किसी सक्रिय रूप से निर्णय लेना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों ने महामारी के दौरान मानवाधिकारों के उल्लंघन के मामलों की सक्रिय रूप से निगरानी की। उच्चतम न्यायालय 10 से 12 मार्च तक के बीच आयोजित सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। इसका उद्देश्य एससीओ सदस्य देशों के उच्चतम न्यायालयों के बीच सहयोग विकसित करना है।

# पुलवामा के शहीदों की पत्नियों को जयपुर में प्रदर्शन स्थल से हटाकर अस्पताल भेजा गया

**भाषा।** जयपुर

**राजस्थान** पुलिस ने 2019 के पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के तीन जवानों की वीरांगनाओं को शुक्रवार तड़के यहां कांग्रेस नेता सचिन पायलट के घर के बाहर प्रदर्शन स्थल से हटा दिया। पुलिस ने उन्हें उनके आवासीय क्षेत्रों के पास के अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद करोड़ी लाल मीणा शहीदों की पत्नियों से मुलाकात करने के लिए चौमू कस्बे जा रहे थे लेकिन पुलिस ने उन्हें बीच में ही रोक दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके साथ हाथापाई की गई है और उन्हें हिरासत में लिया गया है। मीणा को घटना के बाद गोविंदगढ़ के एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया और फिर उनकी सेहत के कारण उन्हें वहां से जयपुर के एसएमएस अस्पताल भेज दिया गया। मीणा ने ट्विटर पर आरोप लगाया, पुलिस ने मुझे मारने की कोशिश की, लेकिन वीरांगनाओं, युवा, बेरोजगारों और गरीबों के आशीर्वाद से बच गया। मुझे चोट आई है। गोविंदगढ़ अस्पताल से मुझे जयपुर के सवाई मान सिंह अस्पताल रेफर किया गया है। विधानसभा में विपक्षी दल के उपनेता राजेंद्र राठौड़ और पूर्व मंत्री अरूण चतुर्वेदी ने मीणा से अस्पताल में मुलाकात की।

शुक्रवार सुबह मीना एसईजेड थाने गए जहां तीन वीरांगनाओं के समर्थकों को शुरुआत में रखा गया था और कहा कि सरकार उनकी आवाज नहीं दबा पाएगी। मीणा ने संवाददाताओं से कहा, सरकार तीन वीर महिलाओं से इतना क्यों डरती है कि पुलिस उन्हें रातों-रात उठा ले गई। पता नहीं उन्हें कहां ले गए हैं? महिलाएं केवल मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी से मिलने की गुहार लगा रही हैं। मुख्यमंत्री उनकी बात सुनकर इतना घबरा क्यों रहे हैं? उन्होंने एक ट्वीट में कहा, एसईजेड पुलिस थाने के बाहर धरने पर बैठा हूं। सरकार पुलिस के बल पर वीरांगनाओं की आवाज नहीं दबा पाएगी। एक निरंकुश और तानाशाही सरकार का अधिक ताकत के साथ विरोध किया जाएगा। बाद में मीणा शहीदों की पत्नियों से मुलाकात करने के लिए गए लेकिन जयपुर जिले के चौमू कस्बे के तहत आने वाले सामोद थाने की पुलिस ने उन्हें बीच में ही रोक दिया। मीणा ने ट्वीट किया, मैं अपने समर्थकों के साथ सामोद बालाजी के दर्शन करने जा रहा था, लेकिन सामोद थाना पुलिस ने मुझे रोका और मेरे साथ दुर्व्यवहार व हाथापाई की। क्या वीरांगनाओं के साथ खड़ा होना इतना बड़ा गुनाह है कि अशोक गहलोत सरकार एक जनप्रतिनिधि के साथ इस तरह का आचरण कर रही है?

# प्रधानमंत्री से मिले बघेल, जल्द जनगणना कराने की मांग की

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर जनगणना जल्द कराने का आग्रह किया और जीएसटी क्षतिपूर्ति, कोयला रॉयल्टी सहित राज्य से कुछ अन्य मांगों पर चर्चा भी की। मुलाकात के बाद बघेल ने संवाददताओं से कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री से जल्द जनगणना कराए जाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा, 2011 के बाद जनगणना नहीं होने से हितग्राहियों के चयन में दिक्कत आ रही है। कई पात्र लोग योजनाओं का लाभ लेने से वंचित हो रहे हैं। इस संबंध में पूर्व में प्रधानमंत्री को पत्र भी लिखा था। राज्य सूचना विभाग की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, मुख्यमंत्री ने जीएसटी क्षतिपूर्ति का मुद्दा भी प्रधानमंत्री के सामने रखा। उन्होंने कहा कि उत्पादक राज्य होने की वजह से छत्तीसगढ़ को वाणिज्यिक कर राजस्व का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जून 2022 से अब तक जीएसटी क्षतिपूर्ति की 1375 करोड़ की राशि केन्द्र सरकार के पास लंबित है, जिसे शीघ्र प्रदान किया जाए। विज्ञप्ति में कहा गया है कि मुख्यमंत्री ने कोयला खदानों से अतिरिक्त उपकर के रूप में प्राप्त रॉयल्टी की 4170 करोड़ की राशि का भी शीघ्र भुगतान का प्रधानमंत्री से अनुरोध किया है। बघेल ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री से नवा रायपुर से दुर्ग के लिए शुरू किए जाने वाले लाइट मेट्रो सर्विस के लिए प्रधानमंत्री से सहयोग भी मांगा है।

# कांग्रेस विधायकों का गुजरात विधानसभा से बाहर निकाला

**गांधीनगर।** कांग्रेस विधायकों को बनासकांठा जिले के प्रसिद्ध अम्बाजी मंदिर में चढ़ाए जाने वाले प्रसाद में बदलाव किए जाने के मुद्दे पर चर्चा की मांग और सदन में प्रदर्शन करने पर शुक्रवार को विधानसभा से निष्कासित कर दिया गया। विधायकों ने सदन में मोहनथाल (बेसन, शक्कर और घी से बनी मिठाई) का वितरण किया जिसे पहले मंदिर में प्रसाद के तौर पर अर्पित किया जाता था। उन्होंने मांग की कि इसे चिक्की (मूंगफली और गुड़ से बनी मिठाई) से नहीं बदला जाना चाहिए। जिला प्रशासन द्वारा देवी सती के इस मंदिर में मोहनथाल के बदले चिक्की को प्रसाद के तौर पर चढ़ाने के फैसले का कई श्रद्धालुओं ने भी विरोध किया है। कांग्रेस विधायकों ने इस मुद्दे पर चर्चा की मांग की लेकिन विधानसभाध्यक्ष शंकर चौधरी ने उन्हें बैठने और आम आदमी पार्टी (आप) विधायक को बोलने देने का अनुरोध किया। इसके बावजूद विरोध जारी रहने पर अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें सदन से बर्हिगमन करने का अधिकार हैअ लेकिन वे नारेबाजी कर सदन की कार्यवाही बाधित नहीं कर सकते हैं। विरोध जारी रहने पर विधानसभाध्यक्ष ने करीब 15 कांग्रेस विधायकों को सदन से बाहर निकालने का प्रस्ताव किया। इस प्रस्ताव को ध्वनि मत से पारित किया गया और उन्हें सदन से बाहर कर दिया गया। कांग्रेस विधायकों ने सदन से बाहर निकाले जाने के समय जय अम्बे का जयकारा लगाया। चौधरी ने आरोप लगाया कि विधानसभा परिसर में मौजूद कांग्रेस कार्यालय का इस्तेमाल सदन की कार्यवाही बाधित करने की गतिविधियों के लिए किया जा रहा है और अगर ऐसी गतिविधियां रोकी नहीं जाती तो वह कार्यालय को बंद करने पर मजबूर हो सकते हैं। उन्होंने विधानसभा के सुरक्षा अधिकारियों को मामले की जांच कर उन्हें रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया।

# महिला आरक्षण विधेयक को लेकर बीआरएस नेता कविता का अनशन

**नई दिल्ली।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता ने महिला आरक्षण विधेयक को संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण में पारित करने की मांग को लेकर शुक्रवार को यहां भूख हड़ताल की। संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण 13 मार्च को शुरू होकर छह अप्रैल को समाप्त होगा। उन्होंने दिल्ली के कथित आबकारी घोटाले से संबंधित मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेशी से एक दिन पहले जंतर-मंतर पर अनशन किया। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की पुत्री कविता ने सभी राजनीतिक दलों का आह्वान किया कि वे महिला आरक्षण विधेयक को पारित कराने के लिए सरकार पर दबाव बनाएं।उनका कहना था कि मोदी सरकार के पास पूर्ण बहुमत है और ऐसे में वह इस विधेयक को आसानी से पारित करा सकती है। कविता ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी आग्रह किया कि वह इस विषय में दिलचस्पी दिखाएं और महिलाओं के साथ खड़ी हों। माकपा के महासचिव सीताराम एचुरी की उपस्थिति में



कविता ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर छह घंटे की भूख हड़ताल की शुरुआत की। उन्होंने मोदी सरकार से मांग की कि वह महिला आरक्षण विधेयक को संसद के इसी सत्र में पेश करे। उनके अनशन में आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, शिरोमणि अकाली दल के नरेश गुजराल, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की सुभासिनी अली, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अंजुम जावेद मिर्जा, नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) की शमी फिरदौस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के श्याम रजक, सपा की पूजा शुक्ला, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की सीमा मलिक और कई अन्य नेता शामिल हुए और अपना समर्थन जताया। तेलंगाना की शिक्षा मंत्री सविता इंद्र रेड्डी और महिला एवं बाल विकास मंत्री सत्यवती राठौड़ तथा बीआरएस के कई अन्य नेता भी इस अवसर पर मौजूद रहे।अनशन की समाप्ति के अवसर पर कविता ने कहा, सभी दल इस बारे में बातें करते हैं, लेकिन कोई भी विधेयक को पारित कराने के लिए कदम नहीं बढ़ा रहा है। सरकार के पास पूर्ण बहुमत है और अगर वह चाहेगी तो इसे आसानी से पारित करा लिया जाएगा। उनका कहना था कि यह मुद्दा किसी व्यक्ति या राज्य से नहीं, बल्कि पूरे देश से जुड़ा हुआ है। कविता ने इस बात पर जोर दिया कि इस विधेयक को पारित किए जाने तक देशभर में प्रदर्शन जारी रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस भूख हड़ताल में शामिल हुए लोगों के हस्ताक्षर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेजे जाएंगे। भूख हड़ताल की शुरुआत के समय कविता ने कहा, अगर भारत को विकसित होना है, तो महिलाओं को राजनीति में अहम भूमिका निभानी होगी। इसके लिए पिछले 27 साल से लंबित महिला आरक्षण विधेयक को लाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि 1996 से लेकर अब तक कई राजनीतिक दलों ने इस विधेयक को पेश करने की कोशिश की, लेकिन यह संसद में पारित नहीं हो सका। कविता ने कहा कि सुषमा स्वराज, सोनिया गांधी और वृंदा करात जैसी नेताओं ने राजनीति में महिलाओं को आरक्षण को संभव बनाने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा, मैं इस आंदोलन को आगे ले जाने का अवसर पाकर बहुत खुश हूं।

# ख्वाजा का दोहरा शतक, ग्रीन का भी दिखा दम

● दोनों ने ऑस्ट्रेलिया को 480 रन तक पहुंचाया

● भारत के बिना विकेट खोए 36 रन



भाषा। अहमदाबाद

**उस्मान ख्वाजा** दोहरे शतक से चूक गए लेकिन पहला अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ने वाले कैमरन ग्रीन के साथ उनकी 208 रन की साझेदारी से ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ चौथे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में 480 रन बनाए। भारत ने इसके बाद सतर्क शुरुआत करते हुए 10 ओवर में बिना विकेट खोए 36 रन बनाए। दिन का खेल खत्म होने पर शुभमन गिल 18 रन जबकि कप्तान रोहित शर्मा 17 रन बनाकर खेल रहे थे। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के पहली पारी के 480 रन से 444 रन पीछे है जबकि उसके सभी 10 विकेट शेष हैं। मैच में भारत की संभावनाओं के लिहाज से कल तीसरा दिन काफी महत्वपूर्ण होने वाला है।

इससे पहले ख्वाजा ने 422 गेंद में 21 चौकों की मदद से 180 रन की पारी खेली। उन्होंने अंगुली की सर्जरी के कारण पहले दो टेस्ट में नहीं खेलने वाले ग्रीन के साथ पांचवें विकेट के लिए 208 रन जोड़े जिन्होंने 170 गेंद में 18 चौकों से 114 रन बनाए। टॉड मर्फी (41) और नाथन लियोन (34) ने नौवें विकेट के लिए 70 रन जोड़कर भारत की मुसीबत बढ़ाई। मर्फी का प्रथम श्रेणी क्रिकेट में यह शीर्ष स्कोर है। भारत की ओर से ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (91 रन पर छह विकेट) ने करियर में 32वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। मोहम्मद शमी ने 134 रन देकर दो विकेट हासिल किए। उमेश यादव ने निराश किया। उन्होंने 25 ओवर में 105 रन खर्च किए लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। रविंद्र जडेजा (89 रन पर एक विकेट) और अक्षर पटेल (47 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट चटकाया। भारतीय गेंदबाजों के दिन के पहले सत्र में विकेट चटकाने में नाकाम रहने के बाद अश्विन ने दूसरे सत्र में तीन और तीसरे सत्र में दो विकेट चटकाकर ऑस्ट्रेलिया की पारी को समेटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दूसरे सत्र में ऑस्ट्रेलिया की टीम 62 रन ही बना सकी और उसने इस बीच तीन विकेट गंवाए। ग्रीन ने जडेजा की गेंद को कवर प्वाइंट से चार रन के लिए भेजकर 143 गेंद में करियर का पहला अंतरराष्ट्रीय शतक पूरा किया। ग्रीन हालांकि शतक पूरा करने के बाद अश्विन की लेग साइड से बाहर जाती गेंद को खेलने की कोशिश में विकेटकीपर श्रीकर भरत को कैच दे बैठे। लगभग 60 ओवर तक पैड बांधकर अपनी पारी का इंतजार कर रहे एलेक्स कैरी (00) अश्विन के इसी ओवर में बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में शॉर्ट थर्ड मैन पर अक्षर पटेल के हाथों लपके गए।

### स्कोरबोर्ड

**ऑस्ट्रेलिया पहली पारी:** हेड का जडेजा बो अश्विन 32, ख्वाजा पगबाधा बो अक्षर 180, लाबुशेन बो शमी 03, स्मिथ बो जडेजा 38, न ग्रीन का भरत बो अश्विन 114, कैरी का अक्षर बो अश्विन 00, स्टार्क का अय्यर बो अश्विन 06, लियोन को कोहली बो अश्विन 34, मर्फी पगबाधा बो अश्विन 41, कुहनेमैन नाबाद 00, **अतिरिक्त:** 15, कुल: 167.2 ओवर में सभी विकेट खोकर: 480 रन, **विकेट पतन:** 1-61, 2-73, 3-151, 4-170, 5-378, 6-378, 7-387, 8-409, 9-479, **गेंदबाजी:** शमी 31-3-134-2, उमेश 25-2-105-0, अश्विन 47.2-15-91-6, जडेजा 35-5-89-1, अक्षर 28-8-47-1, अय्यर 1-0-2-0

**भारत पहली पारी:** रोहित खेल रहे हैं 17, गिल खेल रहे हैं 18, **अतिरिक्त:** 01, **कुल:** 10 ओवर मे बिना विकेट खोए: 36 रन, गेंदबाजी: स्टार्क 3-1-7-0, ग्रीन 2-0-11-0, लियोन 3-0-14-0, कुहनेमैन 2-0-3-0

### शतक का बोझ उतरने से अब टेस्ट क्रिकेटर की तरह अहसास हो रहा है : ग्रीन

*अहमदाबाद।* ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन आखिर मे सातवी बार अर्धशतक को शतक मे तब्दील करने मे सफल रहे और यह बोझ उतरने के बाद उन्हें अब टेस्ट क्रिकेटर की तरह अहसास हो रहा है। अपना 20वां टेस्ट मैच खेल रहे ग्रीन ने भारत के खिलाफ चौथे और अंतिम टेस्ट मैच की पहली पारी मे 114 रन बनाए। यह उनका टेस्ट क्रिकेट मे पहला शतक है। उस्मान ख्वाजा ने 180 रन की पारी खेली जिससे ऑस्ट्रेलिया पहली पारी मे 480 रन का मजबूत स्कोर खड़ा करने मे सफल रहा। ग्रीन ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, जब आपकी पीठ से इस तरह का बोझ उतर जाता है तो फिर आप एक टेस्ट क्रिकेटर की तरह महसूस करते हैं।

# गावस्कर, लक्ष्मण, हरभजन से मिलकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं: अल्बानीज

भाषा। नई दिल्ली

**आस्ट्रेलिया के** प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने शुक्रवार को कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में चौथे टेस्ट मैच के दौरान सुनील गावस्कर, वीवीएस लक्ष्मण और हरभजन सिंह सरीखे भारत के दिग्गज क्रिकेटरों से मिलना उनके लिए सम्मान की बात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अल्बानीज ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अहमदाबाद में चल रहे चौथे और अंतिम टेस्ट मैच के पहले दिन शुरुआती सत्र का खेल देखा। उन्होंने मैच शुरू होने से पहले गोल्फ कार्ट में बैठकर मैदान का चक्कर भी लगाया और दर्शकों का अभिवादन स्वीकार किया। मोदी के साथ यहां अपनी बातचीत के बाद अल्बानीज ने कहा कि वह बॉर्डर गावस्कर टेस्ट श्रृंखला के चौथे मैच के पहले दिन भारतीय प्रधानमंत्री के साथ जुड़कर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। यह बड़े सम्मान की बात है जो मुझे सुनील गावस्कर, वीवीएस लक्ष्मण, हरभजन सिंह सहित कई अन्य दिग्गजों से मिलने का मौका मिला। ब्रिस्बेन स्थित वास्तुशिल्प फर्म द्वारा डिजाइन किए गए नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मैच की शुरुआत करना शानदार रहा। (यह) ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच सहयोग और इससे होने वाले पारस्परिक लाभ का एक ठोस उदाहरण है। मुझे संशोधित खेल समझौता पत्र पर हस्ताक्षर करने की खुशी है जिससे हमारे खेल प्रेमी देशों के बीच समानता, विविधता और खेलों में समावेश को मान्यता मिलने के साथ सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि आस्ट्रेलिया के प्रांत विक्टोरिया में 2026 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में कबड्डी को प्रदर्शनी खेल के रूप में शामिल किया जाएगा।




### कमिंस की मां को श्रद्धांजलि देने के लिए बांह पर काली पट्टी बांधकर खेली ऑस्ट्रेलियाई टीम

**अहमदाबाद। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी** शुक्रवार को भारत के खिलाफ चौथे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन नियमित कप्तान पैट कमिंस की मां मारिया को श्रद्धांजलि देने के लिए बांह पर काली पट्टी बांधकर खेले जिनका सिडनी में निधन हो गया। मारिया को 2005 में स्तन कैंसर से पीड़ित होने का पता चला था। वह पिछले कुछ हफ्तों से इस गंभीर बीमारी से जूझ रही थी जो कुछ समय पहले दोबारा उभर आई। उनका गुरुवार रात अपने आवास पर निधन हो गया। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को यहां अंतिम टेस्ट के दूसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले अपने कोच एंड्यू मैक्डोनाल्ड से यह दुखद खबर मिली। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को बयान मे कहा, हमें मारिया कमिंस के निधन का गहरा दुख है। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट की ओर से हम पैट, कमिंस परिवार और उनके मित्रों के प्रति संवेदनाएं प्रकट करते है। बयान मे कहा गया, ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीम सम्मान के तौर पर आज बांह पर काली पट्टी बांधकर खेलेगी। भारत के चार टेस्ट के मौजूदा दौरे पर शुरुआती दो टेस्ट मे ऑस्ट्रेलिया की अगुआई करने वाले कमिंस अपनी मां की तबीयत बिगड़ने के कारण सिडनी लौट गए थे। उनकी गैरमौजूदगी में स्टीव स्मिथ ने इंदौर टेस्ट मे ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी की और मेहमान टीम ने यह टेस्ट नौ विकेट से जीता।

### स्नेहा ने डब्ल्यूपीजीटी के पांचवें चरण में दो शॉट की बढ़त हासिल की

**गुरुग्राम।** स्नेहा सिंह ने शुक्रवार को यहां महिला प्रो गोल्फ टूर के पांचवे चरण के दूसरे दिन एक अंडर 71 का कार्ड खेलकर दो शॉट की बढ़त हासिल की। अब स्नेहा का 36 होल में कुल स्कोर पांच अंडर 139 का है। वह इस सत्र के तीसरे चरण में खिताब जीत चुकी है। गौरिका बिश्नोई ने 71 का कार्ड खेला जिससे वह दूसरे दिन यह कार्ड खेलने वाली चार खिलाड़ियों में से एक रही। पहले दिन गौरिका ने 70 का कार्ड खेला था और अब उनका कुल स्कोर तीन अंडर 141 का है। जैस्मीन शेखर (71) ने 72 का कार्ड बनाया और अब एक अंडर 143 के कुल स्कोर से वह तीसरे स्थान पर चल रही है।

### निश्ना और अवनी ने कट हासिल किया, शीर्ष 20 में शामिल

**सिंगापुर।** भारतीय गोल्फर निश्ना पटेल ने पहले नौ होल मे निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद संयम जारी रखा जिससे वह बैक नाइन पर बोगी फ्री तीन अंडर का कार्ड खेलकर शुक्रवार को यहां महिला एमेच्योर एशिया पैसिफिक (डब्ल्यूएएपी) चैम्पियनशिप के दूसरे दौर मे शीर्ष 15 मे पहुंच गई। तीसरी बार डब्ल्यूएएपी मे खेल रही निश्ना ने पिछले साल भी कट हासिल किया था, उन्होने इवन पार 72 का कार्ड खेला। पहले दौर मे 71 के कार्ड से उनका कुल स्कोर एक अंडर 141 रह जिससे वह संयुक्त 13वे स्थान पर काबिज सर्वश्रेष्ठ भारतीय है। क्वीन सिरिकिट कप की चैम्पियन अवनी प्रशांत भी कट मे जगह बनाने मे सफल रही। वह इवन पार 144 के कुल स्कोर से संयुक्त 19वे स्थान पर चल रही है। वही अन्य चार भारतीय कट मे जगह बनाने से चूक गई जिसमे मन्नत बराड़, अनिका वर्मा, लावण्या जादोन और विधात्री उर्स शामिल रही।

### पुलिस फुटबॉल टूर्नामेंट में पहली बार महिला फुटबॉलर खेलने को तैयार

**श्रीनगर।** महिला टीमे पहली बार अखिल भारतीय पुलिस फुटबॉल चैपियनशिप मे हिस्सा लेगी जिसका आयोजन रविवार से जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी के नवीनीकृत बक्शी स्टेडियम मे किया जाएगा। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की टीम की अधिकांश खिलाड़ियों के लिए यह प्रतियोगिता सपना साकार होने से कम नही है जिन्होने इस दिन को देखने के लिए पांच साल इंतजार किया। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर की नेहा खान ने पीटीआई से कहा, मै काफी अच्छा और रोमांचित महसूस कर रही हूं। हमे इस टूर्नामेंट का बेसब्री से इंतजार था क्योंकि हमे पहली बार इस प्रतियोगिता मे हिस्सा लेने का मौका मिल रहा है। नेहा ने कहा कि इस तरह के टूर्नामेंट लड़कियो को खेल मे करियर बनाने के लिए प्रेरित कर सकते है।

### भारत ने विश्व चैम्पियन जर्मनी को 3-2 से हराया

**राउरकेला।** स्ट्राइकर सुखजीत सिंह के दूसरे हाफ मे किए गए दो गोल की मदद से भारत ने शुक्रवार को यहां एफआईएच प्रो लीग हॉकी के पहले मैच मे विश्व चैम्पियन जर्मनी को 3-2 से हराकर उलटफेर किया। विश्व कप के निराशाजनक अभियान के बाद यह भारत का पहला मुकाबला था। भारत के जनवरी में विश्व कप के प्री क्वार्टरफाइनल से बाहर होने के बाद कई खिलाड़ियों को टीम से बाहर किया था लेकिन 26 वर्षीय सुखजीत बच गए थे, उन्होंने 31वे और 42वें मिनट में मैदानी गोल दागे।

# मुझे लगता है कि आगामी आईपीएल में धोनी की विरासत का अंत होगा: हेडन

भाषा। नई दिल्ली



**पूर्व आस्ट्रेलियाई** सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का कहना है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का जश्न शानदार तरीके से मनाएगा क्योंकि उनके करिश्माई कप्तान एमएस धोनी फ्रेंचाइजी आधारित टी20 लीग में बतौर खिलाड़ी संभवत: अंतिम बार खेलेंगे। पूर्व भारतीय कप्तान धोनी 2008 में लीग के शुरूआती चरण से सीएसके की कप्तानी कर रहे हैं और टीम को चार ट्रॉफियां दिला चुके हैं। हेडन ने स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए कहा, देखिए सीएसके सफलता के लिए अपने अलग और विशेष तरीके ढूंढने में सफल रही है। उनका दो साल टूर्नामेंट से बाहर रहना दुर्भाग्यपूर्ण रहा लेकिन इसके बाद उन्होंने वापसी करते हुए आईपीएल जीता जबकि इसकी उम्मीद नहीं थी। उन्होंने कहा, एम एसी धोनी का टीम को फिर से मजबूत करने, सुधार करने और इसके बिलकुल अलग लुक देने का एक तरीका है, हालांकि टीम का अपने कुछ खिलाड़ियों पर भरोसा करने का टैग लगा हुआ था क्योंकि उसने अपने ज्यादातर खिलाड़ियों को बरकरार रखा था। हेडन ने कहा, एमएस धोनी के लिए मुझे लगता है कि विशेषकर यह साल कुछ विशेष रहेगा और वे इसका जश्न शानदार तरीके से मनाएंगे। मुझे लगता है कि यह एमएसी धोनी की विरासत का अंत होगा और वह अपने प्रशंसकों के लिए स्टाइल से जाना चाहेंगे और प्रशंसक भी उन्हें स्टाइल से समापन करते हुए देखना चाहेंगे। आईपीएल का आगामी चरण 31 मार्च से शुरू होगा। हेडन ने चेपक स्टेडियम में सीएसके की वापसी पर कहा, 2023 में आईपीएल शुरू होगा और पूरे भारत में कोविड-19 के बाद सभी स्टेडियमों में मैच खेले जाएंगे। यह शानदार होगा, समर्थकों की एलो आर्मी (पीले रंग की टीशर्ट पहने) चेपक स्टेडियम में दिखेगी। उन्होंने कहा कि धोनी का यह आईपीएल में बतौर खिलाड़ी अंतिम अभियान होगा। उन्होंने कहा, और उनके कप्तान एमएस धोनी यकीनन अंतिम बार चेपक स्टेडियम में अपने प्रशंसकों को गुडबाय कहेंगे। यह उन क्षणों में से एक होगा जिसे भुलाया नहीं जा सकेगा। आप सोच भी नहीं सकते, वे कितनी संख्या में स्टेडियम में पहुंचेंगे। भारतीय टीम की अगुआई करते हुए धोनी देश को दो विश्व कप दिला चुके हैं।

# गेदों के बाद बल्ले से भी वारियर्स ने दिखाई ताकत



● एक्लेस्टोन व हीली के कमाल से वारियर्स की बड़ी जीत, आरसीबी की चौथी हार, दिप्ती की उम्दा गेंदबाजी

भाषा। मुंबई

**अनुभवी स्पिनर** सोफी एक्लेस्टोन और दीप्ति शर्मा की शानदार गेंदबाजी के बाद कप्तान एलिसा हीली की नाबाद 96 रन की आकर्षक पारी की मदद से यूपी वारियर्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में शुक्रवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को 42 गेंद शेष रहते हुए 10 विकेट से करारी शिकस्त दी। आरसीबी की यह लगातार चौथी हार है जिससे उसके आगे बढ़ने की संभावना को करारा झटका लगा है। वारियर्स ने तीन मैचों में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। बाएं हाथ की स्पिनर एक्लेस्टोन ने 13 रन देकर चार और ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा ने 26 रन देकर तीन विकेट लिए जिससे पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी आरसीबी की टीम 19.3 ओवर में 138 रन पर आउट हो गई गई। उसकी तरफ से एलिस पैरी ने 39 गेंदों पर 52 रन बनाए जिसमें छह चौके और एक छक्का शामिल है। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज सोफी डिवाइन ने 24 गेंदों पर 36 रन का योगदान दिया। हीली ने 47 गेंदों पर 18 चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 96 रन बनाए। देविका वैद्य (31 गेंदों पर नाबाद 36 रन, पांच चौके) ने उनके सहयोगी की भूमिका बखूबी निभाई जिससे वारियर्स ने केवल 13 ओवर में बिना किसी नुकसान के 139 रन बनाकर मैच को पूरी तरह से एकतरफा बना दिया। हीली ने शुरू से आक्रामक रवैया अपनाकर चौकों की झड़ी लगा दी। पावर प्ले के अंतिम ओवर में उन्होंने श्रेयंका पाटिल पर लगातार तीन चौके लगाए जिससे वारियर्स पहले छह ओवरों में बिना किसी नुकसान के 55 रन बनाने में सफल रहा। हीली ने 29 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया और फिर रेणुका सिंह के एक ओवर में लगातार चार चौके लगाए। इसके बाद उन्होंने एरिन बर्न्स पर पारी का पहला छक्का भी लगाया। उन्होंने पाटिल पर चौका जड़कर अपना स्कोर 95 और टीम का स्कोर आरसीबी के बराबरी पर पहुंचाया।

### स्कोरबोर्ड

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर :** मंधाना का अंजलि सरवनी बो गायकवाड़ 04, डिवाइन बो एक्लेस्टोन 36, एलिस पैरी का मैकग्रा बो शर्मा 52, आहुजा का अंजलि सरवनी बो शर्मा 08, हीथर नाइट रन आउट 02, पाटिल का अंजलि सरवनी बो एक्लेस्टोन 15, बर्न्स बो शर्मा 12, रिचा घोष रन आउट 01, जांजद नाबाद 05 , रेणुका सिंह बो एक्लेस्टोन 03, सहाना पवार पगबाधा बो एक्लेस्टोन 00 , **अतिरिक्त** : 00, **कुल** : 19.3 ओवर में सभी आउट) 138, विकेट पतन : 1-29, 2-73, 3-85, 4-98, 5-116, 6-125, 7-130, 8-131, 9-138, **गेंदबाजी** : हैरिस 4-0-34-0, सरवनी 3-0-27-0, गायकवाड़ 4-0-27-1, एक्लेस्टोन 3.3-0-13-4, दीप्ति 4-0-26-3, वैद्य 1-0-12-0

यूपी वारियर्स : देविका वैद्य नाबाद 36, एलिसा हीली नाबाद 96, **अतिरिक्त** : 07, कुल : 13 ओवर में बिना विकेट गंवाए 139 रन, **गेंदबाजी** : जंजाद 2-0-22-0, पाटिल 3-0-36-0, बर्न्स 2-0-18-0, रेणका 2-0-20-0, पंवार 1-0-11-0, नाइट 1-0-9-0, पैरी 2-0-17-0

# बांग्लादेश में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नही हुआ, अब काफी बेहतर महसूस करते हुए नींद आएगी : अश्विन

भाषा। अहमदाबाद

**बांग्लादेश के** निराशाजनक दौरे के बाद अपनी तकनीक में थोड़ा बदलाव करना भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के लिए कारगर रहा है और शुक्रवार को यहां आस्ट्रेलिया के खिलाफ सात विकेट झटकने के बाद वह निश्चित रूप से काफी बेहतर महसूस कर रहे होंगे क्योंकि पूरी श्रृंखला के दौरान उनके स्पैल में काफी पैनापन दिखाई दिया। चौथे और निर्णायक टेस्ट के दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद अश्विन (91 रन देकर छह विकेट) ने कहा, तीन विकेट चटकाने के बजाय आप अब काफी बेहतर महसूस करते हुए बिस्तर में जा सकते हो। यह निश्चित रूप से अच्छा लगता है कि क्योंकि आपने काफी विकेट हासिल किए। मैं आज थोड़ा जल्दी सोने जाऊंगा और मैं थोड़ा खुश भी हूं। अश्विन ने अभी तक श्रृंखला में 24 विकेट झटक लिए हैं जबकि एक पारी अभी बची है लेकिन 47.2 ओवर में छह विकेट चटकाना निश्चित रूप से सपाट पिच पर उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में शामिल रहेगा। 32वीं बार पांच विकेट का कारनामा करने वाले अश्विन ने कहा, हमने विकेट के अच्छा होने की उम्मीद की थी लेकिन इतना धीमा नहीं जैसा कि यह था।



# गेंदबाजों के दम पर श्रीलंका मजबूत

● न्यूजीलैंड की टीम 162 रन पर पांच विकेट गंवाने के बाद संकट में

भाषा। क्राइस्टचर्च



**सलामी बल्लेबाज** टॉम लैथम (67) के अर्धशतक के बावजूद न्यूजीलैंड की टीम श्रीलंका के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां 162 रन पर पांच विकेट गंवाने के बाद संकट में है। श्रीलंका ने पहली पारी में 355 रन बनाए थे जिससे न्यूजीलैंड की टीम अब भी 193 रन पीछे है। दिन का खेल खत्म होने पर डेरिल मिशेल 40 जबकि माइकल ब्रेसवेल नौ रन बनाकर खेल रहे थे। बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन के बाद श्रीलंका के गेंदबाजों ने भी उम्मीद पर खरा उतरते हुए अपनी टीम का पलड़ा भारी रखा। मेहमान टीम के गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड के गेंदबाजों की तुलना में गेंद को अधिक मूव कराया जिससे मेजबान टीम के बल्लेबाजों को काफी परेशानी हुई। न्यूजीलैंड को लैथम और डेवोन कॉनवे (30) ने पहले विकेट के लिए 67 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई। असिता फर्नांडो (42 रन पर दो विकेट) ने कॉनवे को पगबाधा करके इस साझेदारी को तोड़ा। पिछली पारी में शतक जड़ने वाले केन विलियमसन सिर्फ एक रन बनाने के बाद लाहिरू कुमारा (34 रन पर दो विकेट) की गेंद पर दिमुथ करूणारत्ने को कैच दे बैठे।

### फ्रेंचाइजी टूर्नामेंटों के बीच अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को बचाएं: एमसीसी

**दुबई।** मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को सुरक्षित रखने के लिए तत्काल हस्तक्षेप करने की अपील करते हुए कहा है कि व्यस्त वैश्विक कार्यक्रम के बीच यह घरेलू लीग से प्रभावित होता जा रहा है। नवीनतम एसएलटी20 और आईएलटी20 सहित फ्रेंचाइजी लीग की अधिकता आईसीसी के भविष्य दौरा कार्यक्रम पर बहुत अधिक दबाव डाल रही है जिससे कमजोर सदस्य देशों द्वारा खेले जाने वाले मैचों की संख्या में खतरनाक असमानता पैदा हो रही है।

# स्वर्ण के साथ मिथक तोड़ना चाहती हूं : लवलीना

तीन कांस्य पदक काफी है

भाषा। नई दिल्ली



**ओलंपिक कांस्य** पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन को पूरा भरोसा है कि अधिक वजन वर्ग में खेलने से उन्हें इस महीने के अंत में शुरू होने वाली आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप से किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक नहीं जीत पाने के मिथक को तोड़ने में मदद मिलेगी। वह 15 मार्च से यहां शुरू होने वाली महिला विश्व चैम्पियनशिप के 75 किग्रा वजन वर्ग में हिस्सा लेंगी जबकि पिछली दो विश्व चैम्पियनशिप में उन्होंने 69 किग्रा वजन वर्ग में कांस्य पदक जीता था और 2020 तोक्यो ओलंपिक में भी इसी वजन वर्ग में तीसरा स्थान हासिल किया था। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारत की शीर्ष मुक्केबाज निकहत जरीन का ध्यान भी अपना स्वर्ण पदक बरकरार रखने पर होगा जबकि लवलीना भी शीर्ष स्थान हासिल नहीं कर पाने का मिथक तोड़ना चाहेंगी। असम की 25 साल की मुक्केबाज ने 2018 और 2019 महिला विश्व चैम्पियनशिप दोनों में तीसरा स्थान हासिल किया था और फिर 2020 तोक्यो ओलंपिक में भी कांस्य पदक जीता था। जिससे लोगों ने कहना शुरू कर दिया कि यह प्रतिभाशाली मुक्केबाज अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं कर रहीं। लेकिन लवलीना ने इससे इनकार किया और कहा कि उनकी प्रतिबद्धता हमेशा रिंग में अपना शत प्रतिशत देने की होती है। लवलीना ने अपने सभी तीनों कांस्य पदक 69 किग्रा में जीते हैं लेकिन वह आगामी चैम्पियनशिप में 75 किग्रा में हिस्सा लेंगी। उन्होंने कहा, हां, यह (स्वर्ण पदक नहीं जीतना) मेरे दिमाग में भी चल रहा है, लेकिन मैं इस बार पदक का रंग बदलने के लिए बेकरार हूं। मेरा प्रयास हमेशा स्वर्ण पदक के लिए खेलने का है और इस बार भी कुछ अलग नहीं होगा। तैयारियां अच्छी चल रही हैं और मैं उम्मीद करती हूं कि मैं घरेलू जमीं पर इस मिथक को तोड़ सकती हूं। उन्होंने साथ ही कहा कि मौजूदा विश्व चैम्पियन निकहत जरीन के साथ उसी टीम का हिस्सा होने से उन पर अच्छा प्रदर्शन करके स्वर्ण पदक जीतने का कोई अतिरिक्त दबाव नहीं होगा। मैं यह नहीं सोच रही हूं कि (विश्व चैम्पियन निकहत जरीन) दबाव मुझ पर होगा या नहीं। हमने स्वीकार कर लिया है कि हमें इस दबाव के साथ रहना होगा। हर टूर्नामेंट में ऐसा होता है। मेरा ध्यान सिर्फ इसी पर लगा है कि मैं कितना अच्छा प्रदर्शन कर सकती हूं। इसका मतलब है कि नतीजों के बारे में सोचकर अतिरिक्त दबाव नहीं लूं।

### गेंदबाजी में विविधता का फायदा उठा रही है मुंबई इंडियन्स की टीम: वोंग

**मुंबई।** मुंबई इंडियन्स के महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में लगातार तीसरी जीत दर्ज करने के बाद टीम की तेज गेंदबाज इसी वोंग ने संकेत दिए कि गेंदबाजी आक्रमण में विविधता ने टूर्नामेंट में टीम को मजबूती प्रदान की है। मुंबई इंडियन्स के प्रदर्शन में वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर हेली मैथ्यूज की अहम भूमिका रही है। उन्होंने गुजरात जाइंट्स के खिलाफ 47 रन की पारी के साथ शुरुआत की और फिर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ तीन विकेट चटकाने के अलावा नाबाद 77 रन बनाए। गुरुवार को मैथ्यूज ने 19 रन पर तीन विकेट चटकाने के अलावा 32 रन की तेजतर्रार पारी खेली जिससे मुंबई इंडियन्स ने पांच ओवर शेष रहते दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराया। वोंग ने भी गुरुवार को दिल्ली के खिलाफ तीन विकेट चटकाए। उन्होंने कहा, हमारे गेंदबाजी आक्रमण में काफी विविधता है। हमारे पास बाएं हाथ की स्पिनर, ऑफ स्पिनर, लेग स्पिनर हैं। हमारे पास तेज गेंदबाजी में भी विविधता है।

# अंकिता और रुतुजा सेमीफाइनल में

भाषा। बेंगलुरू

**भारत की** अंकिता रैना और रुतुजा भोसले ने शुक्रवार को यहां तीन सेट में जीत दर्ज करके आईटीएफ महिला ओपन टेनिस टूर्नामेंट के एकल वर्ग में सेमीफाइनल में प्रवेश किया। टूर्नामेंट में चौथी वरीयता प्राप्त रैना ने बोस्निया-हर्जेगोविना की डिया हर्जेलास को 6-1, 6-7 (7), 7-5 से जबकि भोसले ने ब्रिटेन की आठवीं वरीयता प्राप्त एडेन सिल्वा को 3-6, 7-6 (5), 6-4 से हराया। रैना और भोसले शनिवार को होने वाले सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगी। इससे पहले चेक गणराज्य की शीर्ष वरीय ब्रेंडा फ्रुहविर्तोवा ने इंडोनेशिया की छठी वरीय मैडलीने नुगरोहो को 6-0, 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पांचवीं वरीयता प्राप्त डालिला जाकुपोविच ने भी दूसरे क्वार्टर फाइनल में इकुमी यामाजाकी के खिलाफ 6-2, 6-0 से आसान जीत दर्ज की। इस बीच महिला युगल के सेमीफाइनल में भोसले और उनकी स्वीडिश जोड़ीदार जैकलीन अवाड को जॉर्ज फ्रांसिका और जॉर्ज मटिल्डे की शीर्ष वरीयता प्राप्त पुर्तगाली जोड़ी से 6-2, 3-6, 8-10 से हार का सामना करना पड़ा।



रुतुजा

### ंडी मरे बीएनपी परिबास ओपन के दूसरे दौर में

**इंडयन वेल्स।** तीन बार के ग्रैंडस्लैम विजेता एंडी मरे ने गुरुवार को एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए टॉमस मार्टिन एचवेरी को हराकर बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। मरे ने तीन घंटे से अधिक चले पहले दौर के मुकाबले में एचवेरी को 6-7, 6-1, 6-4 से हराया। मरे ने मौजूदा सत्र मे निर्णायक तीसरे या पांचवे सेट मे पहुंचे किसी मुकाबले को नही गंवाया है। मरे ने 2023 मे तीसरे सेट मे पहुंचने पर बेस्ट ऑफ थ्री सेट के अपने पांचो जबकि पांचवें सेट में पहुंचने पर बेस्ट ऑफ फाइव सेट के दोनो मुकाबले जीते हैं। तीन ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले स्टेन वावरिंका ने भी कैलिफोर्निया मे हार्ड कोर्ट प्रतियोगिता मे वापसी करते हुए तीन सेट तक चले मुकाबले में क्वालीफायर एलेक्सांद्र वुकिच को 6-4, 1-6, 6-1 से हराया। वावरिंका अगले दौर मे 26वें वरीय मियोमिर केसमानोविच से भिड़ेंगे। बेन शेल्टन ने फाबियो फोगनिनी को 6-4, 6-1 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।